Page 11 खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10 देश




**टीम इंडिया के लिए तीनों फॉर्मेट में खेला, फिर भी 10 मैच में ही खत्म हो गया करियर**

**कांग्रेस शासित तेलंगाना में बैन हो सकती है कंगना रनौत की फिल्म**




कृष्ण पक्ष, पुष्य, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शनिवार • 31 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 261 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 67,150 | ₹88,500 |



## आज का इतिहास

- 1778 : ब्रिटिश क्रांति के दौरान ब्रिटिश ब्रॉन्क्स में 17 शेयरब्रिज भारतीयों को मारा गया।
- 1956 : भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने राज्य पुनर्गठन विधेयक को मंजूरी दी।

## न्यूज बाइट्स

### एक सितंबर को सीडीएस और एनडीए की परीक्षा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार प्रशासनिक सेवा के 10 अधिकारियों को पटना समाहरणालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने यह आदेश जारी किया है। दरअसल संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) नई दिल्ली द्वारा 01 सितंबर को पटना में आयोजित होने वाली कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज (सीडीएस) एग्जाम 2 एवं नेशनल डिफेंस अकेडमी एंड नेवल अकेडमी (एनडीए) एग्जाम 2 के सफल संचालन के लिए इन अधिकारियों को पटना समाहरणालय में प्रतिनियुक्त किया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी चेन्नई से दिखाएंगे दो नई ट्रेनों को हरी झंडी

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को चेन्नई में दो वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। समाचार एजेंसी पीटीआई ने दक्षिणी रेलवे के हवाले से इसकी जानकारी दी। नई ट्रेनें, डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से नागरकोइल और मदुरै से बेंगलुरु छावनी तक संचालित की जाएंगी। रेलवे की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे और ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि नागरकोइल की ट्रेन को केवल उद्घाटन के दिन डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से हरी झंडी दिखाई जाएगी, लेकिन नियमित सेवा चेन्नई एग्मोर से होगी। यह ट्रेन बुधवार को छोड़कर सभी दिन चलेगी।

### टैलेंट सर्च : अब तक 33385 छात्रों ने ही प्रवेश पत्र किया डाउनलोड

**पटना (नि.सं.)।** टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथेमैटिकल साइंसेज परीक्षा के लिए राज्यभर से छठी से बारहवीं कक्षा के 77637 बच्चों ने आवेदन किया है। इसमें 33385 छात्रों ने ही एडमिट कार्ड डाउनलोड किया है। परीक्षा रविवार को आयोजित की जाएगी। बोर्ड की ओर से सभी जिले के डीईओ को संबंधित विद्यालयों के प्रधानों से बच्चों का प्रवेश पत्र डाउनलोड करा कर शनिवार तक निर्गत करने का आदेश दिया गया है। जिन बच्चों का प्रवेश पत्र नहीं रहेगा वे परीक्षा देने से वंचित रह जाएंगे।

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा : एक से 8वीं की परीक्षा में हर प्रश्न का रहेगा कोड

**पटना (नि.सं.)।** एक से 8वीं कक्षा की परीक्षा में हर प्रश्न के साथ लर्निंग आउटकम (अधिगम प्रतिफल) का कोड रहेगा। यह हर विषय के प्रश्न पत्र के साथ होगा। यह व्यवस्था पहली बार एससीईआरटी की ओर से की जा रही है, इससे परीक्षा के बाद मूल्यांकन के दौरान एससीईआरटी छात्रों की प्रतिभा का आकलन करेगी। इसके जरिये कक्षा की पढ़ाई में लर्निंग आउटकम का फायदा हुआ है या नहीं।

---

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ की बैठक, कहा

# कुलपतियों को किया निर्देशित, मुख्यालय न छोड़ें, कॉलेजों का नियमित करें निरीक्षण

- विश्वविद्यालयों की आधिकारिक वेबसाइटों को नियमित रूप से अपडेट करने पर जोर दिया गया।
- लंबित छात्र संघ चुनावों के तौर-तरीकों पर काम करने के लिए विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया गया।
- बैकलॉग परीक्षाओं की स्थिति और शैक्षणिक कैलेंडर की समीक्षा की गई।



निज संवाददाता | पटना

बिहार के राज्यपाल-सह-विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने शुक्रवार को राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को निर्देश दिया। कि वे सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना अपना मुख्यालय न छोड़ें और अपने अधिकार क्षेत्र के तहत कॉलेजों का नियमित निरीक्षण करें। कुलाधिपति ने राजभवन में शुक्रवार को सभी कुलपतियों के साथ एक बैठक बुलाई थी। 12 जून के बाद पहली बार जब राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच लंबे समय से चल रहा गतिरोध इस बैठक के बाद टूट गया। अर्लेकर ने कहा कि विश्वविद्यालयों को जमीनी स्थिति और अपनी सुविधा का आंकलन करने के बाद लंबित छात्र संघ चुनाव कराने के तौर-तरीकों पर काम करना चाहिए। राज्य के विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव काफी पहले हो चुका है।

बैठक में बैकलॉग परीक्षाओं की स्थिति और शैक्षणिक कैलेंडर की भी समीक्षा की। कुलपतियों को बैठक से पहले निर्धारित एक्सेल पैटर्न में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक कैलेंडर की स्थिति, लंबित परीक्षाओं की स्थिति, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को भुगतान की स्थिति प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा, अगर विश्वविद्यालयों के विभाजन के कारण सेवानिवृत्ति बकाया के भुगतान में दो या दो से अधिक विश्वविद्यालय शामिल हैं, तो संबंधित कुलपतियों को इसका समाधान करना चाहिए और भुगतान में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

राज्यपाल आर्लेकर ने विश्वविद्यालयों में लोकपाल नियुक्त करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कुलपतियों से इस पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों की तलाश करने को कहा। बार-बार याद दिलाने के बावजूद लोकपाल नियुक्त नहीं करने पर यूजीसी ने जून में विश्वविद्यालयों की डिफॉल्टर सूची जारी की थी। इस सूची में टीएम भागलपुर विश्वविद्यालय समेत बिहार के पांच विश्वविद्यालय शामिल हैं। यूजीसी के नियम के अनुसार, सभी विश्वविद्यालयों में छात्रों की विश्वविद्यालय संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए एक लोकपाल होना चाहिए। लोकपाल की मुख्य भूमिका छात्रों की शिकायतों का समाधान करना है।

### अब नए एसीएस खोलेंगे विश्वविद्यालयों का बहीखाता

इसके अलावा कुलाधिपति ने कुलपतियों को भारतीय भाषाओं में पुस्तक लेखन शुरू करने का भी निर्देश दिया। क्योंकि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (आईजीसी) ने उच्च शिक्षा को समृद्ध करने के लिए भारतीय भाषाओं में 22000 किताबें विकसित करने के लिए योजना शुरू की है। विश्वविद्यालयों की आधिकारिक वेबसाइटों को अपडेट करने पर भी राज्यपाल ने जोर देते हुए कुलपतियों से कहा कि वो छात्रों तक समय पर जानकारी और अपडेटशन सुनिश्चित करें। और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी साझा करें।

अर्लेकर ने कुलपतियों को सलाह भी दी कि वे पद की गरिमा के अनुरूप आचरण करें। शिक्षा विभाग भी इस सप्ताह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट तैयार करने के लिए राज्य विश्वविद्यालयों के अधिकारियों के साथ व्यस्त रहा। बजट को अंतिम रूप देने के लिए विश्वविद्यालयों के साथ अलग-अलग बैठकें की गईं।

---

# बिहार के नए डीजीपी बने आलोक राज

निज संवाददाता | पटना



1989 बैच के आईपीएस अफसर आलोक राज बिहार के नए डीजीपी बनाए गए हैं। गृह विभाग की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। आलोक राज विजिलेंस इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के डीजी पद पर थे। फिलहाल वे अभी इस पद पर भी बने रहेंगे। बिहार सरकार ने आईपीएस अफसर आरएस भट्टी को रिलीव कर दिया है। उन्हें केंद्र सरकार ने सीआईएसएफ का डीजी बनाया है। बिहार के डीजीपी राजविंदर सिंह भट्टी सेंट्रल डेपुटेशन पर जा रहे हैं। उन्हें सीआईएसएफ के डीजी बनाया गया है। आरएस भट्टी की पहचान बिहार के सख्त अफसरों में होती है। उन्होंने एसपी रहते कई बाहुबलियों को गिरफ्तार किया। भट्टी ने बिहार में दो सरकारों के लिए काम किया है। महागठबंधन की सरकार में उन्हें बिहार पुलिस का मुखिया बनाया गया था, लेकिन एनडीए सरकार में कानून व्यवस्था को लेकर काफी सवालों में रहें। महागठबंधन की सरकार ने उन पर भरोसा जताया था, लेकिन सत्ता से बाहर होने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रोजाना क्राइम बुलेटिन जारी कर बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। अब भट्टी को सेंट्रल डेपुटेशन पर भेजा जा रहा है तो तेजस्वी का कहना है कि बिहार में कोई अफसर रहना नहीं चाहता है।

### 20 महीने तक डीजीपी रहे आरएस भट्टी

तब मुख्यमंत्री ने बीएसएपी का पहला एडीजी बनाया था, लेकिन इसके बाद भट्टी फिर से सेंट्रल डेपुटेशन पर चले गए थे। अब करीब 20 महीने तक बिहार के डीजीपी रहने के बाद फिर से वो सेंट्रल डेपुटेशन पर जा रहे हैं। सितंबर 2025 तक आरएस भट्टी का कार्यकाल है। इसके बाद वो भारतीय पुलिस सेवा की नौकरी से रिटायर्ड हो जाएंगे। इस कारण बतौर डीजीपी उनका एक साल से अधिक समय का कार्यकाल बचा था। अचानक से जुलाई महीने में उनके वापस से सेंट्रल डेपुटेशन पर जाने की चर्चा होने लगी थी। अनुमान लगाया जा रहा था कि आरएस भट्टी 15 अगस्त के बाद कभी भी अपना पद छोड़ सकते हैं। बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी पोस्टिंग ऑर्डर के बाद इस चर्चा पर मुहर लग गई।

सवाल उठता है कि एक राज्य के डीजीपी होते हुए राजविंदर सिंह भट्टी सीआईएसएफ के डीजी क्यों बने? वो वापस सेंट्रल डेपुटेशन पर क्यों जाना चाह रहे थे? इन सवालों का जवाब जानने के लिए पड़ताल शुरू की तो पुलिस मुख्यालय में कई तरह

---

# बिहार के मुख्य सचिव की दौड़ में अमृत लाल मीणा सबसे आगे

निज संवाददाता | पटना



बिहार के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा दो दिन बाद यानी 31 अगस्त को रिटायर कर रहे हैं। मुख्य सचिव की दौड़ में 1989 बैच के अधिकारी अमृत लाल मीणा सबसे आगे हैं। वर्तमान में वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। कोयला मंत्रालय के सचिव हैं। वर्ष 2021 के सितंबर में वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे। अगले वर्ष 31 अगस्त को वह रिटायर होने वाले हैं। अमृत लाल मीणा के संबंध में यह कहा जा रहा कि वरीयता को ध्यान में रख उन्हें मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के पहले वह बिहार में पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव थे। इसके पूर्व वह नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पंचायती राज विभाग का दायित्व भी संभाल चुके हैं। एक समय केंद्र में ग्रामीण विकास मंत्री रहे रघुवंश प्रसाद सिंह के सचिव भी रहे हैं। वर्तमान मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा भी 1989 बैच के अधिकारी हैं।

---

# झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन बीजेपी में शामिल



निज संवाददाता | रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बीजेपी में शामिल हो गए। रांची के धुर्वा स्थित शहीद मैदान में कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चंपाई सोरेन के आने से भाजपा मजबूत होगी। टाइगर अभी जिंदा है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जेएमएम अब पति-पत्नी और दलालों की पार्टी रह गई है। वहीं, चंपाई सोरेन ने कहा कि मैं दिल का साफ हूं, मैंने कभी नहीं सोचा था मेरी जासूसी होगी। जिसने झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी उसके पीछे जासूस लगाया। उस दिन के बाद हमने फैसला लिया कि दल में जाएंगे, जनता की सेवा करेंगे। चंपाई ने बुधवार, 28 अगस्त को देर शाम झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

---

# राज्य के 52 केंद्रीय विद्यालय जुड़ेंगे ऑनलाइन

निज संवाददाता | पटना





राज्य के सभी केन्द्रीय विद्यालय अब ऑनलाइन जुड़ेंगे। इसके लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने तैयारी शुरू कर दी है। अब एक विद्यालय में किसी विषय की कक्षा चलेगी तो उस विषय की कक्षा से अन्य केन्द्रीय विद्यालय के छात्र भी जुड़ सकेंगे। यह सुविधा राज्य भर के सभी 52 केन्द्रीय विद्यालय में शुरू होगी। इस सुविधा का फायदा एक साथ दस से 15 केंद्रीय विद्यालय को मिल सकेगा। बता दें कि राज्य के कई केन्द्रीय विद्यालय है, जहां पर विषय वार शिक्षकों की कमी है। इन शिक्षकों की कमी को तुरंत दूर की जाए, इसके लिए यह ऑनलाइन व्यवस्था शुरू की गयी है। जिन केवि में विषय वार शिक्षक नहीं होंगे, उस विषय की कक्षाएं अब ऑनलाइन मोड में होगी। ऐसे केवि के छात्र उस केवि से जुड़ कर पढ़ाई करेंगे जहां पर उस विषय के शिक्षक होंगे। इसके लिए उन विद्यालयों की सूची तैयार की जा रही है जहां पर विषयवार शिक्षकों की कमी है। यह सुविधा सितंबर के दूसरे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है।

ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे छात्रों को प्रश्न पूछने का भी मौका दिया जाएगा। छात्र शिक्षक से ऑनलाइन मोड में ही प्रश्न पूछ सकेंगे। यह कक्षा पूरी तरह से ऑफलाइन जैसी होगी। पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को अपनी जिज्ञासा वाले प्रश्न भी पूछने का मौका दिया जाएगा, जिससे छात्रों की हर दिक्कतें दूर की जा सकें। बता दें कि यह सुविधा केन्द्रीय विद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत की जा रही है।

### अन्य निजी स्कूल भी जुड़ सकते हैं

बता दें कि यह सुविधा अन्य निजी स्कूलों को भी केन्द्रीय विद्यालय संगठन देगा। इसके लिए संबंधित निजी स्कूल को केन्द्रीय विद्यालय संगठन से संपर्क करनी होगी। जो निजी स्कूल संपर्क करेगा, वहां के छात्रों को केन्द्रीय विद्यालय में चल रहे कक्षा से जोड़ा जाएगा। यह सुविधा कक्षा पांचवीं से 12वीं तक के लिए दी गई है।

---

# बिहार बोर्ड पोर्टल से जुड़े 9263 स्कूल, अब टीआर मिलेगा ऑनलाइन

निज संवाददाता | पटना

बिहार बोर्ड के मैट्रिक और इंटर का टेबुलेशन रजिस्टर (टीआर) अब स्कूलों को ऑनलाइन उपलब्ध होगा। मैट्रिक और इंटर रिजल्ट घोषणा के साथ ही अब स्कूलों को टीआर भेज दिया जाएगा। इसके लिए बिहार बोर्ड ने एक पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल से राज्य के 9263 माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों को जोड़ा गया है। बोर्ड सूत्रों के अनुसार यह पोर्टल वर्ष 2025 से पूरी तरह काम करने लगेगा। इसके अलावा सभी स्कूलों को सेंटअप परीक्षा का रिजल्ट भी इस पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इससे राज्य भर के स्कूलों को सेंटअप परीक्षा के साथ ही उसका रिजल्ट बोर्ड को प्राप्त हो जाएगा। इससे बोर्ड आगे की कार्रवाई कर सकेगा। बता दें कि अब तक मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट घोषित होने के एक महीने से डेढ़ महीने के बाद बिहार बोर्ड की ओर से स्कूलों को टीआर की हार्ड कॉपी भेजी जाती थी। ऐसे में स्कूलों को लंबा इंतजार करना होता था, लेकिन अब रिजल्ट घोषणा के साथ ही स्कूल प्रशासन खुद अपने रिजल्ट का आकलन कर पाएंगे। बोर्ड की ओर से सभी जिलों के रिजल्ट को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। रिजल्ट घोषणा के दो से तीन घंटे के अंदर स्कूलों अपना लॉग-इन करके टीआर को डाउनलोड कर पाएंगे। इसके लिए बिहार बोर्ड सभी स्कूलों को लॉगिन नंबर और पासवर्ड उपलब्ध करवायेगा। इससे स्कूल अपना टीआर देख पायेंगे।

सीबीएसई दसवीं और 12वीं परीक्षा की तैयारी, परीक्षा फॉर्म भरवाने से लेकर केन्द्र बनाने तक की सारी जानकारी सीधे स्कूलों से लेता है।

---

राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह पर हुआ खेल का आयोजन

# पीआईबी-सीबीसी कर्मियों को दिलायी गयी फिट इंडिया की प्रतिज्ञा

निज संवाददाता | पटना



राष्ट्रीय खेल दिवस के मद्देजनर देश भर में 26 से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) और प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) पटना द्वारा 30 अगस्त 2024 को खेल सहित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीआईबी के निदेशक आशीष लाकड़ा एवं सीबीसी पटना के प्रमुख-उपनिदेशक संजय कुमार और ने मंत्रालय के कर्मियों को फिट इंडिया प्रतिज्ञा दिलाई। प्रतिज्ञा के माध्यम से सभी ने एक सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए हर दिन 30 मिनट का समय निकालने, अपने परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों को भी फिट रहने के लिए प्रोत्साहित करने की प्रतिज्ञा ग्रहण की।

राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह एलएनजेपी आवासीय परिसर पटना में बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया। इफ़्तेख़ार आलम और ज्ञान प्रकाश की कप्तानी में बनी दो टीम के बीच बैडमिन्टन मैच हुआ, जिसमें ज्ञान प्रकाश की टीम विजेता रही। जबकि इफ़्तेख़ार आलम आलम की टीम उप विजेता। पीआईबी के निदेशक आशीष लकड़ा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। मौके पर रस्सी कूद प्रतियोगिता भी हुई जिसमें प्रथम अंजना झा, द्वितीय आशीष लकडा और तीसरे स्थान पर दीपक कुमार रहे। लगातार तीन ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिला कर देश को गौरवान्वित करने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनके सम्मान में प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उनकी विरासत आज भी खिलाड़ियों और देशवासियों को प्रेरित कर रही है।

---

# ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

निज संवाददाता | पटना





ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय पटना में राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 के अवसर पर 26.08.2024 से 31.08.2024 तक होने वाले कार्यक्रमों के तहत 30.08.2024 को विभिन्न खेल क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। खेल दिवस का शुभारंभ क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी संजय कुमार द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं कार्मिकों को स्वस्थ भारत प्रतिज्ञा के साथ किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यदि हमें बिमारियों से सुरक्षित रहना है तो जीवन में स्वास्थ्य को महत्व देना अतिआवश्यक है। अतः प्रत्येक दिन अपने स्वास्थ्य के लिए कुछ समय अवश्य दें। स्वास्थ्य के लिए दिया गया यह कुछ समय ही हमें जीवन में बहुत समय के लिए ऊर्जावन एवं रोगमुक्त बनाए रख सकता है। उक्त आयोजन के सफल संचालन के लिए क्षेत्रीय निदेशक प्रभारीद द्वारा तीन सदस्यों राकेश रंजन तिवारी उप निदेशक एवं जयंत कुमार सहायक निदेशक एवं ड.के रंजन सहायक निदेशक की एक समिति गठित की गई थी। आयजन समिति की देखरेख में इंडोर क्रियाकलाप के रूप में बैटमिंटन टेबल टेनिस कैरम तथा फन क्रियाकलाप के रूप में म्यूजिकल चेयर और लेमन चेज जैसे स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालयों से 108 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। 29.08.2024 राष्ट्रीय खेल दिवस 2024 के कार्यक्रमों के समापन समारोह आयोजित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सफल प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को मेजर ध्यानचंद ट्राफी प्रदान की गयी। साथ ही कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि हम सब स्वास्थ्य के प्रति स्वयं एवं अपने आसपास के लोगों को जागरूक करेंगे एवं स्वस्थ्य भारत का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

---

बिहार में एक दिन में 50 केस, 18 राजधानी से, समस्तीपुर के आंकड़े भी डराने वाले

# पटना बना डेंगू का हॉटस्पॉट, अब तक तीन की मौत

निज संवाददाता | पटना





बिहार के कई जिलों में डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। राजधानी पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है, यहां से सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। इधर एनएमसीएच में भर्ती 16 साल के आर्यन की गुरुवार को डेंगू से मौत हो गई। डेंगू से पटना में ये तीसरी मौत है। इससे पहले एक बुजुर्ग और एक महिला की भी इसी बीमारी से जान जा चुकी है। 24 अगस्त की रात नौबतपुर के आर्यन को भर्ती कराया गया था। एनएमसीएच के नोडल पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि आर्यन का प्लेटीलेट्स लगातार कम होने से उसकी मौत हो गई है। मरीज को पहले से पीलिया था। इधर राज्य में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरुवार को राज्य में 50 नए मरीज मिले। इसमें हॉटस्पॉट बने पटना से 18 केस सामने आए हैं। पटना के बाद सबसे अधिक समस्तीपुर में छह मरीज मिले हैं, यहां अब तक 40 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। 1 जनवरी 2024 से अभी तक बिहार में 646 लोग पीड़ित हुए हैं। जबकि पटना में 265 लोग पीड़ित हो चुके हैं। मेदांता में 3, मेडिवर्सल में 2, फोर्ड में 3 और जिले के अन्य सरकारी अस्पतालों में कुल 10 मरीज एडमिट हैं।

सदर अस्पताल में 10 बेड रिजर्व

राज्य में सबसे अधिक मरीज पटना जिले में ही मिल रहे हैं। इसको लेकर सरकारी अस्पतालों में बेड रिजर्व है। डेंगू को देखते हुए सदर अस्पताल में 10 बेड, अनुमंडल अस्पतालों में 05-05 बेड, सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 02-02 बेड सुरक्षित रखा गया है। अगर मरीजों की संख्या बढ़ती है तो अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ायी जाएगी। सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रैपिड टेस्ट किट से डेंगू की स्क्रीनिंग सुविधा उपलब्ध है। पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस, एम्स, आरआईआरआईएम, न्यू गार्डिनर रोड हॉस्पिटल में ELISA based NS1 और IgM कीट से निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। डेंगू बीमारी एडिज नामक मच्छर के काटने से होती है। एडिज मच्छर दिन के समय काटता है, लेकिन हर बुखार डेंगू नहीं होता है। इस कारण जांच जरूरी है। नगर निगम ने राजधानी में फॉगिंग और एंटी लार्वा के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।

---

# कुछ दिन चलेगा पसीने का मौसम रोहतास समेत कई जिलों में आज होगी बारिश

निज संवाददाता | पटना

अगस्त के आखिरी दो दिनों में मॉनसून बिहार के लोगों को दगा दे गया है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून कमजोर पड़ चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक राज्य में भारी बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। उमस और गर्मी के कारण लोगों को पसीने की समस्या होगी। हालांकि, शनिवार को भी बिहार के रोहतास व बक्सर जैये छिटपुट जगहों पर बारिश होने की बात कही जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण बिहार के जिलों में रोजाना हल्की या बूंदाबांदी होने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ देर के लिए बादल भी छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग ने शनिवार को किसी भी जिले में भारी बारिश की संभावना नहीं जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र कमजोर पड़ गया है, जिसका असर बिहार के मौसम पर पड़ रहा है। सीतामढ़ी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। अगले 3 दिनों तक तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। शनिवार को दक्षिण बिहार के जिलों में तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन हल्की या बूंदाबांदी के साथ कहीं-कहीं मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता सेनानी की 95 वर्षीया पत्नी का निधन

**फतेहपुर**। फतेहपुर प्रखंड की जयपुर पंचायत के पूर्व मुखिया व स्वतंत्रता सेनानी स्व. महावीर सिंह की पत्नी 95 वर्षीय शांति देवी का बुधवार को निधन हो गया। वे पिछले एक सप्ताह से बीमार थी और गया के एम्स हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही बुधवार को उनका निधन हो गया। निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर फतेहपुर नगर पंचायत के इटवां गांव स्थित आवास पर लाया गया। जहां लोगों ने उनका दर्शन किया। अंतिम संस्कार में भाकपा माले सचिव वीरेंद्र सन्याल, मुखिया राजेन्द्र सिंह राजू, पूर्व मुखिया मिथलेश यादव, पूर्व मुखिया टुनटुन पासवान, कौलेश्वर यादव, वीरेंद्र संयाल, रूपनारायण यादव, मुकेश कुमार, हिमांशु गौतम, भाजपा नेता नरेश राम, पंकज कुमार सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक, ठाकुर आनंद सिंह चुने गए संयोजक

**टनकुप्पा**। उतलीबारा पंचायत के भदान गांव में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने को लेकर पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। मौके पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ठाकुर आनंद सिंह को टनकुप्पा प्रखंड का संयोजक चुना गया। मौके पर पूर्व सांसद हरि मांझी, पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. करुणा सिंह, जिला मंत्री विनोद सिंह, जिला युवा मोर्चा के सौरभ सिंह, धनंजय सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, किशोर सिंह, राजो सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### जंगली सुअर के हमले में खेल रहे दो बालक जख्मी

**करायपरसुराय**। थाना क्षेत्र के बिंसा सलेमपुर गांव में जंगली सुअर ने हमला बोलकर दो बच्चों को जख्मी कर दिया। दोनों जख्मी बच्चों का निजी क्लिनिक में इलाज चल रहा है। जख्मी बालक मिंटू सिंह का 5 वर्षीय पुत्र अमन कुमार और बिट्टू बिंद का 7 वर्षीय पुत्र मुकेश बिंद शामिल है। बताया जाता है कि पटना जिले के काजी बिगहा गांव में उत्पात मचा रहे जंगली सुअरों को खदेड़ा गया था। सुअर भागकर बिंसा सलेमपुर गांव प्रवेश कर गए और खेल रहे दोनों बच्चों पर हमला कर जख्मी कर दिया। ग्रामीणों द्वारा सुअरों को खदेड़ कर भगा दिया गया है।

### जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पौधा लगाना जरूरी




**बोधगया**। सशस्त्र सीमा बल, गया क्षेत्रक मुख्यालय के कार्यवाहक उप महानिरीक्षक राजेंद्र भरद्वाज के मार्गदर्शन में क्षेत्रक मुख्यालय (वि प्र.), सशस्त्र सीमा बल के द्वारा खजबती स्थित श्री अच्युतानंद आदर्श +2 उच्च विद्यालय खजबती के परिसर में गुरुवार को वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल के अधीनस्थ अधिकारी, बल कर्मी और विद्यालय के शिक्षक, छात्र एवं छात्राओं के द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया है। इस अवसर पर छात्र एवं छात्राओं को वृक्षारोपण की उपयोगिता तथा पर्यावरण को बचाने व पेड़ के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही साथ छात्रों को पर्यावरण के सबंध में जागरूक किया गया। एसएसबी के द्वारा बताया गया कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी हो रहा है। इससे जलवायु परिवर्तन हो रहा है एवं प्रकृति पर प्रतिकूल दुष्प्रभाव पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन को रोकने का एक मात्र उपाय है कि अधिक से अधिक लोग पेड़ लगाए और जो पेड़ लगे हुए है। उनका संरक्षण करे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रक मुख्यालय के अधीनस्थ अधिकारीगण, बलकर्मी एवं स्कूल के शिक्षक, छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

### रोटरी ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित




**गया**। गया कॉलेज खेल परिसर स्थित खेल भवन में राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी ने तृतीय राजा कर्ण राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में विजेता बन लौटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया। तीरंदाजी कोच जयप्रकाश ने बताया कि 6 से 8 अगस्त तक पटना में आयोजित इस प्रतियोगिता में गया के तीरंदाजों ने 29 पदक जीत ओवरऑल चैम्पियन बना और जिले का नाम रोशन किया। इन खिलाड़ियों को रोटरी गया सिटी की सचिव डॉ. अमिता सिन्हा, प्रसिद्ध सर्जन डॉ. रतन कुमार, अरविंद कुमार सिन्हा, राजकुमार दुबे, अमरेश कुमार पूर्व अध्यक्ष विजय भलोटिया व संजय सिंह ने सम्मानित किया। सचिव डॉ. अमिता सिन्हा ने कहा कि जिले के बच्चे खेल में अच्छा कर रहे हैं। हमें प्रयास करना चाहिए कि इन खिलाड़ियों को हर संभव मदद मिल सके। इनकी प्रतिभा और निखरे और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत जिले व राज्य का नाम रोशन करें। मौके पर धर्मदेव दास, रमेश सिंह, दिवेश कुमार, संगीता पांडे, अनामिका सिंह आदि मौजूद थीं।

# बच्ची का मिला शव, पड़ोसी पर हत्या का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा





♦ नालंदा में 4 अगस्त को बहन की भी हुई थी मौत, हिरासत में आरोपी

नालंदा में गुरुवार शाम से लापता 5 साल की बच्ची का शव शुक्रवार सुबह नोनिया नदी से बरामद हुआ है। मृतका के परिजनों ने आपसी विवाद में पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मृतका की बहन की मौत 4 अगस्त को पेट दर्द की शिकायत के बाद हुई थी। फिलहाल, पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दरअसल, करीब 3 महीने पहले बच्ची के स्कूल वाहन से पड़ोसी के गाड़ी में टक्कर हुई थी। इसमें गाड़ी को हल्का नुकसान हुआ था। बच्ची के पिता ने स्कूल का पक्ष लिया था। इस कारण पड़ोसी ने बर्बाद करने की धमकी दी थी।

**कल देर शाम लापता हुई थी बच्ची**: मामला चण्डी थाना क्षेत्र के जसवंत बीघा गांव का है। मृतका सत्येंद्र कुमार की बेटी सुप्रिया भारती (5) है। घटना के संबंध में मृतका के पिता सत्येंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 5 बजे उनकी बेटी घर से दालान के लिए निकली थी। जो महज चार घर ही दूर है। फिर लापता हो गई। काफी खोजबीन की, सुप्रिया का कहीं पता नहीं चल सका। शुक्रवार की सुबह घर के बगल नोनिया नदी में शव मिला। परिजन ने आरोप लगाया कि पहले के विवाद को लेकर पड़ोसी पप्पू कुमार ने घर से निकली बच्ची को गायब कर दिया और नदी में फेंक दिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

**महीने भर में 2 बच्चियों की मौत**: 4 अगस्त को सुप्रिया भारती की छोटी बहन सानिया कुमारी की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी। वह घर के बाहर खेल रही थी। अचानक पेट दर्द की शिकायत पर घर पहुंची, कुछ देर में मौत हो गई। महीने भर के अंदर दो बच्चियों की मौत से पूरा परिवार सदमे में डूब गया। सत्येंद्र कुमार खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। घर में पति-पत्नी के अलावा अब एक 12 साल का बेटा रह गया है।

**पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया**: इस मामलें में चण्डी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पड़ोसी को आरोपित कर आवेदन दिया गया है। फिलहाल, पड़ोसी पप्पू कुमार को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

**पड़ोसी ने बर्बाद करने की दी थी धमकी**: बताया जाता है कि 3 महीने पहले सुप्रिया भारती स्कूल में जिस गाड़ी से पढ़ने के लिए जाती थी। उसका टक्कर पप्पू कुमार की गाड़ी से हो गया था। इसके बाद पंचायत स्तर पर मामला का निपटारा हुआ। पप्पू कुमार की गाड़ी बनाने की एवज में 9 हजार देने की बात तय हुई। स्कूल का पक्ष सुप्रिया के पिता सत्येंद्र कुमार ले रहे थे। जिसके बाद पप्पू ने धमकी दी थी कि वह उन्हें बर्बाद कर देगा। इसी आधार पर परिजन ने पप्पू पर हत्या का आरोप लगाया है।

## नालंदा में 259 बेरोजगारों को मिलेगा अवसर

निज संवाददाता। नालंदा



♦ मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थियों की सूची जारी, जल्द ही चयनित लाभुकों का होगा प्रशिक्षण

नालंदा जिले में बेरोजगारों के लिए अवसर है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना और मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना के तहत चयनित लाभार्थियों की सूची जारी कर दी है। इस योजना के अंतर्गत नालंदा जिले से कुल 259 आवेदनों का चयन किया गया है। जिला उद्योग केंद्र के प्रोजेक्ट मैनेजर सचिन कुमार ने बताया कि यह चयन पूरी तरह से लॉटरी प्रणाली पर आधारित है। चयनित लाभार्थियों में विभिन्न वर्गों का समावेश सुनिश्चित किया गया है। कहा कि एससी-एसटी, ईबीसी, महिला और युवा उद्यमी श्रेणियों में प्रत्येक से 56-56 आवेदकों का चयन किया गया है, जबकि अल्पसंख्यक उद्यमी योजना के लिए 35 आवेदकों को चुना गया है। यह योजना बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चयनित लाभार्थियों को अब सत्यापन और प्रशिक्षण की प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसके बाद उन्हें सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

**जल्द ही आवेदकों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू होगी**: महाप्रबंधक, उद्योग विभाग, विशेश्वर प्रसाद ने इस संबंध में कहा कि हम जल्द ही आवेदकों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करेंगे। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा और फिर उद्योग स्थापित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत इंटरमीडिएट पास लाभार्थियों को अधिकतम 10 लाख रुपए तक की राशि मिल सकती है। यह राशि तीन किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त में 4 लाख, दूसरी में 4 लाख और तीसरी में 2 लाख रुपए। इस राशि का 50% अनुदान होगा, जबकि शेष राशि ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में 7 वर्षों में 84 किस्तों में चुकानी होगी। सचिन कुमार ने लाभार्थियों को सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा है कि किसी भी बिचौलिए या साइबर फ्रॉड से सावधान रहें। सत्यापन के नाम पर कोई भी व्यक्ति फोन या संदेश के माध्यम से पैसों की मांग करता है, तो उससे सावधान रहें।

## गया में अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही

निज संवाददाता। गया




गया के शेरघाटी थाना क्षेत्र के कमात गांव के रंबोली मंडल का इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत का कारण समय पर एम्बुलेंस का नहीं मिलना है। परिजनों का आरोप है कि एम्बुलेंस चालक ने गया मगध मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए 400 रुपए की डिमांड की थी। मरीज की मौत से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। अस्पताल के मुख्य द्वार पर शव के साथ इंसाफ की मांग को लेकर प्रदर्शन करते रहे। दोषी के खिलाफ प्राथमिकी करने की मांग की गई है। आखिरकार दोपहर बाद प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार, गरीबन मांझी ने अस्पताल प्रबंधन एवं पुलिस प्रशासन के साथ सामूहिक बातचीत के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया। मृतक की भवह क्रांति देवी ने बताया कि उन्हें पेट दर्द हुआ। पेट फूलने लगा।

हमलोग अस्पताल लेकर आए। इलाज शुरू हुआ। अस्पताल की ओर से बताया गया कि मरीज सीरियस है। गया ले जाइए। मरीज रंबोली मांझी को रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस के लिए चालक नियाज से बात की गई। उसने कहा 400 रुपए दीजिए। हमलोगों ने कहा पैसा नहीं है। फिर उसने बात बदल दी। बोला गाड़ी खराब है। हम नहीं जा सकते। हमलोग लाचार हो गए।

## नालंदा में चेतावनी के बाद काम पर लौटे एम्बुलेंसकर्मी, 4 महीने से वेतन नहीं मिला, सदर अस्पताल में खड़ी कर दी थी एम्बुलेंस

निज संवाददाता। नालंदा



102 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों द्वारा बीते चार माह से वेतन भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में 102 एम्बुलेंस कर्मियों ने गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी। ये लोग हड़ताल पर भी गए। सीएस के समक्ष प्रदर्शन भी किया। लेकिन विभाग ने जब कार्रवाई करने की चेतावनी दी तो कुछ घंटे बाद ही हड़ताल से वापस काम पर लौट आये।

हड़ताल पर जाने की घोषणा करने के साथ सभी एम्बुलेंस को सदर अस्पताल में लाकर खड़ा कर दिया। इस संबंध में सीएस ने सभी स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारियों को विशेष परिस्थिति में चालक व ईएमटी की व्यवस्था करने व अगर स्वास्थ्य केन्द्र से एम्बुलेंस या चाबी बाहर ले जाने का प्रयास किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में संबंधित गाड़ी के चालक व ईएमटी पर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। सीएस डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि समस्या एजेंसी और एम्बुलेंस कर्मी के बीच का है।

अगर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है तो हड़ताल पर जाने से हमलोगों को एतराज नहीं है। क्योंकि उनका अधिकार है। लेकिन गाड़ी को केन्द्र से बिना किसी की अनुमति के बाहर लेकर जाना गलत है। इधर, एम्बुलेंस कर्मियों ने बताया कि एजेंसी द्वारा एक सप्ताह के अंदर बकाया वेतन, इपीएफ एवं ईएसआईसी का भुगतान करने का आश्वासन दिया गया है। आश्वासन के बाद हम लोग हड़ताल से वापस लौट रहे हैं। अगर एक सप्ताह के अंदर हमारी मांगे पूरी नही की गई तो पुनः हड़ताल पर चले जाएंगे।

# महिला धर्म प्रचारक की हत्या, 3 माह पहले आरोपी से हुई थी कहासुनी

निज संवाददाता। गया



गया में बुधवार को धर्म प्रचारक महिला की गोली मार हत्या कर दी गई थी। महिला के पति विजय ने कहा कि हम जनवरी से किराए का मकान लेकर चाकंद में रह रहे थे। मकान में जहानाबाद निवासी जितेंद्र भी रह रहा था। वो भी धर्म प्रचारक है। 5 माह पहले मुझे शक हुआ था कि मेरी पत्नी का जितेंद्र से नाजायज संबंध है। हम किराए का मकान छोड़कर पत्नी के साथ गांव वापस चले गए। मकान छोड़ने के दौरान जितेंद्र से कहासुनी हुई थी। उसने तब ही कहा था कि तुम्हें गोली मार देंगे। पत्नी भी मकान छोड़ने का विरोध कर रही थी। किराए का मकान छोड़ने के बाद जितेंद्र ने मेरी पत्नी की हत्या कर दी। वो मेरी हत्या करने आया था, पर गोली मेरी पत्नी को लग गई। ये जानकारी विजय ने पुलिस को भी दी है।

**दो बिंदुओं पर पुलिस कर रही जांच**: पुलिस मामले के 2 बिंदुओं पर जांच कर रही है। पहला कि वास्तव में नामजद आरोपी जितेंद्र ने ही महिला की हत्या की है या फिर कोई और है। उसकी तलाश में पुलिस जुटी है। यही कारण है कि मृतका के पति विजय को पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में रखा है। उसका मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके कंधे पर छर्रा लगा था। मामूली जख्म है। पुलिस मामले में अभी खुलकर नहीं बोल रही है।

**2022 में जितेंद्र से मुलाकात हुई थी**: विजय ने बताया कि पत्नी अमीषा के सीने में दर्द रहता था। उसका का एक जगह इलाज कराया पर कोई फायदा नहीं हुआ। इसी दौरान वो ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा में गई। वहां उसने अपनी समस्या रखी। उसे बताया गया कि इस बीमारी को कोई दूसरा ठीक नहीं कर सकता है। यीशु ही ठीक कर सकते हैं। दो-तीन बार वहां जाने के बाद उसकी समस्या धीरे-धीरे ठीक हो गई। इसके बाद मेरे सीने में भी दर्द शुरू हो गया। इलाज कराया पर लाभ नहीं हुआ। हम भी पत्नी के कहने पर चर्च की प्रार्थना में पहुंच गए। वहां हम बिल्कुल ठीक हो गए। इसी दौरान जितेंद्र सम्पर्क में आया था। उसी ने इलाज कराया था। इसके बाद पति-पत्नी दोनों धर्म प्रचार में जुट गए। यह सार बातें 2022 से लेकर 2024 तक की है।

**पत्नी की बॉडी को दफनाया**: मृतका के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उसकी डेड बॉडी विजय के परिजनों को सौंप दिया गया था, लेकिन विजय को अस्पताल से अंतिम संस्कार के लिए छुट्टी नहीं दी गई थी। काफी प्रयास और एक नेता की पहल पर चंदौती पुलिस ने उसे छुट्टी दी थी। जिसके बाद विजय ने अपनी पत्नी को चाकन्द के सोढ़ही गांव में दफनाया था। पत्नी को दफनाने के बाद हिन्दू रीति रिवाज के तहत सिर मुंडवा लिया। **जल्द आरोपी गिरफ्तार होगा**: डीएसपी खुर्शीद आलम ने कहा कि एसएसपी ने एसआईटी गठित की है। जांच में धीरे-धीरे कई बातें सामने आ रही है। सब की पुष्टि की जा रही है। साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। रअसल बुधवार को मृतका अपने पति के साथ बाइक से जा रही थी, इसी दौरान उसे गोली मारी गई थी।

### नदी से घिरा स्कूल, बच्चों को किया गया शिफ्ट, जिरायन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी

**नालंदा**। नालंदा में जिरायन नदी का जलस्तर अचानक बुधवार की सुबह बढ़ गया था। बुधवार को जिरायन नदी का जलस्तर 62.42 मीटर था, जो डेंजर लेवल 60.05 मीटर से अधिक था। अभी भी डेंजर लेवल पर ही यहां का जलस्तर है। वहीं, इस जलस्तर के बढ़ने की वजह पड़ोसी राज्य झारखंड में हो रही बारिश को बताया जा रहा है। जिरायन नदी अस्थावां और बिन्द प्रखंड से होकर गुजरती है। जिरायन नदी का पानी निचले इलाकों में घुस गया है। प्रखंड मुख्यालय के पास पीताम्बर बीघा में पानी प्रवेश करने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। इस वजह से नया प्राथमिक विद्यालय, पीताम्बर बीघा को पास के ही एक स्कूल में शिफ्ट किया गया है।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र के अधीन) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं.: 92_2024-25, कार्य का विवरण**: (i) एसएसई/पी.वे/बीएमजी के अधीन पी.वे रखरखाव कार्य (एमएल अप एवं डाउन कॉर्ड-2/0-6/0, अप 2/0-6/0, डाउन एवं रिव-2/0-6/0 एवं एसएल-4/680-5/960 में) और (ii) एईएन/ट्रैक/हावड़ा के अधीन जेई/पी.वे/बीएमजी/ सेक/यार्ड के तहत ईएमयू कारशेड, एसवाईडीएल, डीजल शेड, इलेक्ट्रिक शेड आदि में पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु.1,64,26,634.99, **बयाना राशि:** रु. 2,32,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 20.09.2024 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान : ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-252/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस सं०: 23 ऑफ 2024-25 /खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं०-13-डीडीयू-व०मं०इंजी०-II-24-25** सहायक मंडल इंजीनियर/गया के अधीन गया में मार्शलिंग एवं इंस्पेक्टर कॉलोनी में कर्मचारी आवासों का उन्नयन। **कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 16909349.08, **धरोहर राशि:** रू० 234600.00, **(2) कार्य का नाम एवं लोकेशन: निविदा सं०-16-डीडीयू-व०मं०इंजी०-II-24-25** सहायक मंडल इंजीनियर/गया के अधीन इंस्पेक्टर एवं खरखुरा कॉलोनी में कर्मचारी आवासों के शौचालय एवं रसोई घर आदि का नवीनीकरण। **कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 22445973.54, **धरोहर राशि:** रू० 262200.00, **(3) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 20.09.2024 को 12:00 बजे तक। **(5) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल
पं० दीन दयाल उपाध्याय।

पीआर/01022/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24-25/36

## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.**: 35-**एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, दिनांक** 29.08.2024, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-निम्नलिखित के सिलसिले में टेलीकम कार्य-(1) डीईएन/4/आसनसोल के अधीन सीतारामपुर - बराबानी में एलसी गेट नं. 38/सी/ई के स्थान में एलएचएस का निर्माण। (2) विद्यासगर में फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य और (3) एईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन ब्रिज नं. 12, 17 एवं 18 (मधुपुर-गिरिडीह) के सब-बैंक के प्रावधान के साथ रिगर्डरिंग और जैकेटिंग तथा अन्य सहायक कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 51,99,571.14, **बयाना राशि:** रु.1,04,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 23.09.2024 को 12.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।

ASN-160/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-22ए-23, दिनांक 28.08.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-22ए-23 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 7/सी/ई (अहमदपुर-कटवा), 29/बी/टी आजिमगंज पोड़ाडांगा), 24/1/9 (चौरीगाछा-कर्णसुबर्ण), 24/1/3 (चौरीगाछा-बाजासौ), 24/ए/5 (खागड़ाघाट रोड-कर्णसुबर्ण), 6/सी/ई (अहमदपुर-कटवा) में एल.सी. गेट नं. के स्थान में लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए ओएचई के स्लूइंग के प्रावधान और गेट नं. 24/ए/12 (कर्णसुबर्ण-खागड़ाघाट रोड) के लिए उन्नयन एवं इंटरलॉकिंग के संबंध में 50 हट्‌र्ज सिंगल फेज 25 केवी एसी ओएचई की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 68,58,905.84, **बयाना राशि/प्रतिभूति राशि जमा की जाएगी:** रु. 1,37,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 28.08.2024 को 18.29 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 06.09.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 20.09.2024 को 15.00 बजे। **निविदा का खोला जाना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps. gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-250/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बैठक में बगैर सूचना के अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग

निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)

प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायतीराज भवन सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक प्रमुख रेणु देवी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। पंचायत समिति की बैठक में प्रधानमंत्री आवास, राशनकार्ड, बिजली, अंचल, नल-जल, पंचायतीराज, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन, श्रम विभाग, मनरेगा एवं स्वच्छता सहित कई अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक में वगैर सूचना के अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से बीडीओ कुलदीप कुमार विभूति ने स्पष्टीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर कार्रवाई किया जाएगा। मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजय कुमार सिंह ने पूर्व में बनाए गए सामूहिक राशन कार्ड धारकों को अलग-अलग राशन कार्ड बनाने की मांग की। जिस पर एमओ प्रदीप पटेल ने पुराना नाम डिलीट कर नया नाम से राशन कार्ड बनाने तथा राशन कार्ड से नाम कटने पर प्रपत्र ख भरने की बात कही। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी नहीं होने पर स्वतः राशन कार्ड से नाम कट जाएगा। प्रखंड में राशन कार्ड के आधार पर 80 फिसदी लोगों का आयुष्मान कार्ड बन गया है।मुखिया मुरलीधर दुबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को जमीन के अभाव में लाभ नहीं मिल पा रहा है वहीं लाभार्थियों का नाम का भी जानकारी नहीं मिल पा रहा है। जहां बीडीओ कुलदीप कुमार विभूति ने कहा कि सूची उपलब्ध करा दिया जाएगा। बीडीसी पुनीता कुमारी ने बैठक में हुए प्रस्ताव पारित होने की जानकारी सदस्यों को नहीं मिलने पर आपत्ति जताई। उन्होंने पंचायत कर्मचारियों को पंचायत भवन में बैठकर लोगों की समस्या का समाधान करें तथा खर्च की गई योजनाओं की राशि की जानकारी प्राप्त हो सके। जिस पर बीपीआरओ रोहित राज ने जबाव देते हुए ई ग्राम स्वराज्य एप डाउनलोड कर सभी योजनाओं में खर्च की गई राशि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं प्रस्ताव में बात लाने की बात कही। 2016 में कराई गई योजना का अभी तक पैसा नहीं मिलने का मामला प्रकाश में आया जहां बीपीआरओ ने फाइल देखने की बात कही। मुखिया रंजय सिंह ने स्मार्ट मिटर तथा उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी करने का बिजली विभाग द्वारा मनमानी करने का आरोप लगाया। जिस पर कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार ने कहा कि बिजली चोरी कर जलाने का जांच के आधार पर ही कार्रवाई की जाती है। मुखिया ने बंद पड़े सोलर लाइट को मरम्मत करने की मांग की जहां संबंधित पदाधिकारी द्वारा जिला प्रस्ताव भेजने की बात कही। मुखिया संजय सिंह ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने बिहार कृषि ऐप से कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड में उर्वरक की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में है। फरवरी 2019 से पहले स्वयं के जमाबंदी होने पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान का लाभ मिलेगा। बैठक में वृक्षारोपण स्वच्छता पशुपालन सहित अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ कुलदीप कुमार विभूति, श्रम संसाधन पदाधिकारी बब्लू कुमार, जेएसएस रजनीश कुमार एवं विधायक प्रतिनिधि संतोष यादव सहित कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद थे।



# एक दिवसीय संवेदीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

बिहार राज्य आपदा संसाधन नेटवर्क (बीएसडीआरएन) के क्रियान्वयन को लेकर आपदा प्रबंधन शाखा, रोहतास द्वारा डीआरडीए सभागार में एक दिवसीय संवेदीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे ने की। इस एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारीगण शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे ने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर जितनी अच्छी तैयारी हमारी रहेगी, जोखिम उतना ही काम होगा। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर जन जागरूकता की अति आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में गर्मी बढ़ने से वायु प्रदूषण बहुत ज्यादा बढ़ा है। वायु और पर्यावरण प्रदूषण के कारण बादलों का निर्माण अधिक हो रहा है और बादलों का घनत्व अधिक बनने से आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं अधिक देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि आपदाओं को लेकर खुद भी सतर्क रहना चाहिए और दूसरों को भी सतर्क करने की आवश्यकता है। इन्हीं उद्देश्यों के साथ आज का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल दूरगामी साबित होगा बल्कि सरकारी कर्मचारियों के लिए भी यह बहुपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी होने के नाते आपदा प्रबंधन में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। आपदा प्रबंधन शाखा के प्रभारी पदाधिकारी एवं सासाराम डीसीएलआर मनीष कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का प्रशिक्षण हमारे सभी पदाधिकारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वे प्रशिक्षण में सीखी बातों को अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करेंगे तथा आपदा को न्यूनीकरण करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना से आए वरीय शोध पदाधिकारी दीपक कुमार ने बीएसडीआरएन एप के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने प्रतिभागियों को ऐप की उपयोगिता और इसके विशेष फीचर्स के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी कुमारी प्रेरणा सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# न्यूज बाइट्स

## जमीन सर्वे के लिए भाग-दौड़ करते लोग, दलालों की है चांदी

**बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे जमीन के सर्वे अभियान का एक पहलु यह भी है कि सरकारी कार्यालय से लेकर ऑनलाइन की दुकान तक लोगों के भीड़ बेतहाशा बढ़ने लगा है। अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों, काराकाट, बिक्रमगंज, दावथ, सूर्यपुरा आदि जगहों पर विभिन्न तरह के कागजातों के लिए दौड़ लगाते हुए लोगों के बीच दलालों की हुई बल्ले बल्ले। सबसे ज्यादा परेशानी जो देखी जा रही है, वह है वंशावली के लिए भाग दौड़ करना, जहां बाहर से घर आकर अपने काम धंधा छोड़कर इस जमीन के सर्वे के लिए दौड़ लगाते हुए देखे जा सकते हैं। वहीं स्थानीय दलालों के दरवाजे पर भी खासी भीड़ भी देखी जा रही है। यह अवसर मानो जैसे पहले से उनका इंतजार कर रही थी। कुछ लोगों ने तो वंशावली के नाम पर दलालों के द्वारा पैसे लिए जाने की केवल बात ही नहीं कहीं, बल्कि दिखाई देते भी नहीं थक रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही सरकारी मुफ्त राशन के लिए ई केवाईसी करने का कार्य शुरू हुआ है, जहां दलालों एवं पैसों के बाजार ने इसे और हवा दे दिया है और लोग विभिन्न थैले में अपने-अपने घर का कागजात ढूंढ कर ले जाते हुए भीड़ भाड़ में देखे जा रहे हैं। हालांकि अन्य सरकारी अभियानों की तरह इसे भी ऑनलाइन करने और कराने की छूट मिलने की लोगों ने बात कही। लेकिन देखना ब्याह होगा कि सरकार इस पर कितनी तत्पर होती है और इस भीड़ भाड़ को निपटाने की क्या व्यवस्था करती है क्योंकि घर बार छोड़ कर बाहर अन्य प्रदेशों में कमाने गए कुछ लोग जमीन सर्वे के लिए घर आ चुके हैं और उन्हें दौड़ लगाने के कारण अपने काम धंधा छूटने का भय व्याप्त है। वैसे लोगों के लिए सरकार क्या रास्ता निकलती है इस पर अभी संशय बना हुआ है।

## कुल 11 शराबियों को पुलिस ने धर दबोचा

**सूर्यपूरा (रोहतास) (नि. सं.)।** रोहतास पुलिस द्वारा शराब धन्धेबाज एवं शराबियों के खिलाफ चलाए जा रहे। जांच अभियान के तहत गुरुवार की रात सूरजपुरा थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी कंचन राज ने विशेष अभियान चला कर सूरजपुरा बाजार एवं दलित बस्ती से कुल 11 लोगों को नशे की हालत में पकड़ा जिन्हें जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने पर अग्रेतर कार्रवाई करने की बात कही गई। सबसे बड़ी बात है कि गिरफ्तार शराबियों में केवल सूरजपुरा थाना क्षेत्र के ही नहीं बल्कि बिक्रमगंज के विभिन्न क्षेत्र सहित राजपुर थाने के भी एक शराबी को पकड़ा गया है। मालूम हो कि सूरजपुरा दलित बस्ती में शराब की धड़ल्ले से बिक्री एवं उत्पादन होते रहा है जहां अक्सर जांच अभियान में विभिन्न लोगों को पकड़ा भी जाता रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की रात थाने में मौजूद अन्य एस आई एवं प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष कंचन राज ने विशेष अभियान में कुल 11 शराबियों को गिरफ्तार किया है।

## चिराग पासवान को दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**दिनारा (रोहतास) (नि. सं.)।** चिराग पासवान को दूसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर स्थानीय दिनारा लोजपा रामविलास पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने बैठक कर खुशी का इजहार किया। मौके पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि हाजीपुर सांसद चिराग पासवान को दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर दिनारा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के बीच हुल्लास जश्न का माहौल बन गया है। अपनी-अपनी बधाइयां एवं ढेरों सारी शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश महासचिव जगनारायण साह ने कहा कि पार्टी इनके विजन में बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के साथ देश एवं प्रदेश में नई ऊंचाइयों को छू रही है जो इनके कुशल नेतृत्व का परिचायक है। मौके पर बिरेंद्र पासवान, नर्वदेश्वर चौबे, राजेश पासवान, लालजी पासवान, आदि लोग मौजूद थे।

# हत्या के ठीक पहले का लाइव वीडियो आया सामने, जांच में जुटी पुलिस

» वीडियो में चाकू मारने की घटना कैद नहीं हुई है लेकिन घटना में शामिल सभी लोगों के चेहरे साफ तौर से देखे जा सकते हैं। जिससे पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने में काफी मदद मिलेगी।

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

बीते गुरुवार की शाम दरिगांव थाना क्षेत्र के करपूरवा गांव में 27 वर्षीय सरोज पासवान की चाकू मार कर हत्या करने का एक लाइव वीडियो अब सामने आया है। हालांकि वायरल वीडियो की हम पुष्टि नहीं करते लेकिन बताया जाता है कि वायरल वीडियो सरोज पासवान के हत्या के ठीक पहले का है। वायरल वीडियो में कई लोग मृतक सरोज पासवान के साथ हाथापाई व गाली गलौज करते दिखाई दे रहे हैं तथा एक शख्स के हाथ में धारदार हथियार भी दिखाई दे रहा है। चूंकि इस वीडियो में चाकू मारने की घटना कैद नहीं हुई है लेकिन घटना में शामिल सभी लोगों के चेहरे साफ तौर से देखे जा सकते हैं। जिससे पुलिस को अपराधियों तक पहुंचने में काफी मदद मिलेगी। इधर घटना के ठीक पहले का वीडियो वायरल होने के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है तथा एक बार फिर ग्रामीणों में धीरे-धीरे आक्रोश पनप रहा है।उल्लेखनीय है कि जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की करपूरवा गांव निवासी राज केश्वर पासवान के 27 वर्षीय पुत्र सरोज पासवान की बीते शाम आपसी रंजिश में चाकू मार कर हत्या कर दी गई थी। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शहर के पोस्ट ऑफिस चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया तथा काफी मशक्कत के बाद सदर एसडीओ व डीएसपी के आश्वासन के बाद नाराज ग्रामीण सड़क से हटने को राजी हुए। वहीं घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए दरिगांव थानाध्यक्ष कपिल देव पासवान ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर छः लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है तथा हत्या में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। जबकि वायरल वीडियो के बारे में उन्होंने कहा कि पुलिस वीडियो के सत्यता की जांच करते हुए अपराधियों की पहचान में जुटी हुई है।

# राज्य स्तरीय पंचायती राज विभाग की टीम ने योजनाओं का किया निरक्षण

निज संवाददाता | संझौली (रोहतास)



राज्य स्तरीय पंचायती राज विभाग की टीम ने गुरुवार की जब संझौली प्रखंड मुख्यालय पहुचीं इस दौरान पंचायती राज व मनरेगा विभाग के अधिकारियों व कर्मियों में हड़कंप मच गया। जांच करने पहुचे पंचायती राज विभाग के संयुक्त सचिव किशोर कुमार द्वारा 15वीं, षष्टम वित्त विभाग से लेकर मनरेगा विभाग योजनाओं की जांच किया गया। निरक्षण के दौरान मौके पर बीडीओ, बीपीआरओ सहित अन्य प्रखंड के बीपीआरओ से लेकर स्थानीय कर्मी व प्रतिनिधि भी मौजद रहे। इसके पहले संयुक्त सचिव ने संझौली तलाब स्थित 15वीं वित्त विभाग से कराए गए छठ घाट व शिव मंदिर से बीआरसी तक बिछाए गए फेवर ब्लॉक आदि योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संयुक्त सचिव ने पंचायत सचिव से छठ घाटों से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली तथा योजनाओं की प्रकालित राशि का बोर्ड लगाने का सख्त निर्देश दिए। बीडीओ प्रभा कुमारी ने बताया कि संझौली स्थित तलाब में 15वीं वित्त विभाग से कार्य हुए छठ घाट व शिव मंदिर से बीआरसी तक बिछाए गए फेवर ब्लॉक आदि योजनाओं का निरक्षण पंचायती राज विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा किया गया। इसके अलावा उनके द्वारा 15वीं व षष्टम विभाग से संबंधित योजनाओं की अभिलेखों आदि की जांच किया गया। उनके द्वारा कई आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर बीडीओ,बीपीआरओ श्वेता कुमारी, प्रखंड नाजिर आशीष चौबे, पंचायत सचिव रंजीत कुमार,महेश कुमार, जेई अजय कुमार, जेई रेशमी कुमारी, अकाउंटेंट ज्योति कुमार, प्रखंड कार्यपालक सहायक अंजेश कुमार आदि मौजूद थे।

# ग्राम पंचायत प्लानिंग व फैसलेशन टीम का गठन

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)



ग्राम पंचायत घोसिया कला में पंचायत भवन पर मुखिया मीना देवी की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसलेशन टीम का गठन किया गया। जिसमें पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम लीडर कुश कुमार द्वारा बताया गया कि अभी फाइलेरिया प्रोग्राम सरकार के द्वारा चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत सभी लोगों को यह दवा खाना है और कोई भी आदमी इस दवा को खाने से वंचित न रहे। इसके ऊपर चर्चा की गई साथ ही पंचायत में जितने भी गर्भवती माताएं हैं एवं बच्चे हैं आशा के द्वारा उनका लाइन लिस्टिंग किया जाए एवं समय से उन सभी का टीकाकरण होना सुनिश्चित हो इसमें आशा एनम और वार्ड के सदस्य वार्ड के सदस्य का सहयोग दिया जा सकता है साथ ही पंचायत को एनीमिया मुख्य पंचायत बनाने के लिए सरकार के द्वारा जो आयरन की गोली दी जा रही है यह सुनिश्चित हो कि सभी गर्भवती उनको खाएं जिस की मृत्यु दर में कहीं ना कहीं कमी लाई जा सकती है साथी पंचायत स्तर पर जितने भी बच्चे हैं उन सभी का सब प्रतिशत स्कूल में नामांकन होना सुनिश्चित हो प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार द्वारा बताया गया कि पंचायत में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बनाया गया है और वहां पर सभी प्रकार की दवाएं और जांच की सुविधा है जिसका लाभ गांव के लोग ले सकते हैं आंगनवाड़ी दीदी के द्वारा गांव में अति कुपोषित बच्चों का पहचान किया जाए और समय से उनको एनआरसी भेजा जाए जिसके लिए मेरे अस्तर से जो भी सहयोग की जरूरत होगी वह पूरा किया जाएगा। मौके पर वार्ड मेम्बर, टीचर, सचिव, जीविका के मेम्बर, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार, पिरमल फाउंडेशन के कुश कुमार, एएनएम संजू कुमारी, आशा आंगन वारी उपस्थित थे।

## विधायक ने ओड़ो और ईचुआ करणा पंचायत का किया दौरा

**नवादा (नि.सं.)।** आपके विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नवादा विधायक विभा देवी और जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी ने नारदीगंज प्रखण्ड के ओडो और ईचुआ करणा पंचायत के आधा दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया और विकास योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों से विचार विमर्श किया। विधायक ने पंचायत के ओडो, जगदीशपुर, बस्ती बिगहा, जफरा आदि गांवों का सघन दौरा कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों से विचार विमर्श किया और आवश्यक जनहित योजनाओं को पूरा करने का आश्वासन दिया। आवश्यक कागजात के साथ अपने कार्यालय में लाभुकों को बुलाया।

# एसटीएफ के नेतृत्व मे पेट्रोल पंप संचालक पर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

» अवैध रूप से तार संयोजित कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी तथा इनके परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था।

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

संझौली प्रखंड के जिगनी मे एस०टी०एफ० के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया। जांच के क्रम मे विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, एस०टी०एफ० सासाराम प्रवीण कुमार, सहायक विद्युत अभियन्ता (राजस्व) सासाराम समरजीत कुमार, सहायक विद्युत अभियन्ता बिक्रमगंज राज कुमार आदि मौजुद थें। समय लगभग 14:25 बजे योगेश पाण्डेय, पिता-स्व० सूर्यनाथ पाण्डेय (गंगोत्री फ्यूल), ग्राम-जिगनी, पंचायत-करमैनी, थाना-संझौली के व्यवसायिक परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम मे पाया गया की इनके द्वारा बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए, विभागीय एल०टी० लाईन से अवैध रूप से तार संयोजित कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी तथा इनके परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 170750 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह मे 66 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है जिसमे कुल जुर्माने की राशि 2119569 अधिरोपित है।

## तीन वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के धमौल गांव से एएसआई बीरेंद्र पासवान ने गुरुवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में तीन लोगों को घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान धमौल गांव निवासी भोला रविदास, मौजी रविदास एवं प्रकाश रविदास के रूप में हुई है।


पूर्व मध्य रेल

**खुली ई–निविदा सूचना**

**No. RS-28Cr3-DDU-1 Date: 29.08.2024**

व०मं०यॉ०अभि०(समाडि)/पू०म०रे०/डी०डी०यू०, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ठीकेदार से खुली ई–निविदा सं० RS-28 Cr3-DDU-1 दिनांक 28.08.2024 के लिए आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्न है:–

**01. कार्य का विवरण :** डब्ल्यूसीसी डीडीयू में टर्नकी आधार पर वेल्डिंग और प्रशिक्षण के लिए उत्कृष्टता केंद्र। **02. कार्य का अनुमानित मूल्य:** Rs. 1,27,44,924/- (एके करोड़ सताईस लाख चौआलीस हजार नौ सौ चौबीस) मात्र, **03. धरोहर राशि :** Rs. 2,13,700/- मात्र। **04. निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** ई–निविदा दिनांक 05.09.2024 से 19.09.2024 तक समय 17:00 बजे तक। **05. वेबसाइट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता :** आईआरईपीएस वेबसाइटः– www.ireps.gov.in बोलीदाता केवल इस वेबसाइट के माध्यम से अपनी मूल/संशोधित बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जायेगा। **नोटः–** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

**व० मं० यॉ० अभि० (समाडि), डी०डी०यू०**
**पीआर/1008/डीडीयू/मेक./टी/24–25/36**



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
अल्पकालीन निविदा संख्या– 06/भ0प्र0 औरंगाबाद/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 27.08.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 11.09.2024 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 12.09.2024 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 12.09.2024 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद (ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद। (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद। (घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Repairing of jail superintendent and Dr. Residence Quarter at Sub-Jail Daudangar, Aurangabad | 1052600.00 | 21500.00 | 2500.00 | 4 माह |
| 2 | Repairing of BMP Barrack and Boring work at Sub-Jail Daudangar Aurangabad | 652400.00 | 13500.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 3 | उपकारा दाउदनगर में बंदी कक्ष सं0–01 से 16 तक का मरम्मति कार्य एवं रंगाई पोताई का कार्य | 1029100.00 | 21000.00 | 2500.00 | 4 माह |
| | कुल | 27.341 | | | |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**PR. No. 007155 (BCD) 2024-25**

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

कार्यालय, नगर पंचायत, नवीनगर (औरंगाबाद)
बंदोवस्ती हेतु अल्पकालिन आम सूचना संख्या–03/2024–25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, नवीनगर क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय **वर्ष 2024–25** के लिए सैरातों की बन्दोवस्ती खुले डाक द्वारा दिनांक – **16.09.2024** से **31 मार्च 2025** तक के लिए निम्नांकित शर्तों के अधीन **पूर्वा0 11:30 बजे** से नगर पंचायत, नवीनगर के सभा कक्ष में किया जायेगा –

1. **सैरात डाक संबंधी विवरण –**

| ग्रुप सं | बन्दोवस्ती का विवरण | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि | डाक की तिथि एवं समय | डाक की वैकल्पिक तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अस्थायी दैनिक दुकानों से दैनिक टॉल वसूली एवं मंगल बाजार – शनिचर बाजार हाट की बंदोवस्ती | 684278.00 | 68428.00 | 12.09.2024 | 13.09.2024 एवं 14.09.2024 |
| 02 | सवारी वाहनों से दैनिक पड़ाव शुल्क की वसूली | 419070.00 | 41907.00 | 12.09.2024 | 13.09.2024 एवं 14.09.2024 |
| 03 | बस पड़ाव पर अवस्थित सुलभ शौचालय से सेवा शुल्क की वसूली | 18872.00 | 1900.00 | 12.09.2024 | 13.09.2024 एवं 14.09.2024 |
| 04 | जनकपुर वार्ड सं0 – 05 सार्वजनिक शौचालय | 5000.00 | 500.00 | 12.09.2024 | 13.09.2024 एवं 14.09.2024 |
| 05 | शनिचर बाजार वार्ड सं0– 09 सार्वजनिक शौचालय | 5000.00 | 500.00 | 12.09.2024 | 13.09.2024 एवं 14.09.2024 |

2. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक डाक वक्ता अग्रधन राशि का बैंक ड्राफ्ट (कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर पंचायत, नवीनगर के पदनाम ), नगर पंचायत, नवीनगर द्वारा निर्गत अद्यतन No Dues Certificate, पैन कार्ड, जिला पदाधिकारी /पुलिस अधीक्षक से निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र तथा आधार कार्ड की अभिप्रमाणित छाया प्रति **दिनांक– 11.09.2024** तक कार्यालय अवधि में जमा ली जाऐगी ।
3. सफलतम डाकवक्ता , डाक समाप्ति के अगले कार्य दिवस को , सम्पूर्ण डाक राशि का बैंक ड्राफ्ट /बैंकर्स चेक जमा कर नगर पंचायत, नजारत से प्राप्ति रसीद लेंगे ।
4. पांच लाख से उपर के बन्दोवस्ती पर विगत 03 वर्षो यथा **2020–21/2021–22 एवं 2022–23 का आयकर रिर्टन** का प्रतिवेदन संलग्न करना होगा ।आयकर रिर्टन की राशि बिल्कुल शून्य मान्य नही होगा ।
5. पॉच लाख से ऊपर के बन्दोवस्ती में डाकवक्ता का GST नम्बर रहना अनिवार्य होगा ।
6. पॉच लाख से ऊपर के बन्दोवस्ती में डाकवक्ता को सैरात वसूली में कम–से–कम तीन साल का अनुभव आवश्यक होगा ।
7. डाक समाप्ति के पश्चात सफल डाकवक्ता को **राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार , पटना के पत्रांक – 605, दिनांक – 16.08.2018** के अनुसार उच्चतम डाक राशि का 6 प्रतिशत मुद्रांक शुल्क तथा निबंधन अधिनियम 1908 के अनुच्छेद A(3)(b) के अनुसार उच्चतम डाक राशि का 2 प्रतिशत की दर से निबंधन शुल्क की राशि को भी डाक राशि के साथ अलग से जमा करना होगा ।
8. शिवराजपुर छठ मेला में आये हुए सवारी गाड़ी, छठव्रती लोगों से वसूली नहीं की जायेगी ।

अपरिहार्य कारणवश यदि दिनांक – **12.09.2024** को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पुनः उपर्युक्त नियम / शर्तों के अधीन अगले कार्य दिवस **दिनांक– 13.09.2024 एवं 14.09.2024** को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.007196 (B&C) 2024-25

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, नवीनगर

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# घोड़परास एवं जंगली सुअर द्वारा कृषि फसल की क्षति को नियंत्रण करने हेतु दिया गया प्रशिक्षण

निज संवाददाता | नवादा




जिला पदाधिकारी, नवादा आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हरिश्चन्द्र स्टेडियम स्थित खेल भवन में घोड़परास एवं जंगली सुअर द्वारा कृषि फसल की क्षति को नियंत्रित करने हेतु जागरूकता अभियान चलाये जाने के संबंध में ग्राम पंचायतों के मुखिया का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 10 पंचायतों के मुखिया को प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा वन क्षेत्र वाले प्रखंडों में घोड़परास एवं जंगली सुअर से फसल की क्षति को बचाने के लिए अभियान चलाकर प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया। मेसकौर, नारदीगंज, नवादा सदर, वारिसलीगंज, नरहट, पकरीबरावां, हिसुआ एवं काशीचक प्रखंडों में यदि घोड़परास एवं जंगली सुअर से फसल की क्षति होती है तो विधिवत कार्रवाई की जायेगी। उक्त जानवरों पर कार्रवाई के बाद संबंधित प्रखंडों के थाना में सूचना देना होगा एवं कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग एवं वन विभाग से समन्वय स्थापित कर एवं संयुक्त हस्ताक्षर से पंचनामा कर इन जानवरों को दफनाने की प्रक्रिया होगी। वन प्रमंडल पदाधिकारी, नवादा ने बताया कि घोड़परास एवं जंगली सुअर को मारने के लिए प्रभावित पंचायत के मुखिया को पंचायती राज विभाग द्वारा वित्तीय शक्तियां दी गयी है, जिसमें शूटर को 750 रूपया एवं दफनाने के लिए 1250 रूपया दिया जायेगा। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के निदेशानुसार घोड़सवार एवं जंगली सुअर को मारने से लेकर दफनाने तक की पूरी प्रक्रिया में गॉव के मुखिया की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। वन जीव (संरक्षण) अधिनियम के अनुसार संरक्षित क्षेत्र के बाहर पेशेवर शूटर की मदद से इन दोनों प्रजातियों की पहचान करने और उन्हें मारने की अनुमति देने के लिए पंचायत के मुखिया को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। संबंधित मुखिया पर्यावरण एवं वन विभाग तथा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर अपने क्षेत्र के किसानों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर पेशेवर शूटर द्वारा नील गाय तथा जंगली सूअर को मारने की अनुमति दे सकते हैं। जिलाधिकारी ने उपस्थित संबंधित विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के स्तर पर आयोजित बैठक में लिये गए निर्णयों को कार्यान्वित करने एवं अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। उन्होंने सभी पंचायतों में खेल का मैदान के बारे में विस्तृत रूप से बताया कि जिले में कुल 187 पंचायत है जिसमें से 31 पंचायतों में खेल के मैदान को चिन्हित किया जाना शेष है। बाकी सभी पंचायतों में खेल के मैदान को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने कुछ सरकारी योजनाओं खासकर पंचायत सरकार भवन के निर्माण के बारे में भी जानकारी दी। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी नवादा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी नवीण कुमार पांडेय, प्रशिक्षु वन पदाधिकारी श्रेष्ठ कुमार कृष्णा के साथ-साथ पंचायतों के मुखिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# अग़वा महिला को पुलिस ने किया बरामद

निज संवाददाता | नवादा

जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के अरियन गांव के एक परिवार के तीन महिलाओं को दबंगों द्वारा अपहरण कर लिया गया था, हिसुआ थाना की पुलिस ने तीनों अपहृत महिलाओं को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ के समीप से सकुशल बरामद किया है। वहीं इस घटना में प्रयोग किये गये एक ब्लैक स्कोर्पियो को शहर के न्यू एरिया मोहल्ला से बरामद किया गया है। बताया जा रहा कि हिसुआ थाना क्षेत्र के अरियन गांव के राजेश मांझी पिता रामभज्जु मांझी और गांव के ही टुन्नी सिंह बीच पूर्व में केस फौजदारी चल रहा था। टुन्नी सिंह द्वारा समझौता करने का दबाव डाला जा रहा था। नहीं मानने पर अरियन गाँव के टुन्नी सिंह, गोपाल कुमार, सुदामा कुमार एवं अंकित कुमार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पीड़ित राजेश मांझी की माँ संजु देवी, पत्नी सुग्गी देवी एवं भभु बबीता देवी का अपहरण कर लिया था। डीएसपी सुनील कुमार ने बाताया कि अपहरणकर्ता टुन्नी सिंह अपने सहयोगियों के साथ अपहृत महिलाओं के साथ बार बार अपना स्थान बदल रहा है। पुलिस टीम ने शेखपुरा जिला के बरबीघा, चौवुआरा, शेखोपुर सराय, नालंदा जिला के सरमेरा, पटना जिला के मराची एवं नवादा जिला के विभिन्न स्थानों सहित कुल 25 जगहों पर दबिश देकर एक परिवार के अगवा हुए तीन महिलाओ को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ के समीप से सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस के हत्थे चढ़े अपहरणकर्ता हिसुआ थाना क्षेत्र के अरियन गांव के निवासी टुन्नी सिंह का पुत्र अंकित कुमार, शेखपुरा जिले के शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र के निमी गांव के स्व० अर्जुन सिंह का पुत्र पंकज सिंह समेत दो निरूद्ध बालक शमिल है।

# जनता दरबार में कई मामलों का हुआ निष्पादन

निज संवाददाता | नवादा

समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी नवादा के निदेश के आलोक में अपर समाहर्त्ता, नवादा चन्द्रशेखर आजाद की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य रूप से आपूर्ति, भूमि विवाद, राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, विद्युत, आईसीडीएस आदि से संबंधित मामले आए। आज की जनता दरबार में कुल 40 आवेदन आये, जिसमें कई आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में थाना-नारदीगंज, पो0-कहुआरा, ग्राम-मिर्चा विगहा कि बबली देवी, थाना-सिरदला, ग्राम-रबियो के ममता देवी, प्रखंड-हिसुआ, साकिन-मेन रोड पांचू के राहुल कुमार, प्रखंड-अकबरपुर, ग्राम-पैजुना के बबिता कुमारी, थाना-वारिसलीगंज, ग्राम-हाजीपुर के सरस्वती कुमारी, थाना-वारिसलीगंज, ग्राम-बागी वरडीहा के अजय कुमार ने अपने-अपने आवेदन को लेकर शिकायत किया, जिसेउ कुछ मामलों को अपर समाहर्त्ता द्वारा ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया एवं अन्य मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अविलम्ब जॉच कर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में डीसीएलआर नवादा गौरव कुमार, जिला आपदा प्रभारी शशांक शेखर, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजकुमार के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 24 घंटे के अंदर 127 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारीः एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 29 अगस्त 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी है, पोक्सो में 01, अनुसूचित जाति/जनजाति में 08, मद्य निषेध में 16 एवं अन्य गिरफ्तारी 102 कुल 127 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 230 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 68 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 512 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 45 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 05, टैक्टर 05, महुआ घोल विनष्ट 4600 लीटर एवं भट्टी विनष्ट 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## सात सदस्ययी टीम ने महिलाओं के अपहरण मामले की ली जानकारी

**नवादा (नि.सं.)।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेकुलर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष मांझी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के निर्देश पर पार्टी की सात सदस्य टीम ने नवादा जिले के हिसुआ प्रखंड के अंतर्गत ग्राम आर्यन में तीन महिलाओं के अपहरण की घटना की जांच की। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक साल पहले राजेश मांझी और ट्यूनी सिंह के बीच एक बच्चे को मोटरसाइकिल से धक्का मारे जाने के बाद झगड़ा हुआ था, जिसके बाद दोनों पक्षों ने थाना में केस दर्ज कराया था। इसी केस को कंप्रोमाइज करवाने के लिए ट्यूनी सिंह और उनके सहयोगियों ने राजेश मांझी की पत्नी, मां और भाभी का अपहरण कर लिय। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 6 दिन बीत चुके हैं और अभी तक तीनों महिलाओं का पता नहीं चल रहा है। हम सेकुलर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई. नंदलाल मांझी ने स्थानीय प्रशासन और डीएसपी से बात कर पूरी मामले की जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कुएं में गिरे सांप की सूचना पर वनकर्मी ने किया रेस्क्यू

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



नगर पंचायत क्षेत्र के बभनटोली स्थित रंजीत सिंह के घर के बगीचे में रहे पानी के कुएं में एक विषैला सांप गिर गया। जिसकी जानकारी परिजनों को बीते एक माह पूर्व हुई। किन्तु वे इस इंतजार में रहे कि सांप अपने-आप कुएं से बाहर निकल जाएगा। ऐसे करते हुए घर के लोग डरे-सहमे किसी तरह सांप के निकलने का इंतजार करने लगे।लेकिन सांप के नहीं निकलने पर हारकर घर के शोलु रीनू रंजन ने कुएं में पानी के ऊपर तैर रहे सांप का फोटो खींचकर वन विभाग को दिखाया। तब रेंजर मनोज कुमार ने रेस्क्यू की जिम्मेदारी वनपाल पंकज कुमार को दी। वनपाल पंकज कुमार ने घर आकर वस्तु-स्थिति की जानकारी ली। साथ ही शुक्रवार की दोपहर वनपाल अपने साथ वनरक्षी सुनील कुमार एवं चालक संतोष कुमार के साथ रेस्क्यू सामग्री को लेकर बभनटोली स्थित घर पहुंचे। उन्होंने काफी अथक प्रयास कर विषैले और विशाल सांप को कुएं से सफलतापूर्वक बाहर निकाला। वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि घर के कुएं में गिरे सांप की सूचना पर सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। उन्होंने बताया कि सांप को डब्बे में बंदकर हरदिया के फुलवरिया डैम के पार कोकलतिया जंगल में छोड़ा गया है। वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि बारिश के मौसम में घरों एवं खेत आदि में सांप निकलना आम बात है। साथ ही कहा कि भारत में पाए जाने वाले सांपों में 20 प्रतिशत ही जहरीले होते हैं, बाकी 80 प्रतिशत जहरीले नहीं होते हैं। उन्होंने बताया कि सांपों को बचाना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि ये प्रकृति के भोजन चक्र का सबसे अहम हिस्सा हैं। पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में ये महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है, यहां पाए जाने वाले चूहे फसल का पांचवां हिस्सा चट कर देते हैं। हमारे खेतों में पाए जाने वाले नाग और धामन सांप इन चूहों का शिकार करते हैं जिससे हमारे फसल सुरक्षित रहते हैं। इसलिए सांपों का संरक्षण जरूरी है। वनपाल पंकज कुमार ने बताया कि सांप यदि आवासीय परिसर में कहीं दिखाई दे, तो सभी तरफ मिट्टी तेल या फिनाइल छिड़क दें, उसकी स्मेल सूंघकर सांप खुद-ब-खुद बाहर निकल जाएगा। इससे काम न बने तब एक लंबा डंडा लेकर सांप के सामने रखें, सांप उसमें चढ़ जाएगा। इसके बाद उसे उठाकर बाहर निकालें और घर से दूर ले जाकर छोड़ दें। साथ ही बताया कि सांप एक ऐसा जीव है जो दीवार अथवा बाउंड्री के किनारे रेंगता है, जिस जगह पर सांप हो उससे थोड़ी दूर पर पाइप से बोरा बांधकर रख दें, सांप जब बोरे में घुस जाए तो बोरा बांधकर दूर जंगल में ले जाकर छोड़ दें।

# विधानसभा चुनाव को लेकर राजद की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र के संगत परिसर में शुक्रवार को राजद प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सोलंकी के अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखण्ड स्तरीय बैठक सपंन्न हुई। बैठक में राजद के प्रदेश सचिव सरवन कुशवाहा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम कपूर चंद्रवंशी, नवादा जिला अध्यक्ष उदय यादव और सीताराम चौधरी सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए। प्रखण्ड अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में आगामी 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ जीतो, चुनाव जीतो अभियान के तहत प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में पंचायत अध्यक्ष सहित सशक्त बूथ कमेटी के गठन को लेकर गहन विचार विमर्श हुआ। तत्पश्चात बैठक में उपस्थित सैकड़ों राजद कार्यकर्ताओं के सहमति से चुनाव जीतो अभियान को सफल बनाने को लेकर बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान समिति का अध्यक्ष बनाने का सुझाव आया। इसके बाद सर्वसम्मति से रजौली थाना क्षेत्र के होरीला निवासी कारू राम को सर्वसमिति से बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान समिति का कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस बैठक में रजौली प्रमुख प्रतिनिधि बबलू यादव, रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव, राजद नेता नंद किशोर यादव, नरेश चौधरी, मुसाफिर चौधरी, रेखा देवी, मुकेश यादव, अरबाज खान, सुमित कुमार, सरफराज आलम, अखिलेश सरदार चौधरी, सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के बरौली गांव में एक बंद घर से मेन गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा घर के अंदर बक्सा में रखा आभूषण, नगदी समेत लाखों की चोरी कर ली गई है। चोरी की घटना के बाद गृह स्वामी काफी दहशत में है। गांव में भी दहशत है। गृह स्वामी कृष्ण मिस्त्री ने बताया कि हमारा पोता का तबियत खराब था उसको दिखाने के लिए सपरिवार आठ दिन पूर्व घर में ताला लगा कर पटना ईलाज के लिए चले गए थे। इलाज के बाद जब शुक्रवार को सुबह आठ बजे घर लौटे तो देखे की मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। मेन गेट का ताला टूटा रहने के कारण हम अवाक रह गए और आनन फानन में घर के अंदर गए तो देखा कि अंदर रूम का दरवाजा का ताला भी टूटा हुआ है। रूम में रखा बक्सा का ताला टूटा हुआ है सामान सब इधर उधर बिखरा हुआ है।

# नगर पंचायत से लेकर गांवों में मच्छरों के आतंक से आम जनमानस बेहाल

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के 15 पंचायतों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। जिससे भयानक संक्रामक रोगों को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। क्योंकि इन दिनों वायरल फीवर व डायरिया कई गांवो में पहले से ही पैर पसार रखे है। वहीं जैसे-जैसे मौसम में बदलाव होकर गर्मी के तेवर बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्रों के साथ-साथ प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी मच्छरों के आतंक से परेशान हैं। पहले तो शाम ढलने के बाद इनका हमला शुरू होता था। अब तो हालात यह है कि दिन में भी इनके डंक से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बावजूद इनकी रोकथाम की बातें सरकार के निर्देश वालपेंटिंग, पोस्टर व इश्तेहारों में सिमट कर रह गई है। जबकि हकीकत में बचाव के उपायों का कहीं नामोनिशान भी देखने को नहीं मिल रहा है। बदलते मौसम की बजह से आंखो का इंफेक्शन, सर्दी-जुकाम व वायरल बुखार शरीर में जकड़न जैसे रोग लोगों मे पनपने लगे हैं। वहीं घरों के अंदर व बाहर दिन हो या रात हमलावर मच्छरों की वजह से मलेरिया, डेंगू जैसी घातक बीमारिया होने को लेकर भी लोगों में डर बनने लगा है। लोग इस बात को लेकर आशंकित हैं कि यदि मच्छरों का प्रकोप इसी तरह बढ़ता रहा तो जानलेवा रोग लोगों को अपनी चपेट में ले लेंगे,जिससे स्थिति भयावह हो सकती है। क्षेत्र के अधिकतर गावों में लोग आंखों के इंफेक्शन व फीवर से पहले से ही परेशान है। ऊपर से मच्छरों के प्रकोप से जानलेवा बीमारी डेंगू, मलेरिया आदि से आशंकित भी है। जिसको लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रतिनिधियों व क्षेत्र के जिम्मेदार पदाधिकारीगण से गावों में डीडीटी का छिड़काव एवं फागिग कराए जाने की मांग की है। लेकिन अभी तक दवा छिड़काव एवं फागिंग नहीं कराये जाने से ग्रामीणों में रोष है। जबकि सरकार द्वारा हर ग्राम पंचायत में दवा छिड़काव एवं फागिंग करने के निर्देश जारी कर दिए गए थे। लेकिन ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों व अधिकारी सरकार के आदेशों को खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं।कहीं भी फॉगिंग कराने व ग्रामीणों को मच्छरों से निजात दिलाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं रजौली के ग्रामीणः-**

ग्रामीण राहुल राज अठघरा, मोती सिंह, अजय कुमार, अजीत सिंह, समाजसेवी मनीष कुमार सोनी, नंदन कुमार आदि लोगों का कहना है कि बहुत पहले विभाग द्वारा फॉगिंग व ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव कराया जाता था, जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हो जाता था। लेकिन अब इसका छिड़काव नहीं किया जा रहा है। साथ ही बताया कि स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभाग से होने वाली फागिग व दवाई छिड़काव भी अब कागजों तक सीमित रह गई है, जिससे मच्छरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिसको लेकर आमजन बेहाल है।

**क्या कहते हैं अधिकारीः-**

इस संबंध में नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश का कहना है कि बीते माह में दो-तीन दिनों तक नगर पंचायत क्षेत्र में फॉगिंग किया गया था। उन्होंने बताया कि फॉगिंग की मशीन खराब है, जिसे बनवाकर शनिवार से वार्डवार फॉगिंग शुरू की जाएगी।

**क्या कहते हैं बीडीओ-**

प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा का कहना है कि ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि को फॉगिंग करने को लेकर निर्देशित किया गया है।

## कार्यकारिणी संयुक्त सचिव को लोगों ने दीर्घायु की कामना

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** पेंशनर समाज के कार्यकारिणी संयुक्त सचिव सह पेश निवासी 92 वर्षीय परमेश्वर राम का शुक्रवार को जन्मदिन मनाया गया। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। कार्यक्रम का आयोजन पेंशनर भवन नारदीगंज में हुआ। उपस्थित लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर दीर्घायु व स्वस्थ्य होने की कामना की। पेंशनरों के अलावा मीडियाकर्मियों ने शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

# संदोहरा में पहुंची स्वास्थ्य टीम, दी गई डायरीया की दवा

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



प्रखंड के संदोहरा गांव में डायरिया रोग से कई लोग प्रभावित हैं। इसकी सूचना मिलते ही शुक्रवार को स्वास्थ्य टीम उस गांव में पहुंचकर पीड़ित रोगियों को जीवन रक्षक दवा दी। टीम में सीएचसी नारदीगंज के चिकित्सक डा. इंद्रदेव कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार, एएनएम रिंकी कुमारी, फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार समेत अन्य पहुंचे। डा. इंद्रदेव कुमार ने बताया इस गांव में तकरीबन 25 से 30 लोग डायरिया रोग से ग्रसित थे, सभी रोगियों को दवा, ओआरएस पाउडर समेत अन्य जीवन रक्षक दवा दी गई। सभी रोगियों की हालत ठीक है, और नियंत्रण में है।गांव में ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। साफ सफाई पर ध्यान रखने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य टीम रोगियों के देखभाल में लगें हुए हैं।

# पत्रकार संगठन ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)




नवादा जिला पत्रकार संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पौधारोपण अभियान चलाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नवादा जिला पत्रकार संगठन के कौआकोल प्रखण्ड इकाई के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसके तहत प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद एवं स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य की मौजूदगी में कई गणमान्य व्यक्तियों एवं मनरेगा कार्यालय के कर्मियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मौजूद नवादा जिला पत्रकार संगठन के कौआकोल प्रखण्ड प्रतिनिधि नवीन कुमार ने कहा कि हमारा संगठन शुरू से ही पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते आ रही है। यही कारण है कि संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार रवि की अगुवाई में प्रत्येक प्रखण्ड में पौधारोपण अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मौके पर पत्रकार शिवशंकर सिंह, कुमार सानू, रौशन कुमार सोनु, दशरथ मिस्त्री, अजय कुमार, राजीव रंजन, अमित कुमार, रजनीश कुमार, रामानुग्रह सिंह, बिरेन्द्र कुमार कुशवाहा, रघु यादव, सदन सिंह, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## चोरी का चार बैट्री को पुलिस ने किया बरामद

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के फोरलेन बाईपास पर गुरुवार की रात में पुलिस गश्ती के दौरान पुलिस ने स्कार्पियो वाहन पर रखे चोरी के चार बैट्री को बरामद किया। इस दौरान पुलिस को देखते ही सभी बदमाश वाहन छोड़कर भाग गये। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा एसआई नंदलाल यादव पुलिस बल के साथ रात्रि गश्ती में थे, इसी बीच रोको टोको अभियान के तहत वाहन चेकिंग की जा रही थी, पुलिस को देखते ही उस पर सवार लोग वाहन छोड़कर भाग गए। मौके पर पुलिस ने वाहन को जांच किया, तो उस वाहन पर जियो टावर का चार बैट्री रखा हुआ था, जिसे बरामद किया गया। छानबीन में जानकारी मिली कि उक्त बैट्री मुफस्सिल थाना के चितकबरा गांव में लगा जियो टावर का बैट्री था।

# 35 बंदियों को मिल रहा मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

निज संवाददाता | नवादा




मंडलकारा में गुरुवार से 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन की ट्रेनिंग शुरू हुई। उद्घाटन दीप प्रज्जलित कर किया गया। आरएसइटीआइ के सुनील कुमार ने बताया कि 10 दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण में बंदियों को बताया जायेगा कि मशरूम कम जमीन में भी उगाया जा सकता है। इसकी खेती लाभकारी है। मशरूम का उत्पादन करने वाले कई लोगों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। जेल से छूटने के बाद आप भी इसकी खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकते हैं। उन्होंने बंदियों को खेती के बारे में टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन में बैंक पूरी सहायता करेगा। प्रशिक्षण शिविर में 35 बंदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जेल अधीक्षक अजित कुमार ने किया जबकि मंच संचालन उपाधीक्षक वीरेंद्र राय ने किया।

मशरूम लगाने व पैकिंग की पहले दिन मिला प्रशिक्षणः- 10 दिवसीय ट्रेनिंग के पहले दिन मशरूम लगाने और पैकिंग करने की ट्रेनिंग दी गयी। 10 दिनों तक चलने वाली इस ट्रेनिंग में मशरूम की खेती, इसका कारोबार व बाजार के बारे में बंदियों की ट्रेनिंग दी जायेगी। बंदियों को पहला दिन मशरूम को जमीन में लगाने व उसकी पैकिंग बनाने के बारे में डेमो कर बताया। सुनील कुमार ने बताया कि उनकी पूरी टीम बीच-बीच में आकर उत्पादन की प्रक्रिया का निरीक्षण कर पूरी ट्रेनिंग देगी। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक अजित कुमार ने बताया कि मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लेने वाले बंदी जेल से छूटने के बाद इसकी खेती कर खुद व परिवार को भरण पोषण कर पाएंगे। मशरूम किसानों को कृषि विश्वविद्यालय बाजार भी उपलब्ध कराता है। इससे उन्हें मशरूम बेचने के लिए भटकना भी नहीं पड़ेगा। मौके पर सहायक जेल अधीक्षक नंदू चौधरी, राजेश कुमार, रिंकी कुमारी, सुनील कुमार के अलावे आरएसइटीआइ के प्रधान रामप्रवेश कुमार, गरिमा गुप्ता, सुमित्रा रजक मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्था ने अज्ञात शव का कराया अंतिम संस्कार

**आरा।** लावारिस सेवा केंद्र ने एक शव एवं टीम मदर टेरेसा सेवाकर्मी ने दो अज्ञात शव अंतिम संस्कार गांगी मुक्ति धाम पर करवाया है। लावारिस सेवा केंद्र के सदस्यों ने बताया कि एक शव चरपोखरी थाना पुलिस से प्राप्त हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद शव को पहचान हेतू 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया था। शव की पहचान नही होने पर पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार के लिए लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया गया। इसके बाद सेवा केंद्र द्वारा शव का अंतिम संस्कार करवाया गया है। अध्यक्ष लालदास राय, संस्थापक डीएन सिंह, जितेंद्र कुमार, बजरंगी राम समेत कई थे। संत रविदास जनसेवा संगठन एवं टीम मदर टेरेसा सेवाकर्मी के संस्थापक महासचिव अमरदीप कुमार जय ने बताया कि अज्ञात लावारिस हालात में मृत युवक का शव बिहिया थाना द्वारा प्राप्त हुआ।

### 18 सितंबर से शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा

**आरा।** डीएम राजकुमार ने 2 सितंबर से होने वाली गृह रक्षा वाहिनी शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा की तिथि में बदलाव करते हुए दो सितंबर से शुरू होने वाली दक्षता परीक्षा की तिथि को बढ़ा कर 18 सितंबर किया है। जो 30 सितंबर तक दो पालियों में होगा। विज्ञापन सं 1/2006 के आलोक में गृह रक्षा वाहिनी भोजपुर के ग्रामीण (प्रखण्ड वार) तथा शहरी समवर्ग में गृह रक्षकों को स्वच्छ नामांकन हेतु शारीरिक दक्षता की जाँच परीक्षा की पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक 02 सितंबर 2004 से 10 सितंबर को अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया गया है। 18 सितंबर को बिहिया प्रखण्ड 19 सितंबर को पीरों प्रखण्ड 20 सितंबर को बड़हरा प्रखण्ड 21 सितंबर शाहपुर प्रखण्ड 23 सितंबर तरारी प्रखण्ड , चरपोखरी प्रखण्ड 24 सितंबर आरा सदर प्रखण्ड 25 सितंबर उदवंतनगर, 26 सितंबर कोईलवर, अगियाव प्रखण्ड 27 सितंबर जगदीशपुर, गड़हनी 28 सितंबर संदेश, सहार 29 और 30 सितंबर आरक्षित। शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा विज्ञापन में उल्लेखित मापदंडों के अनुरूप उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार पुलिस केन्द्र भोजपुर में प्रात 7 बजे से सम्पन्न होगा।

### एनएचएम कर्मियों की 39 वें दिन हड़ताल जारी

**आरा।** बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने एचएम कर्मियों के आंदोलन के 39 वें दिन गुरुवार को जिले के आरा सदर, बड़हरा, कोईलवर, उदवंतनगर, शाहपुर, बिहिया, जगदीशपुर, गड़हनी, पीरो, तरारी, सहार, संदेश में आक्रोशपूर्ण नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान संघ से जुड़े कर्मी आंदोलनरत कर्मचारियों के समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता नहीं करने पर सरकार का पुतला दहन भी किया। सुबेश सिंह ने कहा कि समान काम का समान वेतन, डिजिटल एटेंडेंस, समय से वेतन मानदेय भुगतान , कार्य स्थल आवासीय सुविधा, शौचालय बिजली स्वच्छ पेयजल तथा महिला सुरक्षा की गारंटी सहित 13 मांगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत एनएचएम कर्मी पिछले 39 दिनों से कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। सरकार कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से वार्ता नहीं कर दमनकारी रूख अख्तियार कर रही है। नाराज कर्मियों ने आपातकालीन व आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी सेवाओं को ठप्प कर दिया है। संघ के जिला मंत्री सुबेश सिंह व अध्यक्ष विनोद यादव ने शाहपुर एवं बिहिया में दौरा कर कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाया।

### भूमि सर्वे के लिए कायमनगर में आयोजित की गई ग्रामसभा

**कोईलवर।** भूमि सर्वेक्षण को लेकर गुरुवार को कायमनगर पंचायत में मुखिया पिंकी देवी की अध्यक्षता में ग्राम का ग्राम सभा किया गया। जिसमें विशेष सर्वेक्षण शिविर प्रभारी ,कानूनगो एवं अमीन एवं मुखिया ,पंचयात् समिति, वार्ड सदस्य, पंच एवं सभी रैयत उपस्थित हुये। विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत भू-अभिलेख परिमाप ,बंदोबस्त पदाधिकारी के द्वारा दिये गए घोषणा प्रपत्र एक में दिये गए निर्देश के अनुसार रैयत के दायित्व के बारे मे बताया गया। शिविर प्रभारी सोनू कुमार दास के द्वारा बताया गया प्रपत्र 2 स्वघोषणा एवं प्रपत्र 3 (1)वंशावली बीरमपुर पंचायत सरकार भवन में जमा करने के लिए सभी रैयत को बताया गाया। बंदोबस्त पदाधिकारी भोजपुर के आदेशानुसार प्रदत्त उद्घोषणा के बारे में एवं रैयत के दायित्व के बारे में शिविर प्रभारी के द्वारा बताया गाया। जिसमे सभी अमीन खुशी भारती, नेहा कुमारी, साहबू आलम, अरविंद कुमार रजक, विनोद कुमार आदि थे।

### भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : राघवेंद्र

**आरा।** भारतीय जनता पार्टी की दो सितम्बर से अखिल भारतीय सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए गुरूवार को बड़हरा विधानसभा के सलेमपुर मंडल के पीपरा सलेमपुर के महामाया मंदिर एवं कोईलवर उतरी मंडल के दौलतपुर शक्ति केन्द्र मे कार्यशाला हुआ। अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस बार के सदस्यता अभियान मे प्रत्येक बूथ पर दो सौ नए और पुराने सदस्य बनाना है। सभी कार्यकर्ता घर-घर सदस्यता अभियान चलाएंगे। भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कार्यकर्ताओं के बल पर ही बनी है। यह विश्व का सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भी है। इस पार्टी मे सभी कार्य पार्टी के संविधान के अनुसार होता है। आज केन्द्र मे नरेन्द्र मोदी की सरकार संवैधानिक रूप से देश को मजबूत और विकसित कर रही है। इस पार्टी मे समाज के सभी वर्गों की भागीदारी होती है। जिला उपाध्यक्ष सह बड़हरा विधानसभा प्रभारी इंजीनियर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि दो सितम्बर से सदस्यता अभियान की शुरुआत हो जाएगी। मौके पर प्रवक्ता धीरज सिंह, दीपक दूबे, ताना मिश्रा, अरविन्द सिंह, मनीष ओझा, रामाकांत चौधरी, रामप्रकाश सिंह, संजय कुशवाहा, शंभु सिंह मुखिया, अर्जुन सिंह मुखिया सोनू दूबे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जेल रेडियो भवन और RO प्लांट का उद्घाटन, बक्सर सेंट्रल जेल में डीएम द्वारा बंदी दरबार का आयोजन

**बक्सर।** बक्सर जिला स्थित सेंट्रल जेल में कारा में बंदियों के मनोरंजन, ज्ञानवर्द्धन, उत्साहवर्द्धन हेतु जेल रेडियों भवन एवं शुद्ध पेयजल हेतु आर ओ (RO) प्लांट का उद्घाटन किया गया और जेल परिसर में वृक्षारोपण किया गया है। संपूर्ण कारा परिसर में आज 1000 वृक्षारोपण किया गया। बंदियों की समस्या सुनने के लिए सेंट्रल जेल में डीएम द्वारा बंदी दरबार का भी आयोजन किया गया। बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा उपस्थित कुल 26 बंदियों की समस्याओं को सुनवाई करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु एवं अनुपालन सुनिश्चित



करने हेतु कारा अधीक्षक बक्सर को निर्देश दिया गया। डीएम द्वारा बंदियों को अवगत कराया गया कि विभाग बंदियों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कोर्स आप लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रत्येक मंगलवार को विशेषज्ञ चिकित्सक की टीम आप लोगों के रोगों का विभिन्न प्रकार की जांच एवं इलाज करते है। बंदियों के मनोरंजन हेतु कारा प्रशासन काफी सजग है। इस संबंध में रेडियो दोस्ती का शुभारंभ भी किया गया है। जिसका संचालन 02 बंदी द्वारा ही किया जाएगा। भवन निर्माण द्वारा 198 बंदी क्षमता के पांच बंदी बैरक का निर्माण किया जा रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से योग का अभ्यास भी कराया गया है। बताया गया कि विगत वर्ष भी इसी तरह बंदी दरबार का आयोजन किया गया था। बताया गया की कारा प्रशासन का उद्देश्य दण्ड नहीं है बल्कि आपलोगों के व्यवहार में परिवर्तन एवं सुधार लाया जाना है। आप लोगों से उम्मीद और अपेक्षा है कि आपलोग कारा प्रशासन का सहयोग करेंगे। किसी भी प्रकार के कारा नियम का उल्लंघन नहीं करेंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा भोजन बनाने वाले बंदियों को बताया गया कि सभी बंदियों के लिए बनाए जाने वाले भोजन की गुणवता बनाए रखेंगे। इस दैरान बंदी दरबार में उप विकास आयुक्त बक्सर, सिविल सर्जन बक्सर, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बक्सर, जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर एवं अन्य उपस्थित थे।

# बक्सर गोलीकांड में पिस्टल छुपाने वाला युवक गिरफ्तार

## पिकअप चालक पर फायरिंग में इस्तेमाल की गई पिस्टल बरामद, मामले में कुल 4 गिरफ्तार

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर के दलसागर में पुराने विवाद को लेकर बुलेट सवार द्वारा पिकअप चालक पर चलाई गई गोली कांड में पुलिस ने इस कांड में इस्तेमाल की गई पिस्टल को बरामद कर लिया है। घटना में शामिल एक और युवक को भी गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक पुलिस ने चार लोगों की गिरफ्तार किया है। आरोपी मनु यादव से पिस्टल लेकर छुपाने का काम करने वाले युवक को छापेमारी करके पकड़ा गया है। मामले को लेकर पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



**3 लोगों पर एफआईआर लेकिन कुल चार गिरफ्तार:** घटने के बाद पिकअप चालक ने तीन लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज किया था लेकिन पुलिस ने चौथे व्यक्ति को कांड के बाद हथियार छुपाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से दो को घटनास्थल से ही गिरफ्तार किया था। जबकि कांड मास्टर मनु यादव को एक निजी अस्पताल में इलाज करवाते हुए गिरफ्तार किया था। पुलिस के पूछताछ के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया था।

**पिस्टल छुपाने वाला युवक गिरफ्तार:** घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को पकड़ने के बाद पुलिस इस्तेमाल की गई पिस्टल बरामद करना चाहती थी। कांड मास्टर मनु यादव से पूरे मामले को लेकर पूछताछ की जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने कथकौली मैदान के पास छापेमारी की और जसो निवासी शिवम यादव को गिरफ्तार की। मैदान के पास इतेमाल की गई पिस्टल को छुपाया गया था।

**कांड मास्टर का छुपाया था पिस्टल:** मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि उक्त गोलीबारी की घटना में घटनास्थल से भागे मनु यादव ने शिवम यादव को पिस्टल छुपाने के लिए दिया था। उसके बाद वह निजी अस्पताल में इलाज करवा रहा था। जिस दौरान उसकी गिरफ़्तारी हुई। पूछताछ के बाद छापेमारी करके शिवम यादव को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से पीतल बरामद हुई है। इस घटना में टोटल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# तीन दोस्तों पर फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी का सरेंडर



**निज संवाददाता। आरा**

टाउन थाना क्षेत्र अन्तर्गत देवी स्थान-व्यापार मंडल के सामने स्थित बजारी साव के गोला के पास तीन दोस्तों पर गोलीबारी हुई थी। मामले में मुख्य आरोपित अंशु कुमार ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसके बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया। सरेंडर करने वाला मुख्य आरोपित मीरगंज, बिहार कालोनी मोहल्ला का निवासी है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सरेंडर करने वाले आरोपित को जल्द रिमांड पर लिया जाएगा। इससे पहले इस कांड में 23 अगस्त को पुलिस ने मुफस्सिल थाना के जमीरा गांव निवासी नकुल कुमार महतो और सुधीर महतो को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए दोनों आरोपितों का पहले से आपराधिक इतिहास रहा था। अभी तक की जांच में पांच-छह बदमाशों की संलिप्तता की बात सामने आई है। दरअसल 22 अगस्त की शाम जीतू, राहुल और अमन तीनों पड़ाव मोड़ से धोबिया गली की ओर जा रहे थे। रास्ते में तीनों नामजद समेत तीन-चार अज्ञात बदमाशों ने घेर लिया था। हथियारबंद आरोपितों ने तीनों को गोली मार दी थी। घायल आरण्य देवी रोड स्थान निवासी बैजू प्रसाद के पुत्र जीतू कुमार के बयान पर हुई प्राथमिकी में मीरगंज, पानी टंकी बिहार कालोनी निवासी अंशु कुमार, जमीरा निवासी नकुल महतो, सुधीर महतो नामजद और तीन-चार अज्ञात शामिल है।

# गड़हनी में 89 हजार 53 लोगों को खिलाई फाइलेरिया की दवा



**निज संवाददाता। गड़हनी**

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए बीडीओ ने प्रखण्ड कार्यालय में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। समीक्षा बैठक में पीएचसी प्रभारी चिकित्सक सुनील महेन्द्र कपूर, बीसीएम प्रकाश कुमार रजक, स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार व डब्लू एचओ प्रखण्ड मोनिटर से बीडीओ अर्चना कुमारी ने आज तक फाइलेरिया अभियान में खिलाए गए दवा का पूरा रिपोर्ट मांगा। जिसमें बीसीएम द्वारा आजतक का रिपोर्ट सौंपा गया जिसमें कुल 89053 बच्चे, महिला व पुरुषों को फाइलेरिया का दवा खिलाया गया है।जबकि प्रखण्ड में 122410 लोगो को दवा खिलाना है। अब मात्र अब दो दिन बचा हुआ है।

स्वास्थ्य प्रभारी ने कहा कि उम्मीद करते है कि दो दिनों में लक्ष्य के करीब पहुंच सकें। इस अभियान को सफल होने को लेकर 65 आशा का टीम बनाया गया है, जो गांव गांव जाकर लोगों को दवा खिला रही हैं। साथ ही साथ दवा खिलाये गए लोगो का रिपोर्ट भी रजिस्टर पर तैयार कर रही हैं। बीडीओ अर्चना कुमारी ने कहा कि ये अभियान देश स्तर पर चल रहा है।

सभी टीम को थोड़ा रेस कीजिये। जिससे लक्ष्य तक पहुंचा जा सके। कोई बड़ा लक्ष्य नही है। जहाँ भी कोई दिक्कत हो मुझसे बोलिये मैं मदद करूंगा। मैं कल सभी विकास मित्र को बोलते है जहाँ आपलोगों की जरूरत पड़े मदद ले सकते है।

# 4 जिलों के 108 पुलिस अधिकारी-कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र, शाहाबाद DIG ने किया सम्मानित, सभी एसपी रहे मौजूद

**निज संवाददाता। सासाराम**

शाहाबाद प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में गुरुवार को डीआईजी ने शाहाबाद प्रक्षेत्र के कुल 108 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में एसपी विनीत कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी ने डीआईजी को सलामी दी। तत्पश्चात पुलिस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हुआ। डीआईजी नवीन चंद्र झा ने बताया कि अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा शाहाबाद प्रक्षेत्र के कुल 108 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को पुरस्कृत करने हेतु चयन कर सूची भेजी गई थी। मौके पर रोहतास, भोजपुर, बक्सर एवं कैमूर के एसपी मौजूद थे। रोहतास जिले के शिवसागर में एक वर्ष पूर्व अज्ञात अपराधियों के द्वारा हथियार के बल पर चावल लदा ट्रक लूट कांड के सफल उद्बेदन व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जहां तत्कालीन सासाराम डीएसपी संतोष कुमार राय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस



निरीक्षक राकेश गोसाई, राकेश कुमार सिंह समेत टीम में शामिल आठ पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं एक वर्ष पूर्व एक करोड रुपए की फिरौती हेतु डेहरी के पाली निवासी मोटर पार्ट्स व्यवसायी अपहरण मामले में सफल उद्बेदन के लिए एएसपी सुधांशु मिश्रा, तत्कालीन डीएसपी आदिल बिलाल समेत कुल 16 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। रोहतास जिले के कुल 24 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के बीच एक लाख पांच हजार रूपए की नगद राशि पुरस्कार के रूप में वितरित किया गया।

**भोजपुर जिले के इन अधिकारियों को मिला सम्मान:** वहीं भोजपुर में प्रोफेसर दंपति की हत्या कर रुपया, आभूषण, मोबाइल लूट के मामले में सफल उद्बेदन के लिए भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव को प्रशस्ति पत्र देकर तथा पुलिस निरीक्षक अविनाश कुमार, शंभू भगत समेत कल 17 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। भोजपुर में ही अवैध बालू खनन माफिया एवं उनके गुर्गों को एसएलआर, रेगुलर राइफल, देसी कट्टा, पिस्टल समेत भारी मात्रा में मैगजीन व कारतूस बरामदगी के मामले में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव, एएसपी चंद्र प्रकाश, पुलिस निरीक्षक शंभू भगत समेत कल 25 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। भोजपुर में ही 50 हजार रूपए के इनामी अपराधी उमाशंकर मिश्रा की गिरफ्तारी के लिए भोजपुर एसपी समेत जगदीशपुर डीएसपी राजीव चंद्र सिंह, पुलिस निरीक्षक शंभू भगत समेत कुल 22 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**बक्सर जिले के इन अधिकारियों को मिला सम्मान:** बक्सर जिला में हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से साढ़े तीन लाख रुपए लूटपाट के मामले में सफल उद्बेदन व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बक्सर एसपी मनीष कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि इसी मामले में डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी, पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार समेत कुल 20 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को 67 हजार 500 रुपया देकर पुरस्कृत किया गया।

# 4 दिन से लापता BSAP जवान वाराणसी से बरामद, गायब होने के संबंध में जवान नहीं करना चाहता बात

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर जिले के निर्माणाधीन थर्मल पावर प्लांट की सुरक्षा में तैनात लापता BSAP (बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस) जवान को चार दिन बाद वाराणसी के गंगा घाट से बरामद कर लिया गया है। लापता होने के संबंध में जवान किसी से फिलहाल कुछ बात करना नहीं चाहता है। मामले के बारे में जवान के भाई से पूछे जाने पर बताया है कि उन्होंने कहा कि वो बस एकांत और सबसे अलग रहना चाहते हैं। पुलिस फिलहाल कोर्ट में जज के समाने पेश करने की करवाई में जुटी हुई है।



**सीसीटीवी फुटेज और ATM ट्रांजेक्शन के आधार पर खोजबीन:** जवान की बरामदगी को लेकर पुलिस पदाधिकारी ने बताया है कि आसपास की सीसीटीवी फुटेज और एटीएम से ट्रांजेक्शन के आधार और एक पुलिस स्टाफ द्वारा सोशल मीडिया पर चल रहे फोटो के आधार पर वाराणसी से सूचना मिली। जिसपर हमलोगों ने जवान को बरामद किया है।

**जवान के सीनियर ने दी पुलिस और परिजनों को सूचना:** जवान को लाने के लिए पुलिस के साथ पहुंचे उसके भाई अशफाक अंसारी ने बताया कि अल्ताफ के सीनियर पूजा-पाठ के सिलसिले में कल बनारस में थे। उसी दौरान घाट पर यह दिखाई दिया जिसकी सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस और परिजनों को दी। मैं और यहां की पुलिस उसे लाने पहुंचे। भाई ने आगे बताया कि गर्लफ्रेंड का चक्कर है। जिससे बातचीत बंद हो जाने के बाद से यह परेशान चल रहा है। तीन दिन की छुट्टी पर घर आया था उसी वक्त डिप्रेशन की वजह से एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें इसी ठीक होने में 42 दिन का समय लगा था। उसके बाद यह ड्यूटी पर वापस गया था लेकिन तीन दिन ड्यूटी करने के बाद फिर से यह अचानक से गायब हो गया।

**कोर्ट के आदेश पर आगे की कारवाई:** मामले की जानकारी देते हुए मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविना कुमार ने बताया है कि परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया था। जिस बाजार से गायब होने की सुचना मिली थी वहां की किसीटीवे फुटेज खंगालने पर वह बक्सर की तरफ जाते दिखाई दिया था। बक्सर स्टेशन स्थित मुसाफिरगंज एटीएम से पैसा निकलने का डिटेल मिला। पुलिस स्टाफ को कल शाम सूचना मिली। जिसके आधार पर इसे सुरक्षित बरामद कर लिया गया है। कोर्ट में बयान के बाद कोर्ट के आदेश पर आगे की कारवाई की जाएगी।

# पति-पत्नी और बेटी को पीटकर किया घायल

**निज संवाददाता। आरा**

**बड़े भाई से चल रहा था घरेलू विवाद, घायलों को सदर अस्पताल में किया भर्ती**

भोजपुर में गुरुवार को बड़े भाई ने अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर छोटे भाई के परिवार की लाठी से पिटाई की थी। इन लोगों के बीच मसाला पीसने वाले सिलौट पर चढ़ने को लेकर विवाद हुआ था। मारपीट में दंपती समेत तीन लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। परिजनों की मदद से मामले को शांत कराया गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रह है।

**बेटी का सिर फोड़ दिया:** जख्मियों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी स्वर्ग रामदेव शाह के 45 वर्षीय बेटे छोटेलाल शाह, उनकी पत्नी और 18 वर्षीय बेटी निशा कुमारी शामिल है। जख्मी छोटे लाल सहने बताया कि मेरे बड़े भाई छोटी-छोटी बातों को लेकर गाली-गलौज करते हैं। आज सभी लोग अपने घर में काम कर रहे थे, तभी मेरे बड़े भाई ऊपर से आए और मसाला पीसने वाले पत्थर (सिलौट) पर चढ़कर चले गए। जब मैंने उसे टोका तो पिटाई कर दी। मेरी बेटी का सिर फोड़ दिया। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सीएसपी संचालक को बीच सड़क मारी गोली

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव बाजार स्थित मछली बाजार के पास शुक्रवार सुबह अपराधियों ने बाइक सवार सीएसपी संचालक को गोली मार दी। बुलेट कमर के पास लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। जख्मी अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अगिआंव गांव निवासी स्व. चंद्रमा सिंह के 37 वर्षीय पुत्र सागर प्रताप सिंह है। वे अगिआंव गांव के ग्रामीण बैंक के सामने स्टेट बैंक का सीएसपी चलाते हैं। जख्मी सीएसपी संचालक ने बताया कि दो दिन पहले विवाद हुआ था। इस दौरान नोकझोंक के बाद मैंने उसे दो थप्पड़ जड़ दिया था।



जख्मी ने कहा कहा कि आज जब हम अपनी बाइक से सीएसपी जा रहे थे। इसी बीच एक बाइक सवार लड़का अगिआंव गांव के समीप आया। पीछा करना शुरू दिया। मुझे शक हुआ कि यह दोनों मेरा पीछा कर रहे, तभी मैंने अपनी बाइक तेज कर ली। इसके बाद हेलमेट पहने दोनों बदमाशों ने मेरे ऊपर गोली चला दी। जख्मी ने आशंका जताई है कि दो दिन पूर्व हुए रोडरेज के विवाद को लेकर मुझे गोली मारी गई है।

# भक्तों के रक्षक हैं भगवान : भारतभूषण

## नर्मदेश्वर महादेव के प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन

**निज संवाददाता। आरा**

जिला मुख्यालय आरा के जीरो माइल एकौना मोड़ पर वास्तु विहार कॉलोनी के नर्मदेश्वर महादेव के प्रांगण में बुधवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व ज्ञान महायज्ञ का तीसरा दिन था। श्रीमत सनातन शक्तिपीठाध्यक्ष आचार्य (डॉ) भारत भूषण जी महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कहा कि भक्त की रक्षा भगवान करते हैं। ध्रुव चरित, अजामिल एवं प्रह्लाद चरित्र समेत इसके अनगिनत उदाहरण हैं। महाराज जी ने कहा कि जब तक जीव माता के गर्भ में रहता है, तब तक वह बाहर निकलने के लिए छटपटाता रहता है। उस समय वह जीव बाहर निकलने के लिये ईश्वर से अनेक प्रकार के वादे करता है। लेकिन जन्म लेने के बाद सांसारिक मोह माया में फंस कर



वह भगवान से किए गए वादों को भूल जाता है। जिसके परिणामस्वरूप जीव को चौरासी लाख योनी भोगनी पड़ती है। व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है, उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है। भक्त ध्रुव की साधना, उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। भक्त प्रह्लाद पर जब विपत्ति आई, भगवान स्वयं नरसिंह के अवतार में रक्षा के लिए आयें। भगवान कई रूपों में अवतार लेकर भक्त, धर्म, सत्य और राष्ट्र की रक्षा करते हैं। सेवा-भाव से तत्पर रही आयोजन समिति धर्मोपदेश सुनने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु नर-नारी उपस्थित थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीगणेश सिंह, संयोजक आशुतोष कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष विश्वामित्र शुक्ल, नितेश मिश्र, पैक्स अध्यक्ष अरविन्द सिंह, मुखिया जी एवं वास्तु विहार कॉलोनी परिवार के सदस्यगण थे। आयोजन समिति ने बताया कि वास्तु विहार कॉलोनी में अभी चार दिन धर्मोपदेश होगा। धर्म उपदेश सुनने के लिए नर-नारियों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। किसी को कोई दिक्कत ना हो; इसके लिए स्वयंसेवक हर समय तक पर रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मटका फोड़ प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण की टीम ने मारी बाजी

**नारायणपुर।** नारायणपुर जन्माष्टमी के अवसर पर नारायणपुर के कृष्ण मंदिर परिसर में लगे मेले में गुरुवार दोपहर मटका फोड़ प्रतियोगिता हुई। मटका फोड़ प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया। इसमें नारायणपुर के श्रीकृष्ण की टीम को विजेता घोषित किया गया। विजेता टीम को 2500 रुपए और उपविजेता टीम को 1100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। इसके बाद शाम में भगवान श्रीकृष्ण राधा, रुक्मणि और मां विषहरी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई विसर्जन शोभायात्रा में हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की, जय श्रीकृष्ण, राधे-राधे के जयकारे से गुंजायमान रहा। विसर्जन शोभायात्रा नारायणपुर गांव, मधुरापुर बाजार होते हुए गंगा जहाज घाट पहुंची।

### अंतर महाविद्यालय शतरंज स्पर्धा टीएनबी में दो सितंबर से शुरू

**भागलपुर।** भागलपुर टीएनबी कॉलेज की क्रीड़ा परिषद ने दो सितंबर से होने वाली अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता के आयोजन के लिए गुरुवार को बैठक की। परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक में प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया गया और विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के संचालन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के बॉयज कॉमन रूम में किया जाएगा। तीन सितंबर को प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी दी जाएगी।

### प्रांतीय और क्षेत्रीय खेलकूद में सफल छात्र हुए सम्मानित

**भागलपुर।** आनंदराम ढांढनियां सरस्वती विद्या मंदिर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य सुमंत कुमार, कार्यक्रम प्रमुख वीरेंद्र किशोर राय, वरिष्ठ आचार्य अभिनंदन सिंह, अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से की। छात्रों के बीच कई खेल प्रतियोगिताएं करवाई गईं। प्रांतीय और क्षेत्रीय खेलकूद में सफल छात्रों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। वीरेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय खेल दिवस की रूपरेखा प्रस्तुत की। आचार्य गोपाल ने ध्यानचंद के जीवन से जुड़ा प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किया। रिया ने एकल गीत प्रस्तुत किया।

### अब स्कूली शिक्षकों को मार्क लीव मॉड्यूल के आधार पर मिलेगी छुट्टी

**भागलपुर।** स्कूली शिक्षकों को अब एसएमएस या सोशल मीडिया पर आवेदन देने से छुट्टी नहीं मिलेगी। इसके लिए छुट्टी का आवेदन मार्क लीव मॉड्यूल पर डालना होगा जिसकी शुरुआत दो सितंबर से होगी। शिक्षा विभाग ने कहा है कि अक्टूबर से वेतन इसी के आधार पर होगा। प्रधानाध्यापक आवेदन के आधार पर ही स्वीकृत अवकाश को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड करेंगे। अब स्कूल तय समय से एक घंटा देर से पहुंचने पर एक दिन के सीएल का आधा कट जाएगा।

### आज तक विलंब शुल्क के साथ भरा जाएगा फॉर्म

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में पीएचडी, वर्ष-2023 के मैथडोलॉजी कोर्स के विद्यार्थियों का परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि बिना विलंब शुल्क के बुधवार को समाप्त हो गई। अब गुरूवार से विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरा जा रहा है। जो शुक्रवार को समाप्त हो जाएगा। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि 16 अगस्त को ही निर्धारित कर दी गई है। जो बुधवार तक बिना विलंब शुल्क के भरा गया। साथ ही दो दिनों तक यानी 30 अगस्त तक 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरा जा सकेगा।

### वीकेएसयू के वीसी की नियुक्ति पर संशय टीएमबीयू के वीसी की बहाली में वही पेच

**भागलपुर।** वीकेएसयू आरा के कुलपति डॉ. शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी की नियुक्ति में अनियमितता के जिस मामले में हाईकोर्ट ने आगे की कार्रवाई करते हुए वहां के रजिस्ट्रार को जवाबी लफनामा देने को कहा है, टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर की बहाली में भी वही गड़बड़ी का आरोप है। जवाहर लाल का मामला भी हाईकोर्ट पहुंचा है और पहली सुनवाई की प्रतीक्षा हो रही है। लेकिन एक ही तरह का मामला होने के कारण कहा जा रहा है कि जवाहर लाल को लेकर भी कोर्ट की वही कार्रवाई जल्द हो सकती है जो कोर्ट ने शैलेन्द्र चतुर्वेदी के मामले में की है। शैलेन्द्र चतुर्वेदी की नियुक्ति में प्रोफेसर के रूप में 10 साल का अनुभव नहीं रहने और नियुक्ति क प्रक्रिया के लिए गठित सर्च कमेटी में यूजीसी का कोई भी प्रतिनिधि शामिल नहीं रहने को लेकर दाखिल की गई याचिका पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और जस्टिस पार्थ सारथी की खंडपीठ ने वीकेएसयू आरा के रजिस्ट्रार को जवाबी हलफनामा देने को कहा है। जानकारों ने बताया कि कुलपति के पद पर नियुक्ति के लिए प्रोफेसर के रूप में 10 साल का अनुभव अनिवार्य है। साथ ही नियुक्ति के लिए जो सर्च कमेटी राजभवन के स्तर पर बनती है उसमें राजभवन और राज्य सरकार के एक-एक प्रतिनिधि के साथ ही यूजीसी का भी एक प्रतिनिधि शामिल होना चाहिए। टीएमबीयू के कुलपति जवाहर लाल के मामले की बात करें तो इनकी नियुक्ति में भी इन दोनों मानकों का पालन नहीं होने का आरोप लगाते हुए करीब दो महीने पहले टीएमबीयू के ही पूर्व रजिस्ट्रार गिरिजेश नंदन कुमार ने भी हाईकोर्ट में याचिका दी थी। गिरिजेश नंदन कुमार ने कहा कि उनकी याचिका अभी सुनवाई के लिए सूची पर नहीं आई है। लेकिन संभावना है कि एक हफ्ते में याचिका लिस्ट पर आ जाए। चूंकि दोनों कुलपतियों के केस एक हैं और आरा विवि के कुलपति के मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए हलफनामा मांगा है इसलिए टीएमबीयू के कुलपति नियुक्ति को लेकर भी यह प्रक्रिया होगी। जवाहर लाल के मामले में तो खुद यूजीसी ने कोर्ट को बताया है कि जब उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया की गई थी तब यूजीसी के किसी भी प्रतिनिधि को सर्च कमेटी में नहीं रखा गया था। टीएमबीयू में 22 अगस्त 2022 को कुलपति नियुक्त हुए जवाहर लाल का कार्यकाल अभी एक साल और बचा है। इधर गिरिजेश नंदन कुमार ने बताया कि इस अनियमितता में राज्य के एक-दो और कुलपतियों की नियुक्ति सवालों में घेरे में है। इनकी नियुक्ति भी पूर्व कुलाधिपति फागू चौहान के समय हुई थी।

### शिक्षकों के मोबाइल नहीं होने पर अब एचएम बनाएंगे हाजिरी

**मुंगेर।** जिले के सभी सरकारी स्कूलों में कार्यरत हेडमास्टर और शिक्षकों की शिक्षा कोष मोबाइल एप के माध्यम से प्रतिदिन हाजिरी बन रही है। अब शिक्षकों की हाजिरी प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूल एडमिन के माध्यम से भी दर्ज की जा सकेगी। यानी कि शिक्षकों के पास मोबाइल नहीं रहने की स्थिति में हेडमास्टर हाजिरी बनाएंगे। बीईओ दिनेश कुमार जायसवाल ने बताया कि ई-शिक्षा कोष एप को अपडेट किया गया है। जिसमें कई तरह के बदलाव भी किए गए हैं। इसको लेकर स्कूल एडमिन नामक नया विकल्प दिया गया है, जिसके माध्यम से विद्यालय के हेडमास्टर द्वारा विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की जा सकेगी। हेडमास्टर या शिक्षक जो विद्यालय से अन्यत्र किसी सरकारी कार्य के लिए प्रतिनियुक्त हैं तो ऐसी स्थिति में विद्यालय के बाहर की ड्यूटी दर्ज करेंगे। विकल्प का चयन करते हुए इस बटन को क्लिक करेंगे। इसके बाद मोबाइल के स्क्रीन पर हाजिरी दर्ज करेंगे। इसमें मार्क इन व मार्क आउट दिखाई देगा। पोर्टल में तकनीकी समस्या होने पर हेल्प डेस्क का भी नंबर जारी किया गया है। जिस पर शिक्षक संपर्क कर तकनीकी समस्याओं को दूर कर सकेंगे।

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 3 सितंबर से होगा इलाज, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा करेंगे उद्घाटन

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में तीन सितंबर से इलाज शुरू हो जाएगा। 6 सितंबर को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा उद्घाटन करेंगे। मायागंज अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर राकेश कुमार ने कहा है कि गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में तय हुआ है कि इलाज शुरू करना है। इसके लिए तीन सितंबर को चार विभागों में ओपीडी शुरू किया जाएगा। पहले ही नर्सिंग स्टाफ की तैनाती हो गई है। ओपीडी में न्यूरो सर्जरी, नेफ्रोलॉजी, हार्ट व प्लास्टिक सर्जरी को शामिल किया है। इसके बाद बाकी तीन विभागों में मरीजों का इलाज शुरू होगा। हालांकि, विधिवत उद्घाटन छह सितंबर को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा करेंगे। लेकिन, इससे पहले यहां मरीजों का इलाज शुरू होगा।

**सफाई व सुरक्षा एजेंसियां को भी दिया कामः** बताया गया है कि नर्सिंग स्टाफ की तैनाती वहां पहले ही हो चुकी है। सफाई व सुरक्षा एजेंसियां को भी काम दिया गया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उदय नारायण सिंह ने बताया कि वीसी में एजेंसी से पूछा गया, तो बताया गया कि 91 सामानों में 73 फाइनल हो गया है। इनमें से 59 सामानों की आपूर्ति हो चुकी है। 25 इंस्टॉल भी हो गए हैं। एजेंसी के पदाधिकारी की बात पर अधीक्षक व प्राचार्य से भी सहमति ली गई है। एजेंसी सही बोल रही है या नहीं। इस पर अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि हां, यह बात सही है। जिन चार विभागों में ओपीडी शुरू होगी, वहां तत्काल फर्नीचर लगवा कर तैयार किया जाएगा, ताकि इलाज में दिक्कत नहीं हो। इधर उद्घाटन से संबंधित पूरी व्यवस्था डीएम के स्तर से की जानी है। इसके लिए जो भी खर्च होगा, वह बिहार मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन को करना है।

**नर्सिंग स्टाफ की हुई तैनाती**



**बिजली का भी काम हुआ पूराः** सीपीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने तैयारी पर बताया कि हमारे स्तर से सब कुछ हो चुका है। बिजली का भी काम पूरा हो गया है। नियम के अनुसार एक विभाग में एक-एक प्रोफेसर, एसोशिएट प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर की जरूरत है। जबकि, दो सीनियर रेजिमेंट चाहिए। सात विभागों को मिलाकर 35 स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की जरूरत है। इसी तरह 160 बेड का इंडोर होगा तो यहां दो बेड पर एक नर्स की जरूरत होगी। यह भी 80 चाहिए। पारा मेडिकल स्टाफ व अन्य हेल्थ वर्कर को मिलाकर 90 से ज्यादा स्टाफ की जरूरत होगी। बड़ी चुनौती यह है कि स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से योगदान दिलवाना और उन्हें बनाए रखना है। क्योंकि वे नहीं रहेंगे तो इस अस्पताल का मकसद पूरा नहीं हो सकेगा। अभी तक सिर्फ कुछ विभागों के डॉक्टरों ने योगदान दिया है, नर्स, पारा मेडिकल व अन्य स्टाफ की तैनाती नहीं हो सकी है।

**घायलों का तुरंत होगा इलाजः** नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलॉजी, ट्रॉमा वार्ड, वरीय नागरिकों के लिए जेरियाट्रिक्स विभाग है। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों का इलाज करेगी। ट्रॉमा वार्ड का निर्माण विशेष रूप से हुआ है, ताकि दुर्घटना में घायलों का इलाज तुरंत हो सके। हॉस्पिटल में 40 अति दक्षता वाले बेड मरीजों के लिए लगाए हैं। इसमें आठ हाईटेक ऑपरेशन थिएटर अलग-अलग ब्लॉक में हैं। एमआरआई मशीन चालू हैं, सीटी स्कैन लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, इको जांच, एक्सरे, पैथोलाजिकल जांच की व्यवस्था की जा रही है।

## भागलपुर में दंपती का हाई वोल्टेज ड्रामा, लड़की के परिजनों ने युवक को पीटा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में गुरुवार को मनाली चौक के पास हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां एक लड़की और उसकी फैमिली एक युवक के साथ मारपीट करती दिखी। हाथापाई की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। मामला शांत कर लड़के को अपने साथ थाने ले गई। कजरेली थाना क्षेत्र के तमोनी मोड निवासी सौरभ कुमार(22) इसी थाना क्षेत्र की संगीता कुमारी(19) से प्यार करता था। दोनों के बीच फरवरी 2024 से लव अफेयर है। अप्रैल महीने में लड़की के परिजनों को दोनों के प्रेम-प्रसंग के बारे में पता चला। इसके बाद परिवार वालों ने सौरभ को पकड़कर जबरदस्ती 26 मई को शादी करवा दी। लेकिन उसके परिजनों को इस बात की जानकारी तक नहीं दी गई।



**लड़की मेंटली बीमार हैः** बताया जा रहा है कि संगीता मानसिक रूप से ग्रसित है। शादी के बाद सौरभ को जबरदस्ती डेढ़ महीने तक ससुराल में रखा गया। इस बीच संगीता आए दिन सौरभ के साथ लड़ाई करती थी। इससे परेशान होकर सौरभ 11 जुलाई को अपने घर तमौनी मोड लौटा आया।

**अर्धनग्न हो जाती थी महिलाः** सौरभ के पिता कपिलदेव शाह ने बताया कि लड़की के साथ बेटा अपने घर तमौनी मोड में 1 सप्ताह तक रहा। यहां पर भी संगीता विवाद करती थी। मर जाने की धमकी और अर्धनग्न हो जाती थी। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच समाज ने जुलाई में एक पंचायती भी बुलाई थी। पंचायत में यह फैसला सुनाया कि एक बार भगवान भी गलती माफ कर देता है। इसके बाद सौरभ, संगीता को रखने के लिए तैयार हो गए। **9 सितंबर को थाने बुलाई थी पुलिसः** इसके 3 दिन बाद फिर संगीता घर में ड्रामा करना शुरू कर दी। इससे तंग आकर सौरभ ने उसे रखने से मना कर दिया। इसके बाद लड़की के परिवार वालों ने महिला थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्ष को समझौता के लिए 9 सितंबर को बुलाया था। लेकिन इससे पहले ही आज (गुरुवार) को जब सौरभ मनाली SM कॉलेज रोड कुछ सामान खरीदने गया, तो लड़की वाले भी उनके पीछे-पीछे जा पहुंचा। सौरभ की बीच सड़क पर ही पिटाई करनी शुरू कर दी।

**लड़की बोली-हम उसके साथ रहना चाहते हैंः** हाई वोल्टेज ड्रामा देखने के लिए राहगीरों की भीड़ लग गई। युवती संगीता ने बताया कि शादी हम दोनों का प्रेम-प्रसंग में बायपास थाना में हुआ था। डेढ़ महीने साथ रहे। अब सौरभ रखने को राजी नहीं है। हम उनके साथ रहना चाहते हैं। लेकिन यह रखने को राजी नहीं है। इधर, दोनों के बीच तकरीबन 30 मिनट तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। घटना की जानकारी लड़के को परिजनों को हुई तो लड़के के परिजनों ने डायल 112 की टीम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करवाया। युवक सूरज को अपने हिरासत में लेकर बाइपास थाना ले गया है। जहां पर आगे की प्रक्रिया की जा रही है।

## भागलपुर में यूपी के ट्रक ड्राइवर की मिली लाश

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शुक्रवार सुबह रेलवे पुल से लटकता हुआ ट्रक ड्राइवर का शव मिला। घटना जीरोमाइल औद्योगिक थाना क्षेत्र के गोपालपुर रेलवे पुल का है। ट्रक ड्राइवर के गले में रस्सी का फंदे लगा हुआ था। प्रथम दृटया आत्महत्या प्रतीत होता है। आसपास के लोग जब टहलने के लिए निकले तो लोगों ने पुल से शव लटकता हुआ देखा। इसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। जीरोमाइल थाना अध्यक्ष मुरलीधर शाह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को फंदे से उतरकर आगे की कार्रवाई में जुट गए। सूचना के बाद सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी भी मौके पर पहुंचे। परिजनों को दी गई जानकारीः इधर, पुलिस ने पॉकेट चेक किया तो पॉकेट से उनका आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद हुआ है। मरने वाले की पहचान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी बंगाल यादव (51) के रूप में की गई है। बंगाल यादव ट्रक ड्राइवर है। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुटी हुई है। सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने बताया कि हम लोगों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

झारखण्ड सरकार
वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमंडल, मेदिनीनगर
Ph. no.:- 08987790041Email ID : dfocorearea@gmail.com

आम सूचना सं० – 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू व्याघ्र आरक्ष अन्तर्गत लौज, ट्री हाउस, डोरमेट्री एवं रेस्ट हाउस सहित अन्य सभी व्यवासायिक भवन का व्यवस्थित ढंग से संचालन एवं प्रबंधन हेतु होस्टल मेनेजमेन्ट में स्नातक योग्यताधारियों से अनुबंध पर नियुक्त हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है।

1. होस्टल मेनेजमेन्ट में स्नातक योग्यताधारी जिन्होंने कम से कम दो वर्षों का प्रबंधन कार्य का अनुभव हो उन्हें तथा स्थानीय अभ्यार्थियों को प्रार्थमिकता दी जायेगी।
2. चयनित एवं अनुबंध पर नियुक्ति व्यक्ति को प्रतिमाह 40,000/– (चालिस) हजार रूपये मानदेय दिया जायेगा।
3. यह नियुक्त केवल एक वर्ष के लिए मान्य रहेगा नियुक्त व्यक्ति के कार्य दक्षता के आधार पर सेवा विस्तारित किया जा सकेगा।
4. इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के तिथि से 15 दिनों के अन्दर उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, उत्तरी प्रमंडल, मेदिनीनगर के पते पर स्वहस्त लिखित आवेदन एवं अभिलेख समर्पित कर सकते हैं।
5. रिक्त स्थान – 01(एक)

ह0/–
(प्रजेश कान्त जेना, भा0व0से0)
उप निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना,
उत्तरी प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR.NO.334133 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(लापता महिला करीना कुमारी उम्र करीब–24 वर्ष,)
साथ में एक बच्ची नाम–प्रियांसी कुमारी उम्र–03 वर्ष)



डंडई थाना सनहा सं0–11/2024 दिनांक–08.08.2024 में लापता महिला करीना कुमारी, उम्र करीब–24 वर्ष, पति–राजेश राम, साथ में 03 वर्ष के बच्ची नाम–प्रियांसी कुमारी सा0+थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–05.08.2024 को सुबह करीब 08:30 बजे बिना किसी को बताये कहीं चली गयी है। उक्त लापता महिला करीना कुमारी एवं उक्त बच्ची का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला एवं बच्ची किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।
हुलिया :–लंबाई–05 फीट, रंग–सांवला, बनावट–पतली,
पहनावा– नीला रंग की साड़ी, बाला–काला एवं लम्बा।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 334187 (Police)24-25*D

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर
Email Id –
nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

Corrigendum-I

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित PR.NO. 333495 District(24-25)*D में निविदा सं0 NPB-03/2024-25 (3rd call) में एकरारनामा की समय अवधि को तीन वर्ष के स्थान पर एक वर्श पढ़ा जाए। शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 334158 District (24-25)_D

कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

शुद्धि–पत्र

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा Request For Proposal GNP/RFP-01/2024-25 (Bio Mining and remediation of Legacy Waste at Garhwa Nagar Parishad) का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR 331771 Urban Development (24-25)#D है। उक्त Request For Proposal में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

1. निविदा डालने की अंतिम तिथि– 05.09.2024
2. निविदा खोलने की तिथि– 07.09.2024

शेष सभी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 334159 (Urban Development) 24-25 (D)

कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,गढ़वा
(मनरेगा, कोषांग)

(संशोधित निविदा आमंत्रण सूचना)

कार्यालय पत्रांक 587/मनरेगा, दिनांक 27.08.2024 के द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय गामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम (MGNREGA) अन्तर्गत, गढ़वा जिला में जॉबकार्ड एवं मापी–पुस्त का मुद्रण हेतु इच्छुक निबंधित मुद्रकों से मुहरबंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की गयी थी। जिसका PR N0.333975 Rural development(24-25).D है। जिसमे निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) जमा करने की अंतिम तिथि 15.09.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक एवं निविदा निस्तारण तिथि 15.09.2024 को अपराह्न 04:00 बजे समय निर्धारित था, को अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए इच्छुक निबंधित मुद्रकों से मुहरबंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 19.09.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक एवं निविदा निस्तारण तिथि19.09.2024 कोअपराह्न 04:00 बजे समय निर्धारित की जाती है। शेष अन्य नियम एवं शर्ते यथावत्त रहेगी।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक,गढ़वा

PR 334197 Rural Development(24-25).D

## संक्षिप्त समाचार

### 1600 लीटर स्पिरिट लदा पिकअप जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** मध निषेध इकाई अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) पटना की टीम ने आमस पुलिस के सहयोग से सांव टोल प्लाजा के पास जीटी रोड से 1600 लीटर स्पिरिट लदा एक पिकअप जब्त किया है। इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह ने बताया कि स्पिरिट की यह खेप पिकअप के माध्यम से झारखंड के बरही से औरंगाबाद के मदनपुर ले जाने की गुप्त सूचना थी। जिसे पकड़ने के लिए टीम के अधिकारी आमस पुलिस के साथ पहले से टोल पर लगे हुए थे। हालांकि पुलिस पर नजर पड़ते ही चालक वाहन को तेज रफ्तार में भगाने लगा। जिसे पुलिस जीप से ओवरटेक कर पकड़ लिया गया। जांच की गई तो पिकअप पर 40 गैलेन में स्पिरिट भरा मिला। जिसे जब्त कर लिया गया। जिसकी बाजार में कीमत करीब आठ लाख रुपये बताई जाती है। वहीं चालक सह तस्कर बाराचट्टी के सरवां बाजर बजकर निवासी सफ्दर कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद चालक को जेल भेज दिया गया।

### 40 लीटर शराब बरामद, दो मोटरसाइकिल जप्त

**गया, एजेंसी।** बांकेबाजार पुलिस ने थाना क्षेत्र के बांकेधाम मोड़ के पास से गुरुवार शाम 40 लीटर महुआ शराब बरामद कर लिया। जबकि शराब तस्कर की दो मोटरसाइकिल को पुलिस ने जप्त कर थाना लाई है। शराब तस्कर भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकले। बांकेबाजार के थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांकेधाम मोड़ के पास पेट्रोलिंग के दौरान दो संदिग्ध मोटरसाइकिल को पीछा किया गया। जिसमें दो शराब तस्कर मोटरसाइकिल छोड़कर भाग निकले। दोनों मोटरसाइकिल से अलग-अलग 20-20 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया।

### 'आयो लाल झूलेलाल जैसे गीतों से गूंजा सिंधी मुहल्ला

**दरभंगा, एजेंसी।** सिंधी पंचायत के तत्वावधान में आयोजित 40 दिवसीय झूलेलाल चालीहो महोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। इस मौके पर 'आयो लाल झूलेलाल के जयकारे से पूरा सिंधी पाड़ा सहित शहर गुंजायमान हो गया। शाम पांच बजे बहैराणा साहेब की शोभायात्रा निकाली गई। यह शहर के विभिन्न इलाकों से गुजरती हुई देर शाम मब्बी पहुंची जहां साईं झूलेलाल एवं बहैराणा साहब की प्रतिमा की पूजा-अर्चना और आरती की गई। उसके बाद सिंधी समाज के लोगों ने पारंपरिक तरीके से बागमती नदी में साईं झूलेलाल की प्रतिमा, बहराना साहब समेत पूजा के कलश को विसर्जित किया। समापन के मौके पर महिला मंडली ने पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन किया। मौके पर झूलेलाल मंदिर से भव्य संगीतमय शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। संयोजक विजय कुमार जुमनानी, मुकेश गंगनानी एवं कीर्तन किट्टू ने बताया की झांकी के माध्यम से ग्लोबल वार्मिंग को लेकर भी संदेश दिया गया। शोभायात्रा में सिंधी पंचायत के मुखिया जगत लाल जुमनानी, राजकुमार मारीवाला, जयराम दास, प्रकाश लखमाणी, जय किशन लाल, सिद्धू मल बजाज, महेश अठवानी, राजकुमार अठवानी, राकेश लखमानी, निर्मल अठवानी, परमानंद होइयानी, कन्हैया सिंह, मुकेश गंगनानी, उमेश गंगनानी, गोपीचंद रोहड़ा, करण एलानी, पिंकू होइयानी, तुषार मृगवानी, दिनेश गंगनानी आदि थे।

### खेत में करंट प्रवाहित होने से पोती की मौत,दादी झुलसी

**छपरा, एजेंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अकबरपुर स्थित मक्के के खेत में कंटीले तार की लगायी गयी घेरेबंदी में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से गुरुवार को एक किशोरी की मौके पर मौत हो गई।इस दौरान उसकी दादी भी भी झुलस गई। मृतका 16 वर्षीया अंजली कुमारी स्व भरत सिंह की पुत्री थी।वहीं झुलसी प्रमिला देवी स्व दिनेश सिंह की पत्नी है।जानकारी के अनुसार मृतका के गांव के उपेंद्र सिंह मक्के की फसल को नीलगाय व अन्य जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेत में तार से घेराबंदी कर उसमें करंट प्रवाहित कर दिए थे।दादी- पोती खेत की सोहनी करने जा रही थी तभी दोनों खेत में घेराबंदी किये गए तार से स्पर्श कर गई।उस समय करंट प्रवाहित था।इसलिए उसकी चपेट में आने से पोती की मौके पर मौत हो गई।जबकि उसकी दादी करंट के झटके से कुछ दूर जा गिरी।उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजी।

# विधानसभा चुनाव से पहले मजबूत हुई नीतीश की जेडीयू

## भारतीय स्वराज मोर्चा का पार्टी में हुआ विलय

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले साल यानी 2025 में विधानसभा चुनाव होने वाला है। अभी चुनाव की कोई आहट भले ही सुनाई नहीं दे रही पर सभी दलों की तैयारी जोर शोर से चल रही है। खासकर सेटिंग-गेटिंग, आने-जाने, और जनता को अपने वायदों से लुभाने का दौर हर रोज कुछ न कुछ तेज हो रहा है। इसमें कोई दल पीछे नहीं है। इस बीच एक दल का नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू में विलय करा दिया गया है। माना जा रहा है कि इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी और वोटों का ध्रुवीकरण होगा।

जो नया संगठन अब जदयू में शामिल हो गया है वह है भारतीय स्वराज मोर्चा। गुरुवार को इसका जदयू में विलय हो गया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि उज्ज्वल कुशवाहा के नेतृत्व में समाजसेवी आकाश कुमार उर्फ राहुल, दीपक कुमार साव, अजीत यादव, जगजीवन राम, आनंद मोहन कुमार उर्फ सोनू कुमार एवं कुणाल शर्मा आदि ने जदयू का दामन थामा। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भगवान सिंह कुशवाहा और मनीष कुमार वर्मा ने इन सभी को जदयू की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।

इस मौके पर भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि रवि उज्ज्वल कुशवाहा का युवा वर्ग में व्यापक प्रभाव है। भारतीय स्वराज मोर्चा संगठन के माध्यम से वे छात्रों एवं युवाओं के मुद्दों को जोर-शोर से उठाते रहे हैं। लंबे समय




से राजनीति में उनकी सक्रियता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने अपने संगठन के विलय का निर्णय लिया है। मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सामाजिक सरोकार से जुड़े युवा साथी जदयू की ओर आकर्षित हो रहे हैं और यह हम सभी के लिए हर्ष का विषय है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी' समेत चंदन कुमार सिंह, राणा रणधीर सिंह चौहान और धीरज कुशवाहा मौजूद थे।

# फायरिंग के बाद भी लुटेरों से भिड़ गए ग्रामीण, लूट को किया नाकाम, एक को दबोचा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में साहसी लोगों ने न सिर्फ सीएसपी में लूट की वारदात को नाकाम कर दिया बल्कि एक लुटेरे को भी दबोच लिया। कुढ़नी थाना क्षेत्र की अनंत कमतौल पंचायत के जमीन हाट गांव में हुई। सीएसपी में लूट को अंजाम देने आए लुटेरों की पिस्टल के सामने संचालक और ग्रामीण बगैर डरे अपराधियों से भिड़ गए। इस पर एक अपराधी ने फायरिंग कर दी जो उसके साथी को गोली लग गई। इसके बाद घायल साथी को मौके पर छोड़कर दो अपराधी फरार हो गए। ग्रामीणों के साहस की चारों ओर चर्चा हो रही है। भागने के दौरान अपराधियों की लोडेड पिस्टल मौके पर गिर गई। भीड़ ने गोली लगने से घायल अपराधी तुर्की थाने के खरौना डीह गांव निवासी आकाश कुमार को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। इस बीच वारदात की जानकारी कुढ़नी थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आकाश को एसकेएमसीएच में भर्ती कराया है। जमीन हाट गांव में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक का सीएसपी है। वारदात के वक्त संचालक संतोष कुमार समेत करीब 10 ग्राहक सीएसपी में मौजूद थे। घटना सीएसपी के सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। सुबह करीब नौ बजे एक बाइक से तीन अपराधी सीएसपी के बाहर पहुंचे। दो अपराधी सीएसपी के अंदर गए। तीसरा बाइक स्टार्ट रख बाहर था।

### कहते हैं एसएसपी

एसएसपी राकेश कुमार का कहना है कि लूटने पहुंचे तीन अपराधियों में से एक को उनके साथियों की फायरिंग से गोली लगी है। भीड़ ने घायल अपराधी को दबोच लिया। उसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। फरार दोनों अपराधियों को चिह्नित कर लिया गया है। छापेमारी चल रही है।

### कुछ सेकेंड के संयोग से जयमंगल की बची जान

पिस्टल ताने अपराधी के सामने डंटे जयमंगल सिंह महज कुछ सेकेंड के संयोग से बच गए। अपराधी ने उनके सीने का निशाना लेकर गोली चलाई थी। इसी दौरान उनके पीछे से अचानक बैग लेकर सीएसपी से निकला अपराधी सामने आ गया। अपराधी ने दूसरी गोली सीएसपी संचालक संतोष पर चलाई। संतोष बैग लेकर निकले अपराधी को पकड़े हुए थे। दो गोली चलने के बाद भी जयमंगल सिंह नहीं डरे और अपराधी को पकड़ने के लिए दौड़ गए। बाइक पर बैठकर भाग रहे अपराधी का हाथ पकड़ा तो उसके हाथ से पिस्टल गिर गया। इसके बाद उन्होंने गोली से घायल अपराधी को दबोच लिया।

### पांच दिन रेकी के बाद वारदात को अंजाम देने पहुंचे बदमाश

कुढ़नी थाना के अनंत कमतौल पंचायत के जमीन हाट गांव में उत्तर बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र में लूट के लिए पहुंचे तीनों बदमाश पांच दिनों से रेकी कर रहे थे। सीएसपी में लगे सीसीटीवी के फुटेज की जांच में यह स्पष्ट हुआ है। लगातार पांच दिन के फुटेज में तीनों अपराधी बाइक से सीएसपी पर आकर कुछ देर रुकते थे और चले जाते थे। एफएसएल ने भी घटनास्थल की जांच की है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि बाइक सवार अपराधियों ने सीएसपी के अंदर जाते ही काउंटर पर बैठे संचालक संतोष पर पिस्टल तान दी और रुपये से भरा बैग उठा लिया। सफेद शर्ट पहने हुए अपराधी पिस्टल लिए हुए था। वह तेजी में पहले ही सीएसपी से निकला। इस बीच सीएसपी के अंदर ही काला शर्ट पहने अपराधी आकाश को एक ग्राहक ने पकड़ लिया। इस बीच गेट से बाहर आए अपराधी के सामने ग्रामीण जयमंगल सिंह खड़े हो गए। इस पर अपराधी ने कहा कि हट जाओ नहीं तो गोली मार देंगे। जयमंगल को लगा कि पिस्टल खिलौने वाला है। इतने में अंदर से बैग लेकर काले शर्ट वाला अपराधी तेजी में बाहर निकला। इसी बीच सफेद शर्ट पहने हुए अपराधी ने पिस्टल से फायर कर दी। काला शर्ट वाले अपराधी के जयमंगल सिंह के सामने आ आने से गोली उसके पेट के पेट के निचले हिस्से में दाहिनी ओर लगी है। इसके बाद सफेद शर्ट वाले अपराधी ने फिर फायरिंग की और बाइक पर बैठ गया। इस दौरान उसके हाथ से पिस्टल छूटकर नीचे गिर गई। गोली लगने के बाद अपराधी आकाश रुपये वाला बैग छोड़कर बाइक पर चढ़ना चाहा। लेकिन, उसके साथियों ने तेजी में बाइक आगे बढ़ा दी। इस बीच पीछे से दौड़ कर पहुंचे सीएसपी संचालक व ग्राहकों ने गोली लगने से घायल अपराधी आकाश को दबोच लिया।



# नालंदा में चेतावनी के बाद काम पर लौटे एम्बुलेंसकर्मी

### 4 महीने से वेतन नहीं मिला, सदर अस्पताल में खड़ी कर दी थी एम्बुलेंस

**नालंदा, एजेंसी।** 102 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों द्वारा बीते चार माह से वेतन भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में 102 एम्बुलेंस कर्मियों ने गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी। ये लोग हड़ताल पर भी गए। सीएस के समक्ष प्रदर्शन भी किया। लेकिन विभाग ने जब कार्रवाई करने की चेतावनी दी तो कुछ घंटे बाद ही हड़ताल से वापस काम पर लौट आये। हड़ताल पर जाने की घोषणा करने के साथ सभी एम्बुलेंस को सदर अस्पताल में लाकर खड़ा कर दिया। इस संबंध में सीएस ने सभी स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारियों को विशेष परिस्थिति में चालक व ईएमटी की व्यवस्था करने व अगर स्वास्थ्य केन्द्र से एम्बुलेंस या चाबी बाहर ले जाने का प्रयास किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में संबंधित गाड़ी के चालक व ईएमटी पर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। सीएस डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि समस्या एजेंसी और एम्बुलेंस कर्मी के बीच का है। अगर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है तो हड़ताल पर जाने से हमलोगों को एतराज नहीं है। क्योंकि उनका अधिकार है। लेकिन गाड़ी को केन्द्र से बिना किसी की अनुमति के बाहर लेकर जाना गलत है। इधर, एम्बुलेंस कर्मियों ने बताया कि एजेंसी द्वारा एक सप्ताह के अंदर बकाया वेतन, इपीएफ एवं ईएसआईसी का भुगतान करने का आश्वासन दिया गया है। आश्वासन के बाद हम लोग हड़ताल से वापस लौट रहे हैं। अगर एक सप्ताह के अंदर हमारी मांगे पूरी नही की गई तो पुनः हड़ताल पर चले जाएंगे।

# तमिलनाडु से वापस लौटी शिक्षा विभाग की 8 सदस्यीय टीम, 5 दिनों के बाद रिपोर्ट देगी

**पटना, एजेंसी।** तमिलनाडु में शिक्षा विभाग शिक्षकों के अधीन है। 75 प्रतिशत स्कूल के प्रधानाध्यापक ही जिले के डीईओ और बीईओ बनते हैं। तमिलनाडु में संविदा और अस्थायी की जगह शिक्षक से लेकर कुक तक स्थायी नौकरी है। नियुक्ति के बाद 60 वर्ष तक काम करते है। रिटायर के बाद पेंशन का प्रावधान है। ये बातें तमिलनाडु से वापस आई शिक्षा विभाग की टीम की ओर से तैयार किए गए रिपोर्ट में कही गई है। टीम पांच दिनों के बाद शिक्षा विभाग को रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, तमिलनाडु में 1 से 10वीं तक मिड डे मील की व्यवस्था है। इसके साथ ही 1 से 5वीं क्लास तक नाश्ता भी दिया जाता है। आधे घंटे के मिड डे मील के बाद स्पीच प्रैक्टिस के लिए हर दिन 20 मिनट तेज आवाज में बोल करके पढ़ना अनिवार्य है। सभी काम मोबाइल और टैब पर होता है। टीचर और छात्र की उपस्थित, पढ़ाई, प्रश्नों के उत्तर सहित अन्य काम मोबाइल और टैब के माध्यम से किया जाता है। स्कूल से लेकर मुख्यालय तक ऑनलाइन सिस्टम है। प्रत्येक वर्ष 4 सेट ड्रेस, सीनियर छात्रों के लिए 2 घंटे का अतिरिक्त क्लास : प्रत्येक वर्ष हर छात्र को 4 सेट कपड़ा मिलता है। जबकि, सीनियर छात्रों के लिए हर दिन सुबह 8 से 9 और शाम को 4 से 5 बजे अतिरिक्त क्लास चलता है। सुबह-शाम चलने वाला अतिरिक्त क्लास स्कूल के टीचरों की ओर से ही चलाया जाता है। स्कूल में मैनेजर स्तर के कर्मचारी को 24 हजार, कुक को 14 हजार और सहायक कुक को 8 हजार रुपए तनख्वाह मिलती है। रिटायर के बाद 1 लाख रुपए एक साथ मिलता है। उसके बाद 2 हजार रुपए प्रति महीने पेंशन दिया जाता है। एक स्कूल में कम से कम तीन स्थायी कर्मचारी काम करते हैं। शहरी क्षेत्रों में स्कूलों की जिम्मेदारी नगर निगम के जिम्मे होती है।

# अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**भागलपुर, एजेंसी।** मुरारका महाविद्यालय में 29 अगस्त को नारायणी देवी सालारपुरिया मेमोरियल इंटर कॉलेज फुटबॉल टूर्नामेंट पुरुष 2024-2025 का आयोजन हुआ। उद्घाटन मैच बीएन कॉलेज भागलपुर एवं जेपी कॉलेज नारायणपुर के बीच खेला गया। बीएन कॉलेज भागलपुर ने जेपी कॉलेज नारायणपुर को 2-0 से हराया। खेल के पांचवें मिनट पर बीएन कॉलेज के छात्र जर्सी नंबर 16 शिवम कुमार यादव ने पहला गोल किया। फिर इसी टीम के खिलाड़ी ने 77वें मिनट में जर्सी नंबर 13 अभिषेक कुमार ने एक गोल दागकर जेपी कॉलेज नारायणपुर को 2-0 से पराजित कर दिया। बीएन कॉलेज 2-0 से जीत हासिल किया। खेल के निर्णायक घर्मेंद्र कुमार, कन्हाई मंडल, अभय पासवान एवं मनोज मंडल थे। मुरारका कॉलेज के क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. कुमार प्रभास ने बताया कि मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर थे, उनके जन्म दिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। मुरारका महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ने बताया कि समारोह का उद्घाटन विधायक डॉ. ललित नारायण मंडल के हाथों किया गया। सम्मानित अतिथि के रूप में तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) विजेंद्र प्रसाद यादव एवं सचिव क्रीड़ा परिषद डॉ. संजय जयसवाल एवं नगर परिषद की उपसभापति नीलम देवी थीं। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दो सितंबर को महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

# प्रधानाध्यापकों को कृमि दिवस का दिया प्रशिक्षण

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहपुर प्रखंड के सभी स्कूल के प्रधानाध्यापकों को कृमि मुक्ति दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली चार सितंबर को खिलाई जाएगी। जो बच्चे उस दिन दवा नहीं खा पाएंगे। उन बच्चों को अप राउंड के दिन 11 सितंबर को माप दवा खिलाई जाएगी। गुरूवार बिहपुर ट्रासमम भवन के सभागार में यह प्रशिक्षण सीएचसी के बीसीएम शमशाद आलम ने दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीआरसी के लेखापाल अकलेश कुमार, एमडीएम साधनसेवी राजिक अली, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार दीपकआदि शामिल थे। बताया गया कि एल्बेंडाजोल की दवा सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र पर खिलाई जाएगी। सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुरारी पोद्दार ने बताया कि कृमि से बचने के लिए आवश्यक बातों पर ध्यान देनी है।

# ग्रेजुएट पत्नी ने सिखाया अनोखा तरीका, गर्मी में उगाई धान, बंगाल से सीखा रोपाई का तरीका

**जमुई, एजेंसी।** जयपुर में एक प्राइवेट कंपनी में वेल्डर का काम करने वाले जमुई के चंदन मंडल (40) ने पढ़ी-लिखी पत्नी के बताए गए तरीके से एक ही खेत में साल में तीन फसल उपजा लिया है। पत्नी द्वारा मिले सलाह से उसे खेती में खूब फायदा हो रहा है। खेती में लगातार नुकसान होने के कारण पत्नी सीमा (32) ने पिछले साल पति को घर बुला लिया गया था। पढ़ाई-लिखाई और दिमाग का इस्तेमाल करके सीमा ने पति को खेती करने का अनोखा तरीका बताया। अपनी इस टैलेंट को लेकर किसान दंपत्ति की इन दिनों चर्चा में हैं और उन्होंने साथ मिलकर पहली बार गरमा धान की खेती की है।

### धान रोपाई के समय किसान दंपति कर रहे कटाई

जहां बाकी के किसान अभी धान की रोपाई कर रहे हैं। वहीं, जमुई जिले के बरहट प्रखंड के गुगुलडीह गांव के रहने वाले किसान दंपति इस मौसम में धान की कटाई कर रहे हैं। इसको लेकर चंदन ने बताया कि



राजस्थान में रहकर वेल्डर का काम करते थे। मजदूरी के पैसे से घर परिवार चल रहा था लेकिन गांव में खेती खराब हो रही थी और बाल बच्चा ठीक से पढ़ नही पा रहा था। जिसकी वजह से पत्नी ने बुला लिया। खेती को लेकर कहा कि पहले बार धान लगाया, दुबारा भी धान लगाया। अब छठ पूजा आने वाला है, खेत में मूली लगा देंगे।

**बंगाल की खेती से आया आईडिया :** किसान की पत्नी सीमा ग्रेजुएट हैं। उन्होंने बताया कि बंगाल में सुने की हमेशा धान होते रहता है। एक ही खेत में दो तीन बार धान लगता है।मामा के घर बंगाल गए थे। वहां देखे कि एक ही खेत में तीन बार धान लगाया जा रहा है।घर आने के बाद सोचे कि बंगाल में तीन बार धान हो सकता है तो फिर बिहार में क्यों नहीं होगा,लगा कर देखते है। पहली बार कम जमीन में लगाया। पानी की समस्या नहीं होने के कारण हम भी लगा दिए। धान की उपज अच्छी हुई है। इस बार ज्यादा जमीन में धान लगाएंगे। अगल बगल के किसान भी कह रहे है कि हम भी इस बार धान लगाएंगे। धान की फसल अच्छी होने से किसान दंपति की किसानों के बीच खूब चर्चा हो रही है।

# बिहार के मुजफ्फरपुर में जहरीला खाना खाने से बच्चे की मौत



## परिवार के सात लोग अस्पताल में भर्ती

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर में जहरीला खाना खाने से एक बच्चे मौत हो गई तो परिवार के सात लोग बीमार हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी है। घटना साहेबगंज थाना इलाके के रूपछपरा गांव की है विषाक्त भोजन खाने से अरुण राय के पुत्र सूरज कुमार (9) की मौत हो गई। वहीं, परिवार के रामजतन राय, सोहावन कुंवर, विभा देवी, रानी कुमारी, साहिल कुमार, प्रियांशु कुमार, कृति कुमारी बीमार पड़ गई। सभी को सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। साहेबगंज से सबको एसकेएमसीएच के लिए रेफर किया गया था लेकिन बेहतर इलाज के लिए परिजन सभी को मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद से ग्रामीण भयभीत हैं। सूरज के रिश्ते के दादा विदेशी राय ने बताया कि पहले घर के लोग बुखार से पीड़ित हुए। हालत बिगड़ने लगी तो उन्हें अस्पताल भेजा गया।

परिजनों ने साहेबगंज चौक स्थित एक दवा दुकानदार को बुलवाकर इंजेक्शन दिलवाया। उसके बाद दस्त शुरू हो गया, जिसमें से सूरज की हालत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गणेश कुमार गौतम ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग से पीड़ित सभी को बुधवार की देर शाम परिजन सीएचसी लाए थे।

बताया जा रहा है कि जब सीएचसी भेजा गया तो सभी बेहोशी की हालत में थे। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया, लेकिन सूरज ने रास्ते में दम तोड़ दिया। गुरुवार को डॉ विजय कुमार पांडेय, डॉ संजय कुमार, स्वास्थ्यकर्मी उमेश महतो एवं एएनएम बेबी कुमारी की चार सदस्यीय टीम रूपछपरा गई थी। दवा के साथ घरों के आसपास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया है। वहीं, लोगों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

### मासूम की टीका लगने के बाद गई जान

इधर मनियारी थाना क्षेत्र के किनारू गांव में साढ़े तीन महीने के बच्चे की मौत पर परिजनों ने हंगामा किया। परिजनों का आरोप था कि बच्चे को गलत वैक्सीन दी गई। उसके पिता अनिल कुमार ने बताया कि बच्चे को बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र पर टीका दिया गया था। सूचना पर डीआईओ डॉ. एसके पांडेय भी मौके पर पहुंचे। डीआईओ ने बताया कि बच्चे को बुधवार सुबह 10.40 बजे आंगनबाड़ी केंद्र पर टीका लगा था। बच्चे को पोलियो का टीका दिया गया और पोलियो का ड्रॉप भी पिलाया गया। इसके अलावा रोटा वायरस से बचाव के लिए भी ड्रॉप पिलाया गया। तीनों दवा पूरी तरह सुरक्षित है। बच्चे की मृत्यु का कारण कहीं से दवा का रिएक्शन नहीं है। थानाध्यक्ष देवव्रत कुमार ने बताया कि गुरुवार को नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### मानदेय भुगतान के लिए सौंपा ज्ञापन

**पलामू, एजेंसी।** वार्ड सदस्य संघ ने मानदेय भुगतान और अबुआ आवास योजना में प्राथमिकता देने की मांग करते हुए बुधवार को हुसैनाबाद के बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उल्लेख किया गया है कि पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों को प्रति माह 500 रुपये मानदेय देने की बात कही गई थी परंतु तीन वर्ष बीतने के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। वार्ड सदस्यों का मिट्टी का मकान होने के बावजूद भी अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। मुखिया और पंचायत सचिव किसी भी योजना में वार्ड सदस्यों को भागीदार नहीं बना रहे हैं। मांगों को गंभीरता से नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। वार्ड संघ के अध्यक्ष सोनू राम, सचिव अनिता देवी, अंजली कुमारी, वर्मा पासवान, सविता देवी, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, अजय यादव, पूजा कुमारी, जनेश्वर सिंह, अशोक ठाकुर आदि ने ज्ञापन सौंपा।

### थाना प्रभारी के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट का आदेश

**देवघर , एजेंसी।** देवघर के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजीव रंजन की अदालत ने जसीडीह थाना कांड संख्या 109/2016 (जी आर संख्या 771/2016) के मामले में जसीडीह थाना प्रभारी के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट निर्गत करने का आदेश दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्ड्रन केस नंबर 1/2017 के मामले में न्यायालय के आदेश का तामिला न करने के कारण थाना प्रभारी को शो कॉज किया गया था। बताया जाता है कि शो कॉज की प्रस्तुति न करने पर क्रमश : जमानतीय व गैर जमानतीय वारंट जारी किया गया।

### रांची में खड़े ट्रक से बैटरी खोलकर ले गए चोर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची में एक खड़े ट्रक से सामानों की चोरी हुई है. पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है. सीसीटीवी का यह फुटेज सोशल मीडिया में वायरल भी है. इसमें दिख रहा है कि 2 लोग आते हैं और एक खड़े ट्रक में रखे सामान लेकर चले जाते हैं. ये लोग ट्रक में लगी बैटरी भी निकालकर चले गए. चोरी करने के लिए आए दो शख्स में से एक ने हेलमेट पहन रखी है. दूसरे ने मास्क पहन रखा है, ताकि कोई इन्हें पहचान न सके. नीले रंग की स्कूटी में आए इन दोनों चोरों ने बूटी मोड़ और ओरमांझी के बीच में स्थित गेतलातू में रात के करीब 1 बजे चोरी की इस घटना को अंजाम दिया. एक टायर दुकान के पास ट्रक खड़ा था. दो अज्ञात लोग स्कूटी से आए और ट्रक में रखे सामान के साथ-साथ उसमें लगी बैटरी भी निकालकर ले गए.

### झारखंड में फुटबॉल मैच में आकाशीय बिजली गिरने से दो खिलाड़ियों की मौत, 10 झुलसे



**लातेहार, एजेंसी।** झारखंड में लातेहार जिले में गुरुवार को फुटबॉल मैदान में खेल के दौरान आसमानी बिजली गिरने से दो खिलाड़ियों की मौत हो गई तथा 10 अन्य झुलस गए। इस बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया कि यह घटना बरियातू थाना क्षेत्र के इटके गांव में दोपहर में उस समय हुई जब वहां ग्रामीणों की टीमों के बीच मैच चल रहा था।पुलिस के मुताबिक इटके गांव के मदरसा श्मशान घाट के मैदान में बरीखाप एवं लेड़ाई गांव के बीच फुटबॉल मैच खेला जा रहा था। इसी बीच वहां बिजली गिर गई। इस घटना में दो खिलाड़ी की मौत हो गई तथा 10 अन्य झुलस गए। सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के कोईद सोपारान गांव निवासी दीपक कुमार (18) एवं बरियातू थाना क्षेत्र के बरनी गांव निवासी वीरेंद्र गंझु (22) के रूप में हुई है। झुलसे लोगों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# सीएम ने 365 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र



### स्वास्थ्य सुविधाओं को ऐसा सुदृढ़ करेंगे कि इलाज के लिए दूसरे राज्य न जाना पड़े : हेमंत

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में 365 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने कहा-सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए कार्ययोजना बनाई है। जल्दी ही स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करेंगे, ताकि किसी को इलाज के लिए दूसरे राज्यों में जाने की जरूरत न पड़े। क्योंकि आमलोग स्वस्थ रहेंगे, तभी स्वास्थ्य विभाग भी स्वस्थ रहेगा। इसके लिए बजट में पांच करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे स्वास्थ्य केंद्रों के साफ-सफाई और रख-रखाव बेहतर तरीके से हो सके।

इसके लिए सदर अस्पतालों को 75 लाख, अनुमंडलीय अस्पताल को 50 लाख, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व रेफरल अस्पताल को 10 लाख, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 5 लाख ओर स्वास्थ्य उपकेंद्र व आयुष्मान आरोग्य केंद्र को दो लाख रुपए सालाना दिए जा रहे हैं। चार साल में विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नियुक्ति की गई है। कई नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है।

कल्याण व श्रम विभाग के अस्पतालों पर भी ध्यान सीएम ने कहा कि सरकार कल्याण विभाग व श्रम विभाग द्वारा संचालित अस्पतालों को भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। राज्य की भौगोलिक स्थिति के कारण कई स्वास्थ्य व्यवस्था लोगों तक पहुंचाने में वक्त लगता है। कुछ लोग जान-बूझकर भी ऐसा कर रहे हैं। आने वाले दिनों में ऐसी स्थिति न बने, इसकी जिम्मेदारी सीएचओ की है। सीएचओ के कंधे पर स्वास्थ्य क्षेत्र की बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। वे सरकार के अभिन्न अंग के रूप में काम करेंगे।

## 80 उत्कृष्ट व 325 आदर्श स्कूलों में मेरिट के आधार पर होगी शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति



**रांची , एजेंसी।** राज्य के 80 उत्कृष्ट मुख्यमंत्री विद्यालयों और 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति सेंट्रलाइज्ड काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी, जिसकी प्रक्रिया गुरुवार से झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सभागार में शुरू हो गई है। सेंट्रलाइज्ड काउंसिलिंग 31 अगस्त तक चलेगा। इस काउंसिलिंग में ओरिएंटेशन कम एसेसमेंट में न्यूनतम 40 प्रतिशत तक अंक लाने वाले शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। बताते चलें कि राज्य के 80 उत्कृष्ट मुख्यमंत्री विद्यालयों और 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में शिक्षकों के पदस्थापन के लिए इसी साल 25 से 29 जुलाई और सात से 10 अगस्त तक दो चरण में ओरिएंटेशन कम एसेसमेंट का आयोजन किया गया था।

स्कूली शिक्षा विभाग ने कहा है कि सबसे पहले मेरिट और संबंधित शिक्षक के रैंक के आधार पर 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों को पदस्थापन किया जाएगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति प्रकिया पूर्ण होने के बाद प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति पूर्ण होने के बाद शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति नहीं होगी।

अनुपस्थित शिक्षकों के लिए यह है निर्देश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा सेंट्रलाइज्ड काउंसिलिंग के लिए भी निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सेंट्रलाइज्ड काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी स्कूलों में सीटें रिक्त रह जाती है तो अनुपस्थित अभ्यर्थियों की प्रतिनियुक्ति पर विचार किया जाएगा।

## धनबाद-कोयंबटूर एक्सप्रेस में टिकटों की बुकिंग शुरू

**धनबाद, एजेंसी।** स्पेशल ट्रेन संख्या 03325 धनबाद-कोयंबटूर एक्सप्रेस में सीटों की बुकिंग शुरू हो गयी है. गुरुवार को बुकिंग शुरू होने के बाद ही चार सितंबर के ट्रेन के लिए थर्ड एसी की सीट फुल हो गयी है और आरएसी लग गया है. सेकेंड एसी में गिनती की सीटें बची हैं. हालांकि स्लीपर लिए सीट उपलब्ध है. ट्रेन चार सितंबर को धनबाद स्टेशन से कोयंबटूर रवाना होगी. धनबाद से बुधवार को सुबह 10.10 बजे खुलकर 10.40 बजे नेसुब गोमो, 10.59 बजे पारसनाथ, 11.48 बजे कोडरमा, दोपहर 1.25 बजे गया, 2.24 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 2.40 बजे डेहरी ऑन सोन, 2.54 बजे सासाराम, 3.35 बजे भभुआ रोड, शाम 5 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे ट्रेन कोयंबटूर पहुंचेगी. हालांकि वापसी में आने वाली ट्रेन सात सितंबर से चार जनवरी तक चलने वाली है. वापसी वाली ट्रेन की बुकिंग अभी शुरू नहीं हो पायी है.यात्री सुविधा को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है. धनबाद होकर चलने वाली दो स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया है. इससे यात्रियों को सुविधा होगी. 12 अक्तूबर से 28 दिसंबर तक 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल हर शनिवार को चलेगी. 15 अगस्त से 31 दिसंबर तक ट्रेन संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल हर मंगलवार, सात अगस्त से 30 दिसंबर तक 07005 सिकंदराबाद- रक्सौल स्पेशल हर सोमवार को और 10 अगस्त से दो जनवरी तक 07006 रक्सौल- सिकंदराबाद स्पेशल हर गुरुवार को चलेगी.

### सांसद का पुतला दहन

**रांची, एजेंसी।** मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा गुरुवार को काठीटांड़ चौक में मूलवासी सदान समुदाय से आनेवाले विभिन्न जाति के लोगों ने गोड्डा सांसद के खिलाफ प्रदर्शन किया। मूलवासी सदान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मंजूर खान ने कहा कि निशिकांत दूबे के बड़बोलेपन से झारखंड में भाजपा को नुकसान हो रहा है। सांसद ने तेली समाज, दलित और ओबीसी आदिवासी को इंगित कर मूलवासी सदान मोर्चा के अध्यक्ष पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। मंजूर खान ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद झारखंड आंदोलनकारी हैं राज्य के लिए इनका बड़ा योगदान है। वे हमारे अधिकारों को संरक्षित करने और झारखंडी स्मिता को लेकर लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहे हैं। मुरारी गुप्ता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों का अपमान करेगा उस व्यक्ति का मूलवासी सदान विरोध करेगा।

### जबरन जमीन हथियाने के मामले में एसडीओ से लगायी न्याय की गुहार

**गोड्डा, एजेंसी।** शहर के गोढ़ी घाट मौजा में रैयती जमीन को जबरन हथियाने के मामले में फरियादी रामप्रवेश साह द्वारा एसडीओ वैद्यनाथ उरांव से मिलकर गुहार लगायी गयी है. फरियादी रूपियामा गांव का है. फरियादी रामप्रवेश ने एसडीओ से निर्माण कार्य रोके जाने की गुहार लगाते हुए दिये गये आवेदन में बताया है कि उनकी जमीन को शहर के जाने-माने दंत चिकित्सक गणेश पंडित द्वारा जबरन हथियाकर काम कराया जा रहा है. बताया कि जिस जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, वह 4 कट्ठा 16 धूर है. इसमें उनका हिस्सा 1 कट्ठा 04 धूर पड़ता है. उस जमीन पर एसडीओ के न्यायालय में आरइआर केस भी चल रहा है. इसके बावजूद भी दबंगों का सहारा लेकर दंत चिकित्सक उक्त जमीन पर मकान बना रहे हैं. बताया कि उनकी जमीन साकेतपुरी मुहल्ले में है. मना करने पर असामाजिक तत्वों से जान मारने की धमकी तक देते हैं. बताया कि ऐसे में उनके साथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है. रामप्रवेश ने एसडीओ के साथ पुलिस अधीक्षक, एसडीपीओ, नगर थाना प्रभारी आदि को भी आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. बताया कि एसडीओ के यहां से आवेदन को जांच के लिए अंचलाधिकारी के यहां भेजा जा चुका है.

# झारखंड में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शुरू, मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम अब 4 को

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम एक बार फिर शुरू हो रहा है. 30 अगस्त से 15 सितंबर तक सभी जिलों की पंचायतों में कार्यक्रम होगा. रांची के सभी प्रखंडों और नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में भी शिविर लगाये जायेंगे. इसके लिए प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ मिल पाये.

वहीं, शिविर में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना व विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के




लिए भी आवेदन लिये जायेंगे.

ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण और शिकायतों का निवारण भी किया जायेगा. रांची निगम क्षेत्र में 30 अगस्त को वार्ड संख्या एक, दो, तीन, चार में और 31 अगस्त को वार्ड संख्या पांच, छह, सात और आठ में शिविर लगाये जायेंगे.

हेसल, चतरा, जामटोली, जरिया, हुमटा, छापर, पतरातू, बलसोकरा, कुल्ली, ईचापीड़ी, कांके, पिठोरिया, तुमांग, देवगांव, करगे, नगड़ी, ईरबा, करमा, सताकी, तारूप, बंता उत्तरी, बंताहजाम दक्षिणी, गलउ, जामूदाग व मानकीडीह में शिविर लगेगा.

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए रांची के मोरहाबादी मैदान में शुक्रवार को आयोजित होनेवाले झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम टल गया है. इसके पीछे वजह रामदास सोरेन के शपथ ग्रहण को बताया गया है. वहीं, सरकार में विचार हुआ कि सम्मान योजना का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में अंतिम कार्यक्रम होना है. इसे वृहत स्तर पर करने का निर्देश रांची जिला प्रशासन को दिया गया है. वहीं, चार सितंबर की नयी तिथि भी तय कर दी गयी है.

## हाईकोर्ट ने नगर निगम से पूछा, रूफटॉप में बार-रेस्टोरेंट का संचालन बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन है या नहीं

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को नशीले पदार्थों की बिक्री पर स्वतः संज्ञान लिए गए मामले की सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए रूफटॉप पर बार और रेस्टोरेंट चलाने पर नगर निगम से जवाब मांगा है। अदालत ने नगर निगम से पूछा कि रूफटॉप बार एवं रेस्टोरेंट का संचालन जिस बिल्डिंग में हो रहा है, वह सही है या बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन है। अदालत ने शहर में संचालित बार-रेस्टोरेंट में पार्किंग की व्यवस्था पर भी नगर निगम से जवाब मांगा। 12 सितंबर तक शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया।

मामले की सुनवाई के दौरान न्याय मित्र कुमार वैभव ने अदालत को बताया कि रांची में काफी संख्या में रूफटॉप बार एवं




रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा है। कई रेस्टोरेंट के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री भी हो रही है।

उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम के लिए सरकार द्वारा बनाई गई एसओपी की खामियों को दूर कर इसे सख्ती से लागू करने की जरूरत है। क्योंकि, एसओपी में स्कूल-कॉलेज व मंदिरों के आसपास हो रही शराब की बिक्री रोकने के मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इस पर अदालत ने रांची एसएसपी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## शहीद अग्निवीर के परिवार को प्रदेश पुलिस में करेंगे शामिल: सीएम हेमंत सोरेन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने फैसला लिया है कि अग्निवीर में शहीद होने वाले झारखंड के जवानों के परिवार को प्रदेश की सरकार मुआवजा देगी। साथ ही उनके परिवार को झारखंड पुलिस के तर्ज पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अवाला उन्होंने कहा कि राज्य में गरीबों का बकाया बिजली का बिल भी माफ कर दिया जाएगा। रसोइया और पोषण सखी के बारे में भी संवेदनशील सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अपनी संवेदनशीलताएं दिखाई हैं।

मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि अग्निवीर भारत सरकार के द्वारा लाई गई योजना है। इसे लेकर देश में क्या-क्या बातें आई वो किसी से छिपा नहीं है। आज सरकार ने ये निर्णय लिया है कि अग्निवीर में शहीद होने वाले झारखंड के जवानों के परिवारों को झारखंड पुलिस के तर्ज पर सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा राज्य में गरीबों का जो बकाया बिजली बिल था, उसे भी माफ कर दिया गया है। आंगनवाणी रसोइया और पोषण सखी के बारे में भी आज संवेदनशील सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अपनी संवेदनशीलताएं दिखाई हैं।

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि हमने हजारों पोषण सखी बहनों को फिर से बहाल किया है। केंद्र सरकार ने इस योजना को बंद करते हुए हिस्सा राशि देने से इंकार कर दिया था। बार-बार मेरी तरफ से अनुरोध करने के बाद भी जब सुनवाई नहीं हुई तो हम आगे बढ़े, अल्प मानदेय पर अपनी सेवा दे रही इन बहनों को अब पूरी राशि राज्य सरकार अपनी तरफ से देगी।

राजनीतिक बदलाव पर सवाल पूछा गया तो वे बोले कि चुनाव नजदीक आ रहा है। तो इन सब चीजों के बारे में समय आने पर धीरे-धीरे चर्चा होने लगेगी। राज्य में बीते दिनों हुई राजनीतिक उठापटक के बारे में सब कोई जानता है कि कैसे चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन का साथ छोड़ा और बीजेपी का दामन थाम लिया।

# बीसीसीएल के 28 अधिकारी बने जीएम, पांच का तबादला

**रांची, एजेंसी।** बीसीसीएल में पदस्थापित विभिन्न संभाग के 28 अधिकारियों को जीएम में प्रमोशन मिला है. माइनिंग संभाग के 9, पर्सनल से तीन, इएंडएम से दो, एक्सकैवेशन से चार, सिविल से एक, फाइनेंस से दो, सीपी से तीन, सिस्टम से दो, एमएम से एक व मेडिकल संभाग से एक अधिकारी को इ-7 से इ-8 में पदोन्नति दी गयी है. यानी चीफ मैनेजर से जीएम में पदोन्नत किया गया है.

इनमें 23 अधिकारियों की पदस्थापना पुनः बीसीसीएल में ही की गयी है, जबकि पांच अधिकारियों का कंपनी से बाहर तबादला किया गया है. जिन-जिन अधिकारियों की पदस्थापना बीसीसीएल में की गयी है. उन्होंने गुरुवार को अपना योगदान भी दे दिया है. बीसीसीएल से जीएम में पदोन्नति पाने वालों में माइनिंग संभाग से बासुदेव नंदन पंडित, निखिल बी त्रिद्वेदी, एमडी हफिजुल कुरैशी, अरविंद कुमार सिन्हा, राकेश बेहारी राव, तुनेश्वर पासवान, किशोर कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार व सत्येंद्र कुमार सिंह, पर्सनल से सुनील कुमार सरोज पांडे व कुमार मनोज, ए इंड एम से पीके राजू, शंभू सरण, एक्सकैवेशन से विचित्रानंद बेहरा, अरुण कुमार सिंह, ज्ञानेश्वर कुमार, नवल किशोर ठाकुर, सिविल से अशोक कुमार, फाइनेंस से एसके शुक्ला, मनोज कुमार वर्मा, सीपी से देवज्योति अधिकारी, संजय अग्रवाल, एमडी अंजीम इकबाल, सिस्टम डीपी मिश्रा, ललीत कुमार सिन्हा, एमएम से आनंद कुमार व मेडिकल संभाग से डॉ पूनम दुबे आदि शामिल हैं.

बीसीसीएल से जीएम में पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में माइनिंग संभाग से सतेंद्र कुमार सिंह का सीसीएल, एक्सकैवेशन से विचित्रा नंद बेहरा का एमसीएल, सीपी से संजय अग्रवाल का एमसीएल, एमडी अजीम इकबाल का सीसीएल, सिस्टम संभाग से ललित कुमार सिन्हा का एनसीएल में तबादला किया गया है. इन सभी अधिकारियों को कंपनी से विरमित होने के पश्चात संबंधित कंपनी के सीएमडी को रिपोर्ट करने को कहा गया है.

### खनन क्षेत्र में बदलाव के लिए कोल इंडिया, आइएसएम और टैक्समिन मिलकर करेंगे काम

**धनबाद, एजेंसी।** देश के खनन क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग करने को लेकर कोल इंडिया लिमिटेड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस) धनबाद और टेक्नोलॉजी इनोवेशन इन एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग फाउंडेशन(टैक्समिन) मिलकर काम करेंगे. इस बाबत गुरुवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया. समझौते के तहत कोल इंडिया आइआइटी (आईएसएम) धनबाद और टैक्समिन को ÷÷आइएमआइएन इनोवेशन ऑफ माइनिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर माइनिंग 4÷÷ का गठन आइएसएम कैंपस में करने में मदद करेगा. यह सेंटर आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा. इस सेंटर का मकसद देश में खनन क्षेत्र में स्टार्टअप इकोसिस्टम, क्षमता विकास और नयी तकनीक को बढ़ावा देना होगा. खनन क्षेत्र में डिजिटल बदलाव लाकर इस क्षेत्र का समुचित विकास करना है. यह सेंटर साइबर फिजिकल सिस्टम आधारित तकनीक का प्रयोग करने के तरीके के अलावा खनन के आधुनिक तरीकों के बारे में भी सुझाव देगा.

# ऑटो और ई-रिक्शा की हड़ताल खत्म, 3000 ई-रिक्शा को मिलेगा सिटी पास

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची के लोगों की मुश्किलें कम हो गई हैं. प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद ऑटो चालकों ने हड़ताल खत्म कर दिया. इसके बाद शुक्रवार से ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा फिर से पहले की तरह चलने लगी.

गुरुवार को प्रमंडलीय आयुक्त के साथ हुई बैठक में प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ, रांची जिला ऑटो चालक यूनियन और रांची जिला ई-रिक्शा यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुए. वार्ता के दौरान आयुक्त के आश्वासन पर ऑटो व ई-रिक्शा चालकों ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया गया.

बैठक में आयुक्त ने कहा कि ऑटो और ई-रिक्शा के विषय में कोई भी निर्णय लेने से पूर्व यूनियन के साथ बैठक की जायेगी. आयुक्त ने 3000 ई-रिक्शा को



सिटी पास देने का आश्वासन दिया. ऑटो के परमिट को 17 रूट में बांटने पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है. साथ ही नये ऑटो परमिट देने पर भी तत्काल रोक लगा दी गयी है.

इसके बाद ऑटो व ई-रिक्शा चालकों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की. इस दौरान तीनों ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों ने यात्रियों से क्षमा मांगी. बैठक में दिनेश सोनी, अर्जुन यादव, उत्तम यादव, रामकुमार सिंह शैलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र पांडे, सुनील सिंह, संतोष श्रीवास्तव, नागेंद्र पांडेय, पंकज सिंह आनंद वर्मा, समान मंसूरी, भोला सिंह, बादल थापा आदि उपस्थित थे.

रूट निर्धारण के विरोध में 27 अगस्त से ऑटो व ई-रिक्शा चालक हड़ताल पर थे. ऑटो व ई-रिक्शा नहीं चलने से स्कूल-कॉलेज जानेवाले विद्यार्थियों व ऑफिस जानेवाले कर्मचारियों के साथ-साथ आम यात्रियों को काफी परेशानी हुई.

बड़ी संख्या में लोग सामान के साथ पैदल गंतव्य की ओर जाने को विवश हुए, तो कई लोगों ने मालवाहक ऑटो, एंबुलेंस, कैब का सहारा लिया. इसके लिए यात्रियों से मनमाना भाड़ा भी लिया गया. सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों और दिव्यांगों को हुई.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बारूद की ढेर पर

दुनिया में कम से कम चार ऐसे संवेदनशील स्थान हैं, जहां से किसी भी समय बुरी खबर की आशंका बनी रहती है। इनमें से दो मोर्चों पर तो इन दिनों घातक युद्ध छिड़ा हुआ है। इजरायल अकेले ही कम से कम चार देशों के साथ सीधे मुठभेड़ की स्थिति में है, तो उधर रूस और यूक्रेन के बीच अंतहीन बर्बरता का सिलसिला जारी है। वैसे, बुरी खबरों से भी सावधान रहने की जरूरत है। जैसे सोमवार सुबह अचानक खबर आई कि रूस के साराटोव शहर में एक ऊंची इमारत को यूक्रेन ने ड्रोन हमले में ठीक उसी तरह गिरा दिया, जैसे 9/11 को अमेरिका में अल कायदा ने वर्ल्ड ट्रेड टावर को गिराया था। साथ ही, यह भी अफवाह फैलाई गई कि यह रूस की सबसे ऊंची इमारत है। वास्तव में, 38 मंजिल की इस इमारत पर हुए हमले में केवल एक महिला की मौत बताई जा रही है। हालांकि, जल्दी ही इस खबर ने अपना महत्व गंवा दिया। जहां यूक्रेन ने रूस पर कुछ वार किए, वहीं रूस ने यूक्रेन की कुछ जगहों पर मिसाइलों की वर्षा कर दी।अपनी नीति के अनुरूप रूस यूक्रेन पर घातक वार कर रहा है। गौर करने की बात है कि यूक्रेन से साराटोव शहर जितनी दूर है, लगभग उतनी ही दूर मास्को भी है। अगर मास्को में ऊंची इमारतों को निशाना बनाया गया, तो फिर रूस की आक्रामकता को रोकना मुश्किल हो जाएगा। सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि जरूरत से ज्यादा आक्रामक और विघ्नसंतोषी तत्व रूस में भी होंगे और यूक्रेन में भी। अगर ऐसे तत्वों ने अराजकता का थोड़ा भी प्रदर्शन किया, तो युद्ध भड़कते देर नहीं लगेगी। ठीक यही बात पश्चिम एशिया में भी लागू होती है। ताकतवर ईरान सहित लगभग आधा दर्जन देश युद्ध से दुखी और आक्रामक हैं। अनेक देशों के धैर्य की परीक्षा हो रही है। अगर इन देशों के अराजक तत्वों ने एक भी निशाना गलत लगा दिया, तो फिर युद्ध को विकराल होने से कौन रोकेगा? आज दुनिया की जो स्थिति है, उसमें विश्व स्तर पर सत्ता और अर्थव्यवस्था के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। ध्यान रहे, प्रथम विश्व युद्ध की वजहों में जर्मनी का उदय और ओटोमन साम्राज्य का पतन भी शामिल था। यूरोप में शक्ति संतुलन बिगड़ गया था और राष्ट्रों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्द्धा बहुत बढ़ गई थी। ऑस्ट्रो-हंगेरियन सिंहासन के एक उत्तराधिकारी की हत्या हुई और प्रथम विश्व युद्ध छिड़ गया।

## उत्तर में राम और दक्षिण में मुरुगन

(एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार)


*यह जानना दिलचस्प होगा कि तमिल संस्कृति और भगवान मुरुगन आपस में अटूट भाव से जुड़े हुए हैं। दरअसल, मुरुगन को राज्य में तमिल भगवान के रूप में पूजा जाता है। समृद्ध तमिल साहित्य के संगम काल में ऐसे महाकाव्य लिखे गए, जो भगवान मुरुगन का खूब महिमामंडन करते हैं। उनके प्रमुख कारनामों में ब्रह्मा जी को कारागार में डालना और राक्षस राजा शूरपद्म को हराना शामिल है।*


उत्तर भारत में भगवान राम की जैसी महिमा है, ठीक वैसी ही दक्षिण भारत में भगवान मुरुगन या कार्तिकेय की है। वैष्णव परंपरा के प्रतीक भगवान राम और शैव परंपरा के एक प्रमुख प्रतीक मुरुगन में समानताएं हैं, जैसे राम धनुष-वाण रखते हैं, वैसे ही मुरुगन भाला रखते हैं। राम का प्रतिद्वंद्वी रावण है, तो मुरुगन का प्रतिद्वंद्वी शूरपद्म। वैसे बदलते दौर के साथ उत्तर के साथ ही दक्षिण भारत में भी देवताओं की छवियों को नए रूप दिए गए हैं। अब चित्रों में योद्धा राम की तरह ही मुरुगन भी 'सिक्स-पैक' धारी हैं। अगर भारतीय जनता पार्टी ने बहुत हद तक भगवान राम को हिंदू धर्म के आक्रामक प्रतीक के रूप में अपनाया है, वहीं तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक अब भगवान मुरुगन को तमिल पहचान या अस्मिता के प्रतीक के रूप में पेश कर रही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन जल्दी में हैं। तमिलनाडु और पुडुचेरी में लोकसभा की सभी 40 सीटें जीतने के 'इंडिया ब्लॉक' के अभियान का उन्होंने ही नेतृत्व किया था। अब उनकी नजर 2026 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में 200 से ज्यादा सीटें जीतने पर है। कुल 234 सदस्यीय सदन में गठबंधन के पास अभी 159 सीटें हैं, जिनमें से 133 द्रमुक के पास हैं। कांग्रेस के पास 18, वीसीके और वाम दलों के पास चार-चार सीटें हैं। अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास 62 सीटें हैं। पीएमके के पास 13 सीटें, भाजपा के पास चार और निर्दलीय भी चार हैं। सत्तारूढ़ द्रमुक ने अपने लिए 200 सीटों का लक्ष्य रखा है। भाजपा ने भी लोकसभा चुनाव में 400 सीटों का लक्ष्य रखा था, पर यहां द्रमुक ने भाजपा से किसी भी तुलना से इनकार किया है। वैसे, द्रमुक की अपनी चिंताएं हैं। मुख्यमंत्री स्टालिन को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है और आने वाले महीनों में इसके बढ़ने की आशंका है। द्रमुक को आगे कड़ी लड़ाई का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि प्रमुख प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक अपने तेवर कड़े कर रही है। दूसरी ओर, भाजपा अपने उन सहयोगियों के साथ बने रहने को प्रतिबद्ध है, जिन्होंने उसे संसद में भले ही शून्य सीटें दी हैं, पर 18 प्रतिशत का संयुक्त वोट शेयर दिया है। द्रमुक के लिए बड़ी चिंता राज्य की राजनीति में उभरते युवा चेहरे हैं। भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई 40 वर्ष के हैं, आक्रामक और स्पष्टवादी हैं। वह राज्य में पार्टी को मजबूत करने और दिल्ली में अपने आकाओं को प्रभावित करने में कामयाब रहे हैं। उन्हें द्रविड़ नेताओं-कार्यकर्ताओं का एक प्रभावी जवाब माना जाता है। कुल मिलाकर, मुख्यमंत्री स्टालिन की चिंता बढ़ती जा रही है। शायद विकट चुनौतियों के चलते ही उन्होंने ईश्वर की ओर रुख किया है। आश्चर्य नहीं कि पलानी में आयोजित ग्लोबल मुत्थमिल मुरुगन सम्मेलन का जमकर प्रचार किया गया। एचआरसीई या हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती मंत्रालय द्वारा आयोजित इस विशाल कार्यक्रम में दुनिया भर से हजारों प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री स्टालिन ने दावा किया है कि यह सम्मेलन विकास के उसी द्रविड़ मॉडल का एक और प्रमाण है, जो समावेशी और धर्मनिरपेक्ष है। स्टालिन ने अपनी सरकार की हिंदू समर्थक गतिविधियों को गिनाया, जिसमें मंदिरों का नवीनीकरण भी शामिल है। उन्होंने बताया है कि कैसे उनकी सरकार पलानी मंदिर के बुनियादी ढांचे में सुधार कर रही है। ध्यान रहे, पलानी मंदिर तमिलनाडु में भगवान मुरुगन के प्रमुख छह मंदिरों में शुमार है। यह जानना दिलचस्प होगा कि तमिल संस्कृति और भगवान मुरुगन आपस में अटूट भाव से जुड़े हुए हैं। दरअसल, मुरुगन को राज्य में तमिल भगवान के रूप में पूजा जाता है। समृद्ध तमिल साहित्य के संगम काल में ऐसे महाकाव्य लिखे गए, जो भगवान मुरुगन का खूब महिमामंडन करते हैं। उनके प्रमुख कारनामों में ब्रह्मा जी को कारागार में डालना और राक्षस राजा शूरपद्म को हराना शामिल है। वैसे, तमिलनाडु में ऐसे अनेक सियासी समूह उभरे हैं, जो भगवान मुरुगन को अपना देवता मानने-बताने की दिलोजान से कोशिश करते हैं। एनटीके नामक तमिल राष्ट्रवादी पार्टी चलाने वाले पूर्व फिल्म निर्देशक सीमन दावा करते रहे हैं कि मुरुगन तमिलों के पूर्वज हैं। यहां तक कि अन्नाद्रमुक ने भी विशेष दिन थाई पूसम को सरकारी अवकाश घोषित करके मुरुगन भक्तों को खुश करने की कोशिश की है। थाई पूसम के दिन ही भगवान मुरुगन को राक्षस शूरपद्म पर महाविजय प्राप्त हुई थी। केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन जब तमिलनाडु में भाजपा प्रमुख थे, तब उन्होंने भाला-धारी भगवान मुरुगन के विचारों के प्रचार के लिए एक 'भाला यात्रा' निकाली थी। दबाव इस तरह बढ़ा है कि अब सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक यह साबित करने जुट गई है कि वह धर्म के खिलाफ नहीं है। वैसे द्रमुक के विचार नास्तिकता पर आधारित हैं। द्रविड़ कषगम के समय से ही इस दल में तर्कवादी प्रवृत्ति मजबूत रही है। पिछले कुछ वर्षों से यह दल अपने पुराने विचार को कमजोर कर रहा है। यह अब खुद को एक ऐसे दल के रूप में पेश कर रहा है, जिसकी अपनी मान्यताएं हो सकती हैं, पर एक सरकार के रूप में वह गैर-आस्तिकों सहित सभी आस्थाओं को स्थान देने के पक्ष में है। दिलचस्प बात यह है कि अन्य राज्यों की तरह तमिलनाडु भी अत्यधिक धार्मिक है, पर मतदाताओं ने राजनीति और धर्म के बीच साफ अंतर किया है। धार्मिक मामलों का राजनीतिकरण करने की पिछली कोशिशें राज्य में नाकाम रही हैं। द्रमुक के सहयोगियों को लगता है कि मुरुगन के नाम पर आयोजित विशाल सम्मेलन के बाद भी हालात नहीं बदलेंगे। बहुत कड़ी प्रतिक्रिया सीपीएम की ओर से आई है। कांग्रेस पार्टी को भी लगता है कि यह निरर्थक प्रयास है। अयोध्या के चुनावी नतीजे से भी पता चलता है कि मतदाता धर्म को राजनीति से मिलाने में यकीन नहीं करते हैं। हालांकि, राज्य की अग्रणी दलित पार्टी वीसीके को लगता है कि भाजपा के विरोध के लिए ऐसे सम्मेलन करना महत्वपूर्ण है। लोग अभी भूले नहीं हैं कि द्रमुक की सरकार में मंत्री और स्टालिन के पुत्र उदयनिधि ने सनातन धर्म की तीखी आलोचना की थी, जिसका उत्तर भारत में ज्यादा विरोध हुआ था। अब द्रमुक खुद को एक ऐसे धर्मनिरपेक्ष दल के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है, जो धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं करता है और संविधान के अनुसार, ऐसी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## फिल्म इंडस्ट्री से उठा महिलाओं के शोषण का पर्दा

मलयालम फिल्म उद्योग को लेकर एक धारणा रही है कि केरल में होने के नाते वहां की स्थितियां बेहतर होंगी, महिलाओं के लिए अपेक्षया ज्यादा सहज और अनुकूल माहौल होगा। मगर कुछ महिला कलाकारों के आरोप के बाद अब जो मामले उजागर हो रहे हैं, उससे यही लगता है कि पर्दे पर प्रगतिशील और महिलाओं के हक में दिखने वाली फिल्मी दुनिया का भीतरी ढांचा कई स्तर पर महिलाओं के खिलाफ बहुस्तरीय शोषण की शर्मनाक तस्वीर भी छिपाए हुए है। मलयालम फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण के मसले पर 2017 में गठित न्यायमूर्ति हेमा समिति की रपट के अब सामने आने के बाद कुछ पुराने मामले भी उभर रहे हैं। गौरतलब है कि एक अभिनेत्री ने मलयालम फिल्मों के एक निर्माता रंजीत पर अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया, जिसके बाद रविवार को रंजीत ने केरल चित्रकला अकादमी के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं एक अन्य अभिनेत्री के यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद अभिनेता सिद्दीकी ने 'एसोसिएशन आफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स' के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। यों आरोपों के घेरे में आने वाली हस्तियों ने सच्चाई सामने आने का इंतजार करने का हवाला दिया है, मगर इस मसले पर गठित समिति की रपट में जो हकीकत सामने आई है, उसके बाद किस तरह के सच की उम्मीद की जा सकती है! संभव है कि आरोप और उसके साबित होने के बीच लंबा फासला हो। यह भी परिस्थितियों पर निर्भर करता है कि फिल्म में काम पाने के लिए किसी महिला को मजबूरी में जो समझौते करने पड़े, शोषण या भेदभाव के मसले पर चुप रहना पड़ा, उसके काफी समय बीत जाने के बाद आरोप उसी रूप में साबित हो सकें। मगर मलयालम फिल्मों की दुनिया में महिलाओं के साथ होने वाले अनुचित व्यवहारों को हेमा समिति ने जिस शक्ल में दर्ज किया है, उससे साफ है कि पर्दे पर दिखने वाली प्रगतिशील कहानियों का नेपथ्य महिला कलाकारों के लिए उतना ही अनुकूल नहीं रहा है। वैसी स्थिति की कल्पना भी बेहद तकलीफदेह है जिसमें किसी महिला को उस व्यक्ति की पत्नी की भूमिका निभानी पड़ी, उसे गले लगाना पड़ा, जिसने एक दिन पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था।

## इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने आबादी पर पूरी बात क्यों नहीं कही

(सुदीप ठाकुर)

इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी के दीक्षांत समारोह में देश की बढ़ती आबादी को लेकर हाल ही में चिंता जताई। मूर्ति ने कहा कि इमरजेंसी के दौर के बाद आबादी की समस्या पर देश ने ध्यान नहीं दिया। भारत प्रति व्यक्ति जमीन और स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता जैसी आबादी से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। मूर्ति ने इसे 'इमरजेंसी' से न जोड़ा होता, तो अमूमन बढ़ती आबादी को लेकर की गई इस टिप्पणी पर ध्यान नहीं जाता। यह एक तरह से इमरजेंसी के दौर का एक नया पाठ भी है, जिसे देखना दिलचस्प होगा। 2011 के बाद से जनगणना नहीं हुई है, तो आबादी के आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं। इसी 15 अगस्त को देश को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'सबसे बड़ा लोकतंत्र और बहुत से लोगों की राय है कि जनसंख्या की दृष्टि से हम विश्व में एक नंबर पर हैं इतना बड़ा देश140 करोड़ का देश।' यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र के इस आकलन की पुष्टि करता है, जिसमें कहा गया था कि 1.42 अरब की आबादी के साथ चीन को भारत पीछे छोड़ देगा। इसमें दो राय नहीं है कि भारत की आबादी 15 अगस्त, 1947 के 34.5 करोड़ के आंकड़े से कम से कम चार गुना हो चुकी है। मूर्ति ने इमरजेंसी के जिस दौर की बात की, तब 1971 की जनगणना के मुताबिक भारत की आबादी 62.35 करोड़ (1975 का आंकड़ा) थी। आजादी मिलने के तुरंत बाद, पहली सरकार के समय से ही बढ़ती आबादी को लेकर चिंता जताई गई थी। आजाद भारत की पहली जनगणना 1951 में हुई और उस समय देश की आबादी थी 36 करोड़। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट में शामिल पहली स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर ने बढ़ती आबादी को गंभीरता से लिया था और स्वास्थ्य मंत्रालय में परिवार नियोजन विभाग अलग से जोड़ लिया। इस तरह इस मंत्रालय का पूरा नाम स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मंत्रालय बन गया था। साफ है, देश की पहली सरकार के कार्यकाल में ही परिवार नियोजन कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हो गई थी। इसमें संयुक्त राष्ट्र के साथ ही अमेरिका के फोर्ड फाउंडेशन और रॉकफेलर फाउंडेशन ने मदद की थी। 1956-57 से परिवार नियोजन कार्यक्रमों को न केवल प्रभावी तरीके से लागू किया गया, बल्कि कोयला खदानों से लेकर रेलवे स्टेशनों तक में मुफ्त में निरोध का वितरण किया जा रहा था। बढ़ती आबादी के बावजूद परिवार नियोजन को लेकर सरकारी कार्यक्रम में तेजी आई थी और 1970 के दशक तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा। इंदिरा गांधी ने जब 25 जून, 1975 को इमरजेंसी लगाई, तब भी परिवार नियोजन सुचारू रूप से चल रहा था। 1976 की शुरुआत में आई नई जनसंख्या नीति में बढ़ती आबादी पर चिंता जताई गई और बताया गया कि 1 जनवरी, 1976 को देश की आबादी ने 60 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। मुश्किल तब शुरू हुई, जब इंदिरा के छोटे बेटे संजय गांधी ने अपने पांच सूत्री कार्यक्रम में जनसंख्या नियंत्रण को भी जोड़ लिया। इसने एकदम से सरकार की प्राथमिकताओं के साथ ही राजनीतिक कथानक को बदल दिया। मार्च, 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी और कांग्रेस की पराजय में इमरजेंसी के दौरान जबरिया नसबंदी का उत्पीड़न एक बड़ा कारण था। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के दिल्ली स्थित संवाददाता लुइस एम साइमन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा, 'इमरजेंसी के बाद भारत में परिवार नियोजन, नसबंदी और गर्भनिरोधक- ये सारे शब्द इतने बदनाम हो गए हैं कि नई सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मंत्रालय का नाम बदल कर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय कर दिया है।' जनता पार्टी की सरकार के दौरान जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम ठंडा पड़ गया था।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5477

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5476

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

### वर्ग पहेली 5477

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | 8 | ■ | 9 | | ■ |
| | ■ | 10 | | 11 | | | ■ |
| 12 | 13 | ■ | 14 | | ■ | ■ | 15 |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | 20 | |
| 21 | | | ■ | 22 | | | ■ |
| | ■ | 23 | | ■ | ■ | 24 | 25 |
| 26 | | | ■ | 27 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2002 में इस देश में मिलने के वायदे के साथ 14 वें एशियाई खेलों का बुसान में रंगारंग समापन (3)
4. उत्तरप्रदेश का गंगातट पर बसा एक शहर (4)
7. लहराना, धधकना, हवा का झोंका आना (4)
9. नगाड़ा पीटने का डंडा (2)
10. ट्रेजिडी क्वीन से प्रसिद्ध रही है ये अभिनेत्री (5)
12. पंचतत्वों में से एक, आब, नीर (2)
14. कमल, कुमुद फूलों की लंबी और खोखली नली (2)
16. संतान, वंशज (3)
18. एक मंगल वाद्य, मृदंग (4)
21. याद करने के लिए बारंबार दोहराना (3)
22. रोचना, टीका, धर्मचिन्ह (3)
23. कागज के चौबीस तत्वों की गड्डी, सेनिकों की टोली (2)
24. इस समय, इस वक्त (2)
26. भूमि आदि पर लगने वाला कर, भूकर (3)
27. जिसकी सभी सतह समान हों (4)

**ऊपर से नीचे**

1. भूतकाल, वर्तमान और भविष्यकाल में, इस फिल्म में कपूर परिवार की तीनों पीढ़ियों (पृथ्वीराजकपूर, राज कपूर व रणधीर कपूर) न एक साथ अभिनय किया (8)
2. नीचे वाला भाग, परत, स्तर (2)
3. दस्तावेज, लिखित, कलमबंद, तहरीरी (3)
5. गीत, तराना (3)
6. पूजा करने वाला (3)
8. सनिश्चय नहीं (3)
11. किसी विश्वविद्यालय का सर्वोच्च अधिकारी (4)
13. मस्तक, माथा, पेशानी (3)
15. बाजा, वाद्य (2)
17. अविरामत, दन-दन शब्द करते हुए, निरंतर (4)
19. त्वचा, चमड़ी (2)
20. महत्व, गरिमा, महिमा (4)
25. शक्ति, ताकत, शिकन, मरोड़, ऐंठन (2)

### वर्ग पहेली 5476 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | शो | क | कु | मा | र | ■ | ब |
| प | ला | श | ■ | ■ | ज | प | ना |
| रा | ■ | ■ | मं | द | क | र | ना |
| जि | ग | री | दो | स्त | ■ | ख | ■ |
| ता | ब | ■ | द | ■ | न | ■ | ग |
| ■ | न | ■ | री | ता | फा | रि | या |
| छा | ■ | पो | ■ | न | स | ■ | ना |
| या | दें | ■ | स | ना | त | न | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन सफलता से भर होगा। आपके लिए खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए कार्य सफल होंगे और आपको लाभ होगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य और प्रतिभा से हर कार्य में सफल होंगे। शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। शाम से लेकर रात तक आपको कहीं जरूरी कार्य से फंसे रहना पड़ सकता है।

### वृष

आज दिन भाग्यशाली रहेगा और आपको सभी कार्य में सफलता प्राप्त होगी। ज़मीन जायदाद के मामले में आपको लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। पिता के आशीर्वाद से शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना है शाम के समय परिवार में किसी की सेहत बिगड़ने से आपको काफी दौड़ना पड़ सकता है।

### मिथुन

आज दिन सफलता से भर होगा और आपके लिए दिन ज्ञान से भरा होगा। आपकी विद्या बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। आपके ग्रहों की स्थिति बहुत शुभ होगी और आपको सफलता प्राप्त होने से मन प्रसन्न होगा।

### तुला

आज दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके अंदर निर्भीकता का भाव रहेगा और आप पूरी हिम्मत के साथ अपना काम करेंगे। आप बेझिझक अपने कार्य आराम से पूरे कर लेंगे। जीवनसाथी के साथ आज बहुत मधुर संबंध रहेंगे और आप साथ में मिलकर कुछ अच्छा कर लेंगे।

### वृश्चिक

आज सावधानी से बिताने का है। आपका परिवार के लोगों के साथ विवाद हो सकता है। किसी के साथ आपकी तनातनी हो सकती है। कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रुओं से सावधान रहें और अपने काम पर ध्यान दें। खुश मिजाज व्यक्ति होने के कारण आपकी बात को सब लोग पसंद करेंगे।

### धनु

आज दिन भाग्यशाली है और ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी ना लग जाए। औपचारिकता में न उलझें और अपने काम पर फोकस करें। आपको जो खाना हो, जो चाहिए, बेहिचक कह देना। यदि आपका धन कहीं रुका है तो आज मिल सकता है। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय से लाभ होगा।

### कर्क

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आमदनी बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयास सफल रहेंगे। धन की प्राप्ति से आपके कोष में वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नए अच्छे मित्र भी मिलेंगे। किसी के सहयोग से आपका रुका कार्य पूर्ण हो सकता है।

### सिंह

आज लाभ होगा और आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। पत्नी पक्ष और पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति मार्गी चल रहा है, अपने गुरु के प्रति निष्ठा और समर्पण का भाव रखें तो आपको लाभ होगा।

### कन्या

आज दिन शुभ है और आपको कहीं से लाभ मिलने की संभावना है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शान्त और प्रसन्न रहेगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### मकर

आज दिन शुभ लाभ से भरा होगा और आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयास में सफलता मिलेगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपके पुराने रुके हुए कार्य पूर्ण हो सकते हैं और थोड़ा खर्च करने आपको कई गुना लाभ होगा। नई योजनाओं पर आज काम शुरू हो जाएगा।

### कुंभ

आज लाभ होगा और भाग्य की दृष्टि से दिन अच्छा है और आपको सफलता प्राप्त होगी। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई बीमारी चल रही थी तो वह सही हो सकती है। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। परिवार के लोगों का सहयोग मिलने की संभावना है। वाणी पर संयम रखें, आप अपनी कार्यकुशलता से हर मामले में विजय और सफलता पा सकते हैं।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और ऊर्जा के क्षेत्र में आपका काम अच्छा चलेगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता और गुरु के प्रति निष्ठा, भक्तिभाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा। सायंकाल चोरी हो सकती है, सतर्क रहें और अपने काम पर ध्यान दें।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


## संक्षिप्त समाचार




### भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी का ममता बनर्जी पर तंज

**जम्मू, एजेंसी।** भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसा। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि इतना गैर जिम्मेदाराना और भड़काऊ बयान आज तक नहीं सुना। शाजिया इल्मी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर बंगाल जलेगा तो देश के अन्य राज्यों में भी इसका असर देखने को मिलेगा। भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कहा कि ममता बनर्जी का बयान भड़काऊ है। वो बलात्कारियों, भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को बचाने का काम करती हैं, इसमें पुलिस, प्रशासन और शासन सभी शामिल हैं। जब उनसे मामला नहीं संभलता है तो पूरे देश में आग लगाने की भड़काऊ बात करती हैं। इस तरह का गैर जिम्मेदाराना और भड़काऊ बयान आज तक मैंने नहीं सुना। देश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा चिट्ठी लिखने के सवाल पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ये एक शालीनता की आवाज है। वो बहुत ही आध्यात्मिक नेचर की हैं। उन्होंने देश की बेटियों के लिए प्रार्थना की। ऐसे में हम सभी लोगों को उनके इस सोच के साथ खड़ा होना होगा। देश की महामहिम ने बहुत ही शालीनता, संजीदगी और संवेदनशीलता के साथ अपनी बात रखी है। वो महिला, आदिवासी बेटी के साथ-साथ चैतन्य आत्मा भी हैं। चुनावी राज्य जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच हुई एलायंस को लेकर भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने लाल चौक से जो तिरंगा फहराया था तो उनकी टेररिस्ट के साथ नजरे मिल गई थीं। राहुल गांधी संविधान की प्रतियां लेकर घूम रहे हैं, लेकिन वो चाहते नहीं है कि देश के दूसरे राज्यों के लोगों को जो अधिकार मिले हैं, वो जम्मू-कश्मीर के लोगों को भी मिलें। शाजिया इल्मी ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को नापाक और खतरनाक बताया।

### पैर छूने को तैयार और मांग रहे माफी, शिवाजी की प्रतिमा गिरने से बैकफुट पर आ गई पूरी सरकार



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र और देश भर के लिए बड़े नायक माने जाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के आंधी में ढहने का मुद्दा राज्य सरकार के लिए भारी पड़ रहा है। इस मसले पर पूरी सरकार ही बैकफुट पर आ गई है और किसी तरह इससे बचने की कोशिश में है। चुनावी सीजन से पहले शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने से विपक्ष को बैठे बिठाए एक मुद्दा मिल गया है। यही वजह है कि एक तरफ सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैं 100 बार शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पैर छूने और माफी मांगने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज पूजनीय हैं और उन्हें राजनीति से दूर रखना चाहिए। सिंधुदुर्ग में लगी इस मूर्ति के गिरने पर अजित पवार ने भी दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मैं महाराष्ट्र की 13 करोड़ जनता से इस पर माफी मांगता हूं। वह लगातार कह रहे हैं कि मैं 13 करोड़ लोगों से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। महाराज शिवाजी की प्रतिमा गिरना हमारे लिए एक सदमे जैसा है। अजित पवार ने कहा, इस मामले में दोषी पाए गए ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। राज्य के डिप्टी सीएम के तौर पर मैं माफी मांगता हूं। मेरा वादा है कि भविष्य में अब राज्य में ऐसी कोई घटना नहीं होने दी जाएगी। एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराज शिवाजी महाराष्ट्र के संरक्षक देवता हैं। मैं उनके 100 बार पैर छूकर माफी मांगने के लिए तैयार हूं।

# नोएडा एयरपोर्ट से अप्रैल में शुरू होंगी उड़ान

### देरी के पीछे क्या वजह, कहां अटका काम?

**नोएडा, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का रनवे लगभग तैयार हो चुका है। इसके आसपास दिवाली से पहले लाइटें लग जाएंगी और दिसंबर में यहां से ट्रायल के लिए हवाई जहाज उड़ान भरेंगे। इस एयरपोर्ट पर छह रनवे होंगे। एयरपोर्ट का काम तेजी से चल रहा है। इसका पहला रनवे लगभग तैयार हो चुका है। यह रनवे 3.9 किलोमीटर लंबा है। इसकी चौड़ाई 60 मीटर है। चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरण जैन ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और अमेरिकी विमान निर्माता बोइंग ने मिलकर नोएडा एयरपोर्ट के लिए विमान के आगमन और प्रस्थान के रास्ते बनाए हैं। रनवे का निर्माण पूरा हो चुका है और अगले महीने इसके लिए लाइटें लगाई जाएंगी। इसके लिए रनवे के आसपास के लगभग 150,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में लैंडस्केपिंग का काम किया जा रहा है। दिवाली से पहले यह लाइटों से रोशन होगा। दिसंबर में इस रनवे से टेस्टिंग के लिए हवाई जहाज उड़ेंगे। छह रनवे के बाद इस एयरपोर्ट की पहचान एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट के रूप में होगी।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक ही टर्मिनल से प्रवेश और निकासी की सुविधा मिलेगी। निर्माण में ऐसे मेटल का उपयोग किया जाएगा, जिससे कार्बन का उत्सर्जन न हो। यह पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त होगा। यहां पर डिजिटल सेवाएं मिलेंगी।

**दो एयरलाइंस से समझौते :** इंडिगो और अकासा एयरलाइंस के साथ समझौतापत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। नेटवर्क प्लानिंग और ऑपरेशनल आवश्यकताओं पर बात जारी है। अन्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कैरियर्स की गहरी रुचि दिखाई दे रही है। रियायतें देने के लिए



हस्ताक्षर = मुख्य एयरो रियायतें, जिनमें विमान में फ्यूल भरने की सेवाएं, ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो आवंटित किए जा चुके हैं। रिटेल, डाइनिंग, लाउंज, ड्यूटी-फ्री, और होटल के लिए नॉन-एयरो रियायतों के लिए भी हस्ताक्षर हो गए हैं। एयरपोर्ट के मुख्य सिस्टम्स के लिए फैक्ट्री एक्सेप्टेंस टेस्ट पूरे हो गए हैं और साइट पर उपकरण आने लगे हैं। चेक-इन क्योस्क, सेल्फ सर्विस बैग ड्रॉप्स, और ई-गेट्स का परीक्षण चल रहा है।

एयरफील्ड लाइटिंग, पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर्स के लिए समझौतापत्रों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। वर्ष 2024 के अंत तक एयरोड्रोम लाइसेंस के लिए आवेदन होगा। एयरपोर्ट पर सबसे ज्यादा देरी टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण में हो रही है। यहां पर स्टील न आने के चलते करीब चार महीने तक काम रुका रहा था। टर्मिनल एक लाख वर्गमीटर में विकसित हो रहा है। टर्मिनल के अग्रभाग (फेसिंग) और छत का काम चल रहा है। बैगेज हैंडलिंग सिस्टम को स्थापित करने का काम अधूरा है, जिसे कुछ दिनों में पूरा किए जाने का दावा है। एमईपी और फिनिशिंग कार्य तेजी से चल रहा है। टर्मिनल के अग्रभाग में शीशे लग चुके हैं।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने का सपना अगले वर्ष पूरा हो जाएगा। एयरपोर्ट बनाने वाली कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) ने विमानों की उड़ानों को लेकर गुरुवार को स्थिति स्पष्ट कर दी। उड़ान में तय समय से सात माह की देरी होने की बात कही गई है। अब अप्रैल 2025 में एयरपोर्ट से कॉमर्शियल फ्लाइट शुरू होगी, जबकि दिसंबर में ट्रायल रन होगा। यापल के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने गुरुवार को बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर निर्माण और विकास कार्य अग्रिम चरण में है। एयरपोर्ट पर रनवे, टर्मिनल और कंट्रोल टावर का काम पूरा करने में अप्रैल तक का समय लग जाएगा। एयरपोर्ट से उड़ान के लिए कई एयरलाइनों से समझौते हो चुके हैं।

एयरपोर्ट पर उड़ान अंशांकन (फ्लाइट कैलीब्रेशन) के लिए सितंबर या अक्टूबर तक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम स्थापित होगा, ताकि उड़ान में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। दिसंबर में रनवे पर ट्रायल रन शुरू होगा। फिर एयरक्राफ्ट और कॉमर्शियल फ्लाइट का ट्रायल होगा और इसके बाद लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाएगा। अप्रैल अंत तक उड़ान संभव होगी। समझौते के तहत 29 सितंबर तक एयरपोर्ट का संचालन शुरू होना था। दिसंबर के बाद निर्माण में देरी पर कंपनी पर संचालन की तिथि तक प्रतिदिन 10

## गले में गमछा डाल करता रहा दरिंदगी, प्राइवेट पार्ट में घुसा दी पाइप; कोर्ट ने दी सजा-ए-मौत

**फरीदाबाद , एजेंसी।**
फरीदाबाद में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम कुमार की अदालत ने गुरुवार को महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के मामले में दोषी करार दिए गए युवक को फांसी की सजा सुनाई। अदालत ने एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने डीएनए रिपोर्ट और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर सजा सुनाई है। इस मामले में कोई चश्मदीद गवाह नहीं था।

डीएनए रिपोर्ट के साथ-साथ 34 गवाहों ने गवाही दी थी। इसमें महिला के पति और मां ने भी गवाही दी थी। वहीं इस मामले में शिकायतकर्ता और उसके भाई की भी गवाही हुई थी। शिकायतकर्ता के भाई ने ही सबसे पहले महिला के अद्धनग्न शव को देखा था। सात नवंबर 2022 को करीब 34 वर्षीय महिला बाटा चौक मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी हुई थी। वहां से सेक्टर-11 डी राजीव नगर झुग्गी बस्ती निवासी मनोज नेपाली वहां से गुजर रहा था। वह मजदूरी करता था। इस दौरान उसकी महिला से बात हुई। बातों की बातों ने उसे पता चला कि महिला की अपने पति के साथ अनबन है। वह अपनी मां के साथ रहती है तो उसने महिला को अपने साथ चलने के लिए राजी कर लिया था। उसने महिला को बताया कि उसकी शादी नहीं हुई है। उसे खाना बनाना भी आता है। उसने महिला को शादी करने का भरोसा दिया था। वह महिला को अपने साथ सेक्टर-सात में गुरुद्वारे के पास ले आया।

यहां सुनसान हालत देख वह महिला को पीछे एक पार्क में ले गया। वहां उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने महिला के साथ अप्राकृतिक यौनाचार भी किया। महिला उसके कब्जे से भागना चाह रही थी। उसने महिला के गले में गमछा डाल दिया था। आरोपी गला घोंटने के दौरान भी दुष्कर्म करता रहा। महिला के प्राइवेट पार्ट में पाइप भी घुसा दिया था। इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से सरकारी वकील सुरेश चौधरी ने पैरवी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की थी।

## अब कुमारी शैलजा को भी मिल सकता है टिकट

**शिमला, एजेंसी।**
कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि पार्टी का कोई सांसद हरियाणा में मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकता है, बशर्ते उनके पास नवनिर्वाचित विधायकों का समर्थन हो। पार्टी महासचिव और हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने इससे एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

हरियाणा में कांग्रेस की ओर से भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दीपेंद्र हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में देख जा रहा है। इनमें से दीपेंद्र हुड्डा, सुरजेवाला और सैलजा सांसद हैं। कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद जब बाबरिया से सवाल किया गया कि क्या सांसदों के मुख्यमंत्री बनने के विकल्प खुले हुए हैं तो उन्होंने हां में जवाब दिया।

उनका कहना था, 'पार्टी का ऐसा कोई भी व्यक्ति अपने आप को मुख्यमंत्री पद के लिए प्रस्तुत कर सकता है जिसके पास विधायक दल में से किसी न किसी का समर्थन रहता है और कांग्रेस आलाकमान का आशीर्वाद रहता है।' बाबरिया ने कहा कि पार्टी इस विधानसभा



चुनाव में किसी एक चेहरे के साथ नहीं, बल्कि सामूहिक नेतृत्व के साथ उतरेगी।

उन्होंने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 50 से 55 सीट के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया गया है और इन पर मुहर लगाने के लिए पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की दो-तीन सितंबर को बैठक हो सकती है। बाबरिया ने बुधवार को कहा था कि पार्टी के किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उनकी इस टिप्पणी से कुछ दिनों पहले कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सदस्य कुमारी सैलजा ने 'पीटीआई' के विशेष कार्यक्रम '4पार्लियामेंट स्ट्रीट' में समाचार एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और कहा था कि वह राज्य में काम करने की इच्छुक हैं, लेकिन इस बारे में अंतिम फैसला कांग्रेस आलाकमान को करना है। हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीट के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी।

## बीजेपी प्रत्याशी की उम्मीदवारी हो रद्द- चुनाव आयोग पहुंची उमर अब्दुल्ला की पार्टी



**जम्मू कश्मीर, एजेंसी।**
जम्मू कश्मीर में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले ही एक प्रत्याशी की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने चुनाव आयोग के समक्ष एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है जिसमें कथित तौर पर सांप्रदायिक भाषण के लिए बीजेपी के डोडा ईस्ट उम्मीदवार गजय सिंह राणा को तत्काल अयोग्य ठहराने की मांग की गई है। राणा द्वारा कथित तौर पर दिए गए सांप्रदायिक भाषण वाले 39 सेकंड का वीडियो क्लिप जम्मू-कश्मीर में वायरल है। वीडियो में राणा एक रैली में भाषण दे रहे थे जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि डोडा जिले में चपनारी, कामलारी, बरशल्ला या सरथल में हुए हमलों में हिंदू निशाने पर थे और मुस्लिम अपराधी थे। उन्हें लोगों से ऐसी ताकतों के खिलाफ एकजुट होने के लिए कहते हुए भी सुना जा सकता है। चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत में एनसी ने राणा को तत्काल अयोग्य ठहराने और कानून की एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। नेशनल कॉन्फ्रेंस की शिकायत में कहा गया है, डोडा ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार गजय सिंह राणा ने अपने चुनाव अभियान के दौरान भड़काऊ और सांप्रदायिक बयान दिए हैं जिसके लिए तत्काल कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में पिछली और हाल की हिंसक घटनाएं आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई नहीं थीं बल्कि मुस्लिम समुदाय द्वारा हिंदू समुदाय पर सीधा हमला था। उन्होंने आगे कहा कि यह भारत और आतंकवादियों के बीच युद्ध नहीं है बल्कि हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच युद्ध है। ये बयान न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है बल्कि सांप्रदायिक घृणा और अशांति को भड़का रहा है। इस तरह की बयानबाजी बेहद पहले से ही संवेदनशील क्षेत्र में शांति को भंग कर सकता है। इस बीच गजय सिंह राणा ने कहा है कि वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा, वीडियो 19 जून 2024 का है, जब मैंने चपनारी नरसंहार के शहीदों की सालगिरह पर अपना भाषण दिया था। एनसी ने अपने एजेंडे के तहत वीडियो से मेरे भाषण का एक चुनिंदा हिस्सा उठाया है। हमारे पास पूरा वीडियो है। उन्होंने आगे कहा, 19 जून 1998 को आतंकवादियों ने चपनारी में दो बारातों पर हमला किया था। बंदूक की नोक पर बारातियों को वाहनों से उतरने के लिए कहा गया और उनसे उनके नाम पूछे गए। मुसलमानों को छोड़ दिया गया, 28 हिंदुओं को गोली मार दी गई। उन्होंने कहा कि एनसी हार के डर से ऐसी रणनीति का सहारा ले रही है। इस बीच बीजेपी की स्थानीय इकाई के प्रमुख रविंदर रैना ने कहा, यह एक फर्जी, मनगढ़ंत और पुराना वीडियो है।

## चादर गिरोह ने चुराई थीं गाजियाबाद के शोरूम से 3 करोड़ की घड़ियां, नेपाल से बिहार तक फैला है गैंग




**गाजियाबाद एजेंसी।**
गाजियाबाद के इंदिरापुरम के शोरूम से बीते 10 अगस्त की रात को 3 करोड़ रुपये की घड़ियां नेपाल-बिहार के चादर गैंग ने चुराई थीं। क्राइम ब्रांच ने घटना का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 46 लाख रुपये कीमत की 125 घड़ियां बरामद की गई हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोरी की घटना में गिरोह के दस बदमाश शामिल थे। सरगना समेत अन्य आरोपी नेपाल में छिपे हुए हैं, जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि 10 अगस्त की रात गिरोह ने घड़ी के शोरूम के आगे चादर तानकर शटर काटा और फिर अंदर घुसकर तीन करोड़ रुपये कीमत की 623 घड़ियां चोरी कर ली थीं। पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए इन आरोपियों में बिहार के मोतीहारी जिले के थाना घोड़ासहन क्षेत्र का निवासी संतोष कुमार जायसवाल और रोहित कुमार पासवान शामिल हैं। संतोष वर्तमान में सेक्टर-63 नोएडा के छिजारसी और रोहित कापसहेड़ा बॉर्डर दिल्ली में किराये के मकान में रह रहा था। गैंग का सरगना नेपाल निवासी सचिन और घोड़ासहन बिहार निवासी सिराज के अलावा घोड़ासहन निवासी जितेंद्र उर्फ जीतन साहनी, रोशन, राहुल पासवान, सीतामढ़ी बिहार निवासी जीतन पासवान, नेपाल निवासी प्रमोद और आसामी उर्फ संतोष फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। सचिन और बिहार निवासी सिराज गिरोह को चलाते हैं।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार के मुताबिक, चोरी के बाद आरोपी नोएडा पहुंचे, जहां सरगना सचिन नेपाली ने घड़ियों का बंटवारा कर दिया। इसके बाद आठ सदस्य बिहार के घोड़ासहन पहुंचे और वहां से नेपाल रवाना हो गए। हालांकि, गिरफ्तार आरोपी संतोष और रोहित दिल्ली में ही छिप गए थे। पुलिस से बचने के लिए गिरोह के सदस्य नेपाल के सिम कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। रेकी के दौरान इन नंबरों को बंद कर लेते हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, फरार आरोपी नेपाल में हैं और वहां कीमती घड़ियों को बेचने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, शोरूम संचालक ने सिर्फ 125 घड़ियां बरामद होने पर असंतोष जाहिर किया है। हालांकि, इस मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी पर बाकी घड़ियां भी बरामद की जाएंगी। डीसीपी ट्रांस हिंडन के मुताबिक, घटना से पहले आरोपियों ने शोरूम की रेकी की थी।

## राज्यसभा में मजबूत हो सकती है भाजपा, वायएसआरसीपी के 2 सांसद टूटे, 5 और छोड़ सकते हैं साथ

**बेंगलुरु, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार के बाद से ही वायएसआरसीपी को झटके लगना जारी है। अब पार्टी राज्यसभा में टूटती जा रही है। खबर है कि गुरुवार को ही दक्षिण भारतीय राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी के दो सांसदों ने इस्तीफा दे दिया है। वहीं, संभावनाएं जताई जा रही हैं कि 5 और राज्यसभा सांसद इस्तीफा दे सकते हैं। फिलहाल, इसे लेकर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वायएसआरसीपी के मोपिदेवी वेंकट रमण और बीदा मस्तान राव ने गुरुवार को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद और सांसदों के इस्तीफे की अटकलें तेज हो गई हैं। हालांकि, इससे भारतीय जनता पार्टी और तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) को बड़ा फायदा होने के आसार हैं। कहा जा रहा है कि दोनों दल वायएसआरसीपी सांसदों के संपर्क में हैं औक उप चुनाव में उनका समर्थन करने की पेशकश कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि 5 और सांसद इस्तीफा दे सकते हैं। इनमें गोला बाबूराव, आर कृष्णैया, परिमल नटवानी, एल्ला अयोध्यारामी रेड्डी और मेडा रघुनाथ रेड्डी का नाम शामिल है। रमणा का कहना है कि वह टीडीपी में शामिल हो जाएंगे और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में काम करने की अपनी इच्छा को पूरा करेंगे।

उन्होंने आरोप लगाए हैं कि वायएसआरसीपी नेतृत्व की तरफ से उनके विधानसभा में बनाए रखने के अनुरोध को कई बार नजरअंदाज कर दिया गया, जिसके कारण उन्हें राज्यसभा जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। पार्टी बदलने से पहले राव भी टीडीपी के सदस्य थे। खास बात है कि वह टीडीपी से विधानसभा सदस्य भी रह चुके थे। उन्होंने निजी कारणों का हवाला देकर राज्यसभा से इस्तीफा दिया है।

अखबार ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि पूर्व सीएम जगन रेड्डी से उनके सांसद असंतुष्ट हैं, जिसके चलते टीडीपी के लिए राज्यसभा के रास्ते खुल गए हैं।

## कांग्रेस शासित तेलंगाना में बैन हो सकती है कंगना रनौत की फिल्म

**हैदराबाद, एजेंसी।**
बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी सांसद कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी पर बैन की तलवार लटक रही है। खबरें हैं कि कांग्रेस शासित तेलंगाना में सरकार फिल्म पर प्रतिबंध लगाने का फैसला ले सकती है। हालांकि, इसे लेकर अब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। हाल ही में एसजीपीसी यानी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने भी फिल्म प्रोड्यूसर को लीगल नोटिस भेजा था। तेलंगाना सिख सोसाइटी के 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर से मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान फिल्म में सिख समुदाय के चित्रण पर चिंता जाहिर की गई थी। आरोप लगाए जा रहे थे कि फिल्म में समुदाय की छवि खराब करने की कोशिश की गई है। खास बात है कि तेलंगाना में सिख समुदाय कुल आबादी का दो फीसदी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अधिकारियों का कहना है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को वादा किया है कि उनकी सरकार



इमरजेंसी फिल्म पर बैन लगाने पर विचार करेगी। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, शब्बीर ने कहा, सिख समुदाय ने जोर दिया कि देश के सैन्य बलों में करीब 12 फीसदी सिख हैं, जिनमें से कई ने देश की सुरक्षा के लिए जान कुर्बान कर दी है। फिल्म प्रचार की सामग्री को लेकर उन्होंने और खासतौर से सिख युवाओं ने नाराजगी जाहिर की है। शब्बीर ने औपचारिक रूप से सीएम रेड्डी से फिल्म पर बैन लगाने का अनुरोध किया है। उन्होंने फिल्म के कंटेंट पर सवाल उठाए और आशंका जताई है कि इससे तनाव हो सकता है। उन्होंने कहा है कि रेड्डी ने भरोसा दिया है कि वह कानूनी सलाह लेने के बाद इसपर फैसला लेंगे। शिरोमणि अकाली दल की दिल्ली इकाई ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से अपील की है कि कंगना रनौत अभिनीत फिल्म 'इमरजेंसी' के रिलीज पर रोक लगाई जाए क्योंकि यह सांप्रदायिक तनाव भड़का सकती है। भाजपा सांसद और अभिनेत्री रनौत ने फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। यह फिल्म छह सितंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। शिरोमणि अकाली दल की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना ने बुधवार को सेंसर बोर्ड को लिखे पत्र में कहा कि हाल में जारी फिल्म के ट्रेलर में त्रुटिपूर्ण ऐतिहासिक तथ्य देखे जा सकते हैं जो न केवल सिख समुदाय को गलत तरह से प्रस्तुत करते हैं बल्कि नफरत और सामाजिक वैमनस्य भी फैलाते हैं।



# मुचोवा ने दो बार की विजेता ओसाका को दूसरे दौर में किया बाहर

## यूएस ओपन

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** चेक खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा ने दो बार की चैंपियन नाओमी ओसाका के यूएस ओपन अभियान को दूसरे दौर में 6-3, 7-6(5) से जीत के साथ समाप्त कर दिया और तीसरे दौर में पहुंच गई। मुचोवा की प्रतिद्वंद्वी 38वें नंबर की अनस्तासिया पोटापोवा हैं, जिन्होंने पहले दौर में 2021 यूएस ओपन फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज को हराया, साथ ही दूसरे दौर में 199वें नंबर की अमेरिकी वरवारा लेपचेंको को हराया।

ओसाका ने अपने विशिष्ट फॉर्म के साथ मैच की शुरुआत की और आसानी से सर्विस बरकरार रखी। मुचोवा ने अपनी पहली ही सर्व के पीछे नेट पर आक्रमण किया। ओसाका को पहला ब्रेक मौका तीसरे गेम में मिला जब उसकी प्रतिद्वंद्वी 1-2 पर सर्विस कर रही थी। वह कन्वर्ट करने में कामयाब नहीं हुई, लेकिन उसने अपना अगला सर्विस गेम लव में जीत लिया। पहले सेट के बीच में, जब ओसाका 3-3 पर सर्विस कर रही थी, मुचोवा ने एक सफल नेट चार्ज और उसके बाद एक आश्चर्यजनक ड्रॉप शॉट मारकर उसकी सर्विस तोड़ दी। उस गति को आगे बढ़ाते हुए, मुचोवा ने तुरंत सर्विस बरकरार रखी और 5-3 से आगे हो गई। ओसाका की सर्विस दोबारा तोड़कर मुचोवा ने 6-3 से सेट अपने नाम कर लिया।

दूसरे सेट की शुरुआत में, मुचोवा ने अपने 10 नेट पॉइंट में से सात जीते, 15 विनर और छह एस लगाए। 3-3 से बराबरी पर, ओसाका के आँकड़े ठोस थे, केवल तीन नेट अंक (छह में से) जीते , नौ विनर और चार एस लगाए। फिर, 4-4 से बराबरी पर, जापानी खिलाड़ी ने अपने खेल की शैली को बदलते हुए, बड़े, बोल्ड शॉट्स की ओर रुख किया। मुचोवा, जो सर्विस कर रही थी, ने लगातार दो वॉली फेंकी, जिससे उसकी प्रतिद्वंद्वी को दो ब्रेक प्वाइंट मिले। ओसाका ने दूसरा पकड़ लिया और खुद को 5-4 पर सर्विस करते हुए पाया।5-6 पर फिर से सर्विस करते हुए ओसाका ने गेम जीत लिया। इसलिए टाईब्रेक से सेट का फैसला होगा और मुचोवा ने सर्व और वॉली से इसकी शुरुआत की। ओसाका ने कुछ जबरदस्त फोरहैंड लगाकर स्कोर 4-2 कर दिया, लेकिन फिर डबल फॉल्ट कर दिया।

6-4 पर, मुचोवा ने अपना पहला मैच पॉइंट अर्जित करने के लिए एक अविश्वसनीय पासिंग शॉट मारा। ओसाका बच गई लेकिन अगले ही अंक पर हार गई और मुचोवा ने सेट 7-6(5) से जीतकर मैच अपने नाम किया।

## संक्षिप्त समाचार



### अल्काराज दूसरे राउंड में हारकर यूएस ओपन से बाहर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और पूर्व चैंपियन कार्लोस अल्काराज गुरुवार देर रात यूएस ओपन के राउंड 2 में डच खिलाड़ी बोटिक वान डी जैंडस्कूल्प के हाथों अप्रत्याशित हार झेलकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। 21 वर्षीय अल्काराज की दुनिया के 74वें नंबर के डचमैन से 6-1, 7-5, 6-4 से हार लगातार चार साल के फ्लशिंग प्रदर्शन में उनका सबसे खराब प्रदर्शन था क्योंकि इसने ग्रैंड स्लैम स्पर्धाओं में स्पैनियार्ड की 15 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ दिया।

विंबलडन 2021 के बाद से अल्काराज को किसी मेजर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहली हार का सामना करना पड़ा। विंबलडन 2021 में तत्कालीन विश्व नंबर 75 अल्काराज दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव से हार गए थे। 15 बार के टूर-स्तरीय टाइटललिस्ट ने 27 अप्रत्याशित गलतियाँ कीं, जिनमें से 12 उसके फोरहैंड पर आईं, कई बड़ी दूरी से चूक गईं। शुरुआती सेट के दूसरे गेम में, खिलाड़ी दो लंबी रैलियों में लगे रहे, जिसमें कई नेट रश, चक्करदार लोब और यहां तक कि एक ट्विनर भी शामिल था। वान डी जैंडस्कूल्प ने अल्काराज की सर्विस पर अपने पहले ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाया, ब्रेक को मजबूत किया और तेजी से 4-1 की बढ़त ले ली। वान डी जैंडस्कूल्प ने अपना धैर्य बनाए रखा और पहला सेट 6-1 से जीत लिया। अल्काराज ने दूसरे सेट की शुरुआत करने के लिए अपनी सर्विस बरकरार रखी।

### न्यूज़ीलैंड की डिवाइन महिला विश्व कप के बाद टी20 कप्तानी छोड़ेंगी



**ऑकलैंड, एजेंसी।** सोफी डिवाइन अपने काम के बोझ को संतुलित करने के लिए अक्टूबर में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के समापन के बाद टी20 कप्तान का पद छोड़ देंगी। हालांकि, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने शुक्रवार को कहा कि वह वनडे टीम की कमान संभालेंगी।

34 वर्षीय खिलाड़ी ने 56 टी20 में न्यूजीलैंड की महिलाओं का नेतृत्व किया है, जिसमें 25 जीत, 28 हार, 1 टाई शामिल है, एमी सैटरथवेट की जगह दोनों प्रारूपों में स्थायी भूमिका संभालने से पहले 2014-15 में कुछ मैचों में पहली बार टीम की कप्तानी की। मुझे दोनों प्रारूपों में व्हाइट फर्न्स की कप्तानी करने का सौभाग्य मिलने पर बहुत गर्व है।

कप्तानी के साथ एक अतिरिक्त कार्यभार भी आता है, जिसे निभाने में मुझे आनंद तो आता है, लेकिन कई बार यह चुनौतीपूर्ण भी हो जाता है। एनजेडसी ने डिवाइन के हवाले से कहा, टी20 कप्तानी से हटने से मेरी जिम्मेदारी थोड़ी कम हो जाएगी, इसलिए मैं अपनी भूमिका निभाने और भविष्य के कप्तानों को तैयार करने पर अपनी अधिक ऊर्जा केंद्रित कर सकती हूं। एनजेडसी ने कहा कि टी20 कप्तान के रूप में डिवाइन का स्थान कौन लेगा, इस पर निर्णय उचित समय पर किया जाएगा। पैर की चोट के पुनर्वास के लिए डिवाइन फिलहाल आराम की अवधि ले रही हैं।

# टीम इंडिया के लिए तीनों फॉर्मेट में खेला, फिर भी 10 मैच में ही खत्म हो गया करियर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में ऐसे कई क्रिकेटर रहे जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में बड़ा नाम कमाया, लेकिन इंटरनेशनल स्तर वो ज्यादा कमाल नहीं कर सके. इनमें से ही एक नाम है एस बद्रीनाथ. उन्होंने साल 2000 में घरेलू क्रिकेट में कदम रखा था. उसके बाद से ही वो एक बड़ा चेहरा रहे. तमिलनाडु के लिए खेलने वाले इस बल्लेबाज ने अपने फर्स्ट क्लास के करियर में 54 की औसत से 10 हजार से भी ज्यादा रन बनाए थे. हालांकि, भारत के लिए खेलते हुए उनका इंटरनेशनल करियर बहुत छोटा रहा. वो टीम इंडिया के लिए केवल 10 मैच ही खेल सके. 30 अगस्त को उनका जन्मदिन है. इस मौके पर आइये जानते हैं इस शानदार क्रिकेटर की कहानी.

### फर्स्ट क्लास में धमाल

एस बद्रीनाथ ने साल 2000 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलने शुरू किया था. उन्हें सॉलिड बैटिंग टेक्निक के लिए जाना जाता था. बद्रीनाथ फर्स्ट क्लास के शुरुआती 4-5 सालों में ज्यादा कमाल नहीं कर सके, लेकिन 2005-06 के सीजन से उन्होंने लगातार रन बनाना शुरू किया. इस सीजन में उन्होंने 80 की औसत से 636 रन ठोक दिए थे. 2006-07 के सीजन में 50 की औसत से 436 रन और 2007-08 के सीजन में 65 की औसत से 659 रन बनाए थे. बद्रीनाथ घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बना रहे थे, जिसका फल उन्हें मिला. पहले 2007 में इंडिया और 2008 में भारतीय टीम में जगह मिली.

### 3 साल का करियर

एस बद्रीनाथ भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में डेब्यू किया लेकिन उनका करियर ज्यादा लंबा नहीं रहा. उन्होंने टीम इंडिया के लिए 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच से इंटरनेशनल करियर की शुरुआत की थी. इस फॉर्मेट में वो केवल 7 मैच ही खेल सके, जिसमें उन्होंने महज 79 रन बनाए. इस दौरान उनका सवार्धिक स्कोर 27 रन रहा था. बद्रीनाथ ने



2010 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू भी किया, लेकिन महज 2 टेस्ट के बाद इसका भी अंत हो गया. 2 टेस्ट की 3 पारियों में उन्होंने 1 अर्धशतक की मदद से 63 रन बनाए. इसके अलावा उन्होंने इकलौता टी20 मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में खेला, जिसमें 43 रन बनाए थे. 2008 में इंटरनेशनल करियर शुरुआत करने वाले बद्रीनाथ ने 2011 में टीम इंडिया के लिए आखिरी मैच खेला था.

एस बद्रीनाथ ने 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से आईपीएल खेलना शुरू किया था. 6 सीजन यानी 2013 आईपीएल खेलने के बाद उन्होंने रिटायरमेंट ले लिया. इस दौरान उन्होंने 95 मैच में 118 की स्ट्राइक रेट से 1441 रन बनाए थे. वहीं धोनी की कप्तानी में 2010 और 2011 में ट्रॉफी जीतने में भी कामयाब रहे. बद्रीनाथ ने आईपीएल में सीएसके के अलावा कभी भी किसी और टीम का रुख नहीं किया. इस दौरान उन्हें पहले तीन सीजन में 12 लाख रुपए की सैलरी मिली.

# लॉर्ड्स टेस्ट में जो रूट ने लगाया शतक

## इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। गुरुवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पहले दिन इंग्लैंड से जो रूट ने अपने करियर का 33वां शतक लगा दिया। दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 7 विकेट खोकर 358 रन बना लिए। टीम से गस एटकिंसन फिफ्टी बनाकर मैथ्यू पॉट्स के साथ नॉटआउट रहे। श्रीलंका से मिलन रत्नायके, असिथा फर्नांडो और लहिरु कुमारा ने 2-2 विकेट लिए।

### रूट इंग्लैंड में टॉप रन स्कोरर बने

जो रूट ने पारी में 13वां रन लेते ही इंग्लैंड में 6500 टेस्ट रन पूरे कर लिए। वह अपना 77वां टेस्ट खेल रहे हैं और 134वीं पारी में ही उन्होंने 6500 रन पूरे कर लिए। रूट ने फिर अपने टेस्ट करियर की 33वीं सेंचुरी लगाकर इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी हासिल कर लिया।

रूट से पहले पूर्व इंग्लिश कप्तान एलेस्टेयर कुक ने 89 टेस्ट में 6568 रन बनाए थे। रूट के नाम अब 6629 रन हो चुके हैं। रूट के नाम इंग्लैंड में सबसे ज्यादा 20 टेस्ट शतक भी हैं। उनके बाद कुक, इयन बेल, ग्राहम गूच और केविन पीटरसन ने इंग्लैंड में 15-15 सेंचुरी लगाई हैं। रूट और कुक दोनों के नाम इंग्लैंड में 32-32 फिफ्टी हैं।

जो रूट ने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 62 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई थी।

### कुक के बराबर सेंचुरी भी लगाई

रूट ने श्रीलंका के खिलाफ शतक पूरा करते ही अपने टेस्ट करियर की 33वीं सेंचुरी लगा दी। इस मामले में उन्होंने कुक की ही बराबरी की, जिनके नाम 33 शतक ही हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के रिकॉर्ड में उनसे आगे अब भी 9 बैटर्स हैं। सचिन तेंदुलकर 51 सेंचुरी लगाकर इस मामले में टॉप पर हैं।



# सूर्यकुमार यादव के टी20 वर्ल्ड कप कैच पर फिर छिड़ा विवाद, अब इस अफ्रीकी स्टार ने उठाई आवाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीता था. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में सूर्यकुमार यादव ने एक शानदार कैच पकड़कर सारा खेल ही बदल दिया था. सूर्या ने मुकाबले के आखिरी ओवर में अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर का लॉन्ग ऑफ पर कैच लपका था, जब अफ्रीका को जीत के लिए 1 ओवर में सिर्फ 16 रनों की दरकार थी. इस कैच पर बाद में काफी विवाद देखने को मिला था. अब दक्षिण अफ्रीका के स्टार ने इस कैच पर अवाजा उठाते हुए नया विवाद खड़ा कर दिया.



दरअसल अफ्रीका के स्टार स्पिनर तबरेज शम्सी ने सोशल मीडिया के जरिए सूर्या के कैच को लेकर बात की. शम्सी ने एक वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, अगर उन्होंने वर्ल्ड कप फाइनल में कैच की जांच के लिए इस तरीके का इस्तेमाल किया होता तो शायद इसे नॉट आउट दिया जाता.

शम्सी ने जो वीडियो शेयर की, उसमें कुछ लोग लोकल क्रिकेट मैच खेलते हुए दिख रहे हैं. मैच में बाउंड्री लाइन पर एक कैच पकड़े जाने के बाद उसे अलग-अलग तरीकों से नापा जाता है.

शम्सी की पोस्ट वायरल होते ही लोग उन्हें ट्रोल करने लगे, जिसके बाद अफ्रीकी स्टार ने सफाई पेश करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक जोक था. उन्होंने सफाई देते हुए लिखा, अगर कुछ लोग यह नहीं समझते हैं कि यह एक मजाक है और कोई रो नहीं रहा है.

# भारत का चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आना तय

## सरहद पार से हुए बड़ा दावा!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जानी है. लंबे वक्त बाद टूर्नामेंट की वापसी हो रही है. टूर्नामेंट 19 फरवरी से 09 मार्च के बीच पाकिस्तान में खेला जाएगा. हालांकि टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिसतान का दौरा करेगी या नहीं, यह अभी एक सवाल बना हुआ है.

इसी बीच पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी राशिद लतीफ की तरफ से दावा करते हुए कहा गया कि टीम इंडिया का पाकिस्तान आना 50 फीसद तय हो गया. राशित लतीफ ने जय शाह के आईसीसी चेयरमैन बनने के बाद यह दावा किया. उन्होंने कहा कि जय शाह को आईसीसी चेयरमैन बनने में पाकिस्तान का भी सपोर्ट मिला है. अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए राशिद लतीफ ने कहा, अगर जय शाह निर्विरोध चुने गए हैं, तो इसका मतलब है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी सपोर्ट किया है. उन्होंने आगे कहा, 50 फीसद पक्का हो गया है कि टीम इंडिया पाकिस्तान आ रही है.

## सुरेश रैना ने बताई बड़ी वजह

# एमएस धोनी को IPL 2025 में खेलना चाहिए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना चाहते हैं कि एमएस धोनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में खेलें क्योंकि टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में उनकी बल्लेबाजी शानदार रही थी। आईपीएल 2024 के ओपनर मुकाबले से पहले कप्तानी छोड़ने वाले धोनी को आईपीएल 2024 में फिनिशर के तौर पर खेला गया था, जहां उन्होंने 14 मैचों में 220.25 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए थे और उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 37 रन था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल 2024 के ओपनर मुकाबले से पहले रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई स्थित फ्रेंचाइजी का नया कप्तान नियुक्त किया गया था। रैना ने स्पोर्ट्स तक से कहा, मैं चाहता हूं कि एमएस धोनी आईपीएल 2025 में खेलें, क्योंकि पिछले साल उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की थी। मुझे लगता है कि रुतुराज गायकवाड़ को एक और साल की जरूरत है, जिस तरह से उन्होंने कप्तानी की और आरसीबी से हार के बाद बहुत सी बातें कही गईं। हालांकि, रुतुराज ने शानदार प्रदर्शन किया है।

आईपीएल 2024 में सीएसके की हार के बाद कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि बतौर खिलाड़ी एमएस धोनी का यह आखिरी आईपीएल होगा, लेकिन भारत के पूर्व कप्तान ने अभी तक कुछ भी नहीं कहा है। इस महीने की शुरुआत में हैदराबाद में एक कार्यक्रम में धोनी ने कहा था कि नए नियमों और विनियमों की घोषणा के बाद वह अपने आईपीएल करियर पर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा, इसके लिए अभी बहुत समय है।

हमें देखना होगा कि वे खिलाड़ी को बनाए रखने आदि पर क्या निर्णय लेते हैं। अभी गेंद हमारे पाले में नहीं है। इसलिए, एक बार नियम और विनियम औपचारिक हो जाने के बाद मैं फैसला लूंगा, लेकिन यह टीम के सर्वोत्तम हित में होना चाहिए।

# 17 साल की शीतल देवी का शानदार डेब्यू, एक दिन में 2 वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर जगाई गोल्ड की उम्मीद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की 17 साल की तीरंदाज शीतल देवी ने गुरुवार को पैरालंपिक खेलों में डेब्यू किया। एशियन गेम्स में देश के लिए गोल्ड जीतने वाली शीतल देवी से पैरालंपिक में भी गोल्ड मेडल की ही उम्मीदें हैं। बिना हाथ वाली इस तीरंदाज ने पहले ही दिन खुद को एक नहीं दो-दो गोल्ड मेडल का दावेदार साबित कर दिया।

### शीतल देवी का रैंकिंग राउंड में कमाल

शीतल देवी कंपाउंड आर्चरी के रैंकिंग राउंड में उतरी। इसी राउंड के आधार पर ड्रॉ तय होते हैं। शीतल देवी ने रैंकिंग राउंड में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 720 में से 703 अंक हासिल किए। 59 बार उनका लक्ष्य 10 पर लगा वहीं 29 बार लक्ष्य एक्स पर लगा।

### शीतल देवी ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटा

शीतल देवी ने 703 अंक हासिल करके वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया था। 2021 में टोक्यो में ब्रिटेन की स्टेटन जेसिका ने 694 अंक हासिल कर पैरालंपिक रिकॉर्ड बनाया था। शीतल देवी ने 703 से के साथ यह रिकॉर्ड तोड़ा। हालांकि इसी के कुछ समय बाद रैंकिंग राउंड में ही तुर्की की ओज्जुर ने 704 अंक हासिल किए और शीतल देवी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिए।

दूसरे स्थान पर रहने के कारण शीतल देवी ने सीधा राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालिफाई किया। उन्हें शुरुआती राउंड खेलने की जरूरत नहीं होगी। भारत की सरिता नौवें स्थान पर रहीं। इसी कारण शीतल देवी ने मिक्स्ड टीम के लिए क्वालिफाई किया। शीतल देवी मिक्स्ड टीम में राकेश कुमार के साथ उतरेंगी। शीतल देवी और राकेश कुमार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। मिक्स्ड टीम की रैंकिंग के लिए हर देश के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरुष तीरंदाज के स्कोर जोड़ा जाता है।

# फेसर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत


मृतक की पत्नी

निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

औरंगाबाद के गया-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के फेसर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक औरंगाबाद के गया-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के फेसर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। मृतक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के मनोरथा गांव निवासी करधनी रजक के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि करधनी रजक अपनी पत्नी के साथ गया के एक निजी अस्पताल में दवा कराने के लिए जा रहे थे। फेसर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर गया जाने के लिए वे टिकट कटाकर प्लेटफार्म के सहारे पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। हादसे में मृतक का शव क्षत-विक्षत हो गया। घटना के बाद पत्नी के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को दी। सूचना पर जीआरपी पुलिस पहुंची और फेसर पुलिस से संपर्क कर शव हवाले करा दिया। इधर घटना की सूचना पर परिजन पहुंचे और चीत्कार उठें।

### परिजनों ने रेल प्रशासन से मुआवजे की मांग की

फेसर थाना की पुलिस ने परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक की तीन बेटी व एक बेटा है। बेटा अरविंद कुमार दूसरे प्रदेश में रहकर प्राइवेट जॉब करता है। घटना के बाद से परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने रेल प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजें की मांग की है।

## करंट के चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत परिजनों ने की मुआवजे की मांग



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज प्रखंड के कोटवारा गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर बधार के समीप खेत में काम करने के दौरान करंट लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग की है। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोटवारा गांव निवासी भुनेश्वर विश्कर्मा (60) की मौत हो गई। करंट लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बिजली विभाग को फोन कर बिजली करवाई। लेकिन, तब-तक भुवनेश्वर की मौत हो चुकी थी। मृतक के परिजन ने बताया कि घर से सुबह 10 बजे के आसपास खाना खाकर खेत मे खाद डालने गए थे। कुछ देर बाद इनकी मौत की जानकारी मिली। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज अंचलाधिकारी भारतेन्दु सिंह, रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली अपने दल बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार की दोपहर करीब 3 बजे के भेजा। परिजन भतीजा प्रदीप कुमार और राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि तार काफी नीचे था।

## नहर में डूबकर व्यक्ति की मौत



निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

बंदेया थाना क्षेत्र के बक्सर गांव में नहर में डूबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक बक्सर गांव निवासी 55 वर्षीय विश्वनाथ यादव है। मृतक की पत्नी कलावती देवी ने कहा कि देर शाम मवेशी लेकर गांव की ओर गए थे। लौटने के क्रम में नहर में वे फिसलकर गिर गए। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने परिजनों को दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो बेटे और एक बेटी है। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। विश्वनाथ यादव की मौत की खबर सुनते हैं मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। बंदेया थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि नहर में डूबने से एक 55 वर्षीय वृद्ध की मौत हुई है। पुलिस पोस्टमॉर्टम करा कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मृतक के आश्रितों को बिहार सरकार से मुआवजा की मांग की है। गोह अंचलाधिकारी सोनम यादव ने बताया कि पोस्टमॉर्टम और कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने पर मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

## न्यूज बाइट्स

### बिजली तार के चपेट मे आने से युवक की हालत गंभीर, गया रेफर

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के पशु मेला के पास के निवासी स्व. रामबली विश्वकर्मा का 35 वर्षीय पुत्र जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा सब्जी मंडी में एक दुकान के पास कऱकट का छजा लगा रहा था। इसी दौरान पास से गुजरे हाई वोल्टेज बिजली तार के चपेट मे आने से वह बुरी तरह झुलस गया।

### बीमा कंपनी ने दिया 11.4 लाख का मुआवजा

**औरंगाबाद (का.सं.)।** 16 साल पहले पति की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मामले में मुआवजा को लेकर हादसे के बाद से कोर्ट में मुआवजा को लेकर मुकदमा चल रहा था। बीमा कंपनी अधिक मुआवजा नही देना चाह रही थी। थक हारकर पीड़िता ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत की शरण ली। इसके बाद 13 जुलाई को औरंगाबाद में लगे राष्ट्रीय लोग अदालत में बीमा कंपनी और मृतक की पत्नी के बाद समझौता हुआ। समझौते के बाद बीमा कंपनी ने डीएलएसए को मुआवजा की राशि का चेक प्रदान किया। इसके बाद शुक्रवार को औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने शहर के क्लब रोड निवासी मृतक रत्नेश कुमार की पत्नी अंजू कुंवर को 11.4 लाख की मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया।

### डैम में नहाने के दौरान किशोर लापता

**रफीगंज (औरंगाबाद ) (का.सं.)।** कासमा थाना क्षेत्र के देवकुली गांव के समीप डैम में शहर के पाल मुहल्ला के चार दोस्त साथ में नहाने गए थे। इसमें एक किशोर डूब गया है। लापता किशोर प्रवीण कुमार पाल का 14 वर्षीय बेटा प्रियांशु कुमार है। किशोर के पिता दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। फिलहाल, गोताखोर की टीम किशोर की तलाश कर रही है। घटना के संबंध में किशोर के चाचा अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे के आसपास प्रियांशु घर से खाना खाकर बगल के ही कारू कुमार, अंकित कुमार और कुणाल कुमार के साथ बाहर निकाला।

## सैय्यदना पाक का 506वां उर्स 5-6 सितम्बर को, तैयारी तेज



निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा के अमझरशरीफ में हर साल लगने वाले सालाना उर्स मेले की तैयारी तेज हो गई है। अमझरशरीफ के खानकाह मुहम्मदिया कादरिया के 13वें सज्जादानशीं हजरत सैय्यद शाह हसनैन कादरी ने बताया कि इस साल उर्स 5 व 6 सितम्बर को मनाया जाएगा। उर्स में 5 सितम्बर को 6:30 बजे शाम में सैय्यदना पाक के मजार पर चादरपोशी की जाएगी। इसके बाद रात्रि में जलसा का प्रोग्राम होगा। जलसे में शायरे हिंदुस्तान आल्हाज हबीबउल्लाह फैज़ी, शायरे इस्लाम अख्तर परवाज़ हबीबी एवं मौकारीर ख़ातिबे हिंदुस्तान मौलाना नुमान अख्तर फायकुल जमाली शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के खास मेहमान बांका जिले के खानकाह पीरे तरीकत हज़रत मौलाना मुफ़्ती सैय्यद शहीद रज़ा रहमानी होंगे। वहीं 6 सितम्बर को अहले सुबह कुरान खानी और कुल फातिया डेग होगा। इसके बाद सुबह 6:00 बजे से 11: 30 बजे तक औरतों को जेयारत कराई जाएगी। इसके बाद मर्दों की जेयारत कराई जाएगी। रात्रि में नमाज ऐशा के बाद खानकाह में जलसा का प्रोग्राम किया जाएगा। कहा कि देश-विदेश से आने वाले जायरीन के लिए रहने-खाने की व्यवस्था खानकाह के द्वारा की जाती है। उर्स की सारी तैयारी चल रही है। गौरतलब है कि अमझरशरीफ में सालाना लगने वाले उर्स मेले में उड़ीसा, बंगाल, झारखंड सहित पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल से भी जायरीन आते हैं।

## महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा आयोजित 'सखी वार्ता' का सफल आयोजन

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



महिला एवं बाल विकास निगम, औरंगाबाद ने शुक्रवार को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'सखी वार्ता' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राजीव रंजन, जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम, मिथलेश कुमार, जिला मिशन समन्वयक, डीएचईडब्लू, और विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन सिंह, शिक्षिका स्वेता शुभम और शोमा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला परियोजना प्रबंधक राजीव रंजन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को अपने साथ होने वाली हिंसा को पहचानने और रोकने के लिए जागरूक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं, जिनमें 'सखी वन स्टॉप सेंटर' और 'जिला हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन' शामिल हैं। इन केंद्रों से महिलाएं और बालिकाएं जरूरत के समय सहयोग प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने 'सखी वन स्टॉप सेंटर' का मोबाइल नंबर 9771468003, महिला हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 181 और आपातकालीन हेल्पलाइन 112 के उपयोग की जानकारी दी।

राजीव रंजन ने उपस्थित लोगों को यह भी बताया कि सभी पुलिस थानों में महिला हेल्प डेस्क संचालित है और पुलिस अधिकारी किसी भी सहायता के लिए तत्पर हैं। साथ ही, साईबर थाना की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों के सही लालन-पालन और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि बेटा-बेटी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए, दोनों को समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने बाल विवाह की समस्या पर भी चर्चा की और बताया कि बेटियों की शादी 18 वर्ष की आयु के बाद और लड़कों की शादी 21 वर्ष के बाद करनी चाहिए। जिला मिशन समन्वयक ने महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और 'मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना' के बारे में उपस्थित छात्राओं को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका शोमा सिंह, स्वेता शुभम, और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ छात्राएं जैसे अंजली, खुशबू, काजल, शिल्पी, डौली, रेशमी, निशा, रिंकू, गुड़िया, पायल, छोटी, कंचन, कोमल, पूनम और दसवीं की छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम ने न केवल महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं और उपलब्ध संसाधनों के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

## अनुग्रह स्कूल के सीनियर बच्चों के बीच चेयरमैन ने बांटे एफएलएन किट



कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच राज्य सरकार द्वारा आपूर्ति किए गए एफएलएन किट को विद्यालय के सभा कक्ष में समारोह आयोजित कर वितरित किया गया। किट वितरण समारोह की अध्यक्षता विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं स्थानीय वार्ड के पार्षद अशोक कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद के चेयरमैन उदय गुप्ता, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, विद्यालय के अध्यक्ष अशोक सिंह, अध्यक्ष मुकेश गुप्ता एवं विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंहबने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। सभी आए अतिथियों ने वर्ग छह से आठ में पढ़ रहे सभी बच्चों के बीच राज्य सरकार से प्राप्त फाउंडेशनल लिटरेसी किट को वितरित किया एवं राज्य सरकार के इस दूरगामी कदम को सराहा। चेयरमैन उदय गुप्ता एवं चेयरमैन सतीश कुमार सिंह ने बच्चों के बीच प्रभावी पठन पाठन के लिए शिक्षकों को टीएलएम का वर्गकक्ष में प्रयोग करने का सुझाव दिया।

## सिन्हा कॉलेज में पोस्ट हार्वेस्टिंग टेक्नोलॉजी पर एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए सेमिनार का आयोजन

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग में 'पोस्ट हार्वेस्टिंग टेक्नोलॉजी इन फिश' विषय पर एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2021-23 के छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीकों और उत्पादन के बाद की प्रक्रियाओं के बारे में गहराई से जानकारी देना था। सेमिनार में न्यायमूर्ति के रूप में किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, डॉ. अभिजीत घोष, और जंतु विज्ञान विभाग के विशेषज्ञ, डॉ. आर. के. बरियार ने भाग लिया। उन्होंने छात्रों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया और उन्हें महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

सेमिनार में संदीप कुमार, हिना मुस्तफा, प्रिंस प्रियदर्शनी, सीमा और सब्रा ने पावर पॉइंट के माध्यम से अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में मत्स्य पालन में नई तकनीकों के उपयोग, मछली उत्पादों का संरक्षण, और उत्पादन के बाद की प्रक्रियाओं को और भी प्रभावी बनाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम छात्रों में अध्ययन के प्रति जागरूकता और प्रेरणा बढ़ाते हैं। उन्होंने विभागाध्यक्ष मोहम्मद मसूद आलम से आग्रह किया कि इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं ताकि छात्रों को नवीनतम ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके।

डॉ. मिश्रा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस सेमिनार को उनके शैक्षणिक जीवन में एक महत्वपूर्ण अनुभव बताया। सेमिनार का आयोजन एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर की फाइनल प्रायोगिक परीक्षा के बाद किया गया था, और इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विभागाध्यक्ष मोहम्मद मसूद आलम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन भी दिया। इस सेमिनार में कॉलेज के अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों जैसे राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रेम शंकर गोंड, जंतु विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार (मगध विश्वविद्यालय, बोधगया) समेत सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने इस कार्यक्रम को एक ज्ञानवर्धक अनुभव बताया और इसके सफल आयोजन की सराहना की। कुलमिलाकर, सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित यह सेमिनार छात्रों के शैक्षणिक विकास में एक प्रेरणादायक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय खेल दिवस

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)** । औरंगाबाद के रफीगंज के अरथुआ स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर स्टूडेंट्स, टीचर्स और कर्मचारियों के बीच खेल भावना तथा फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए कई खेलों का आयोजन किया गया।समारोह में कॉलेज के सभी विभागों ने उत्साह के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि, खेल प्रभारी प्रो. राकेश कुमार सिंहा और प्रो. ओम प्रकाश वत्स एवं अन्य संकाय सदस्यों संयुक्त रूप से किया।

## धान अधिप्राप्ति में गबन के मामले में एक गिरफ्तार

- फेसर पैक्स के प्रबंधक प्रदीप कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जबकि समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिलान्तर्गत खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2023-24 के दौरान धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। विभिन्न समितियों द्वारा सरकारी धन से धान की खरीद की गई थी, जिसमें फेसर पैक्स, प्रखंड औरंगाबाद ने 1299.400 एमटी धान का क्रय किया था। इस धान में से 405.600 एमटी धान मिल को कुटाई के लिए भेजा गया, जिसके बाद शत-प्रतिशत चावल को राज्य खाद्य निगम को लौटाया जाना था। लेकिन, समिति के पदाधिकारियों ने 893.800 एमटी धान का गबन कर लिया। जांच के दौरान यह पाया गया कि समिति के पदधारकों ने अभिलेखीय जालसाजी कर धान के स्टॉक में गड़बड़ी की। कागजी तौर पर और ऑनलाइन पोर्टल पर गलत स्टॉक दिखाया गया। इस पूरे प्रकरण में सरकारी धन और खाद्यान्न का गबन, सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करना, धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में फेसर थाना में 7 अगस्त 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें 1,97,35,104 रुपये की कुल सन्निहित राशि का मामला था।

प्राथमिकी दर्ज होने के 24 दिनों के भीतर ही फेसर पैक्स, प्रखंड औरंगाबाद के प्रबंधक प्रदीप कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह अभी भी फरार हैं। इस मामले में कार्यकारिणी सदस्यों को भी अभियुक्त बनाया गया है, क्योंकि उनके देख-रेख में ही समिति का कार्य संपादित होता है। इसी तरह, दो दिन पूर्व जम्होर पैक्स, प्रखंड औरंगाबाद के प्रबंधक राजीव कुमार को भी इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। इस कार्रवाई के आलोक में, औरंगाबाद जिले के उन सभी पैक्स को निर्देश दिया गया है जिन्होंने अब तक अपना सीएमआर जमा नहीं किया है, कि वे 31 अगस्त 2024 की अंतिम विस्तारित तिथि तक शेष बचे सीएमआर को राज्य खाद्य निगम को जरूर जमा करें। अन्यथा, उनके खिलाफ भी धान के गबन का मामला दर्ज किया जाएगा। चावल जमा नहीं करने वाले पैक्स अध्यक्ष और कार्यकारिणी के सदस्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी और गिरफ्तारी की कार्रवाई युद्धस्तर पर जारी है।

बिहार सरकार
बिहार सरकार
उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग

फसलोपरांत प्रबंधन की विभिन्न योजनाएं

| क्र. सं. | अवयव | इकाई | सहायतानुदान |
|---|---|---|---|
| 1. | सोलर माइक्रो कूल चैम्बर (10 एम. टी.) | 25 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 2. | राईपेनिंग चैम्बर | 1 लाख प्रति मेट्रिक टन | 35% |
| 3. | रेफ्रीजरेटेड भान | 26 लाख प्रति इकाई | 35% |
| 4. | ए. सी. रिटेल आउटलेट | 15 लाख प्रति इकाई | 35% |
| 5. | शीतगृहों पर सौर्य ऊर्जा की स्थापना | 35 लाख प्रति इकाई | 50% |



ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ है
अधिक जानकारी के लिए https://horticulture.bihar.gov.in/ पर जाएं
PR No.- 007270 (Agriculture)D: 2024-25